RNI: Reg. No. MPHIN/2021/82530

Black Bichhoo

# दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

समूह सम्पादक रविन्द सिंह पवैया

खबरें बेबाक, बेखौफ, बिंदास

9644811407, 81020205990
Hindustannews404@gmail.com
www.kesariyahindustan.com
Denik Kesariya Hindustan
Denik_kesariyahindustan
@KESARIYAHINDUSTAN

ग्वालियर, भोपाल, इंदौर, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, हरियाणा दिल्ली से एक साथ प्रसारित

वर्ष 4 अंक : 164 | ग्वालियर शुक्रवार 24 जनवरी 2025 | पृष्ठ 8+4 मूल्य 2 रुपए

## खून पसीने की कमाई पाने के लिए जद्दोजहद कर रहे मजदूर, मजदूरी का पैसा नहीं मिलने से नाराज मजदूरों ने की हड़ताल

केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव



एटा जनपद के मलावन थाना क्षेत्र स्थित जवाहर तापीय परियोजना में कार्यरत सैकड़ों मजदूरों ने महीनों से मजदूरी का पैसा नहीं मिलने से नाराज होकर हड़ताल कर दी और कार्यदाई संस्थाओं के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए विरोध जताया है।हजारों करोड़ रुपए की लागत से निर्माणाधीन पावर प्रोजेक्ट में कार्यरत विभिन्न कंपनियों के मजदूरों ने एक साथ हड़ताल कर दी है ।मजदूरों का कहना है कि कई महीनों से मजदूरी की रकम का भुगतान नहीं किया जा रहा है।जिससे जीवन गुजारा करने में कठिनाइयां खड़ी हो गई हैं।गुस्साए मजदूरों ने हड़ताल करते हुए वेतन भुगतान करने की मांग शुरू कर दी है।सैकड़ों मजदूर हड़ताल पर बैठ गए हैं।करीब दो घंटे तक मजदूर हड़ताल पर बैठे रहे वही जवाहर तापीय परियोजना के बड़े अधिकारियों के समझाने बुझाने पर मजदूर मान गए गए है।करीब 150 मजदूरों ने एक साथ स्ट्राइक कर दी।हड़ताल करने वाले सभी मजदूर सोनी कंपनी के बताए जा रहे है और वर्षों से इसी तापीय परियोजना पावर प्रोजेक्ट में कार्यरत है।मजदूरों के भुगतान की समस्या पूर्व में बनी रही आए दिन मजदूर वेतन पाने के लिए कंपनियों के बड़े अधिकारियों से जद्दोजहद करते रहते हैं।पूर्व में भी जिला प्रशासन से मजदूर शिकायत दर्ज करवा चुके हैं।प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद पूर्व में भी कई बार भुगतान किया गया है।हालांकि आज कंपनी के बड़े अधिकारियों के समझाने बुझाने के बाद मजदूरों ने हड़ताल समाप्त कर दी है।

## मेलाधिकारी ने मीडिया कैंप का निरीक्षण कर कार्यों की समीक्षा की, शेष कार्य जल्द पूर्ण करने के लिये कार्यदायी संस्था को दिये निर्देश

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
प्रयागराज शनि कुमार यादव



महाकुंभ 2025 के अंतर्गत स्थापित मीडिया कैंप का आज मेलाधिकारी श्री विजय किरन आनंद ने निरीक्षण किया। उन्होंने अब तक पूरे हुए कार्यों पर संतोष प्रकट करते हुए शेष कार्यों को शीघ्रता से पूरा करने के लिये कार्यदायी संस्था को सख्त निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मेलाधिकारी ने खड़ंजा निर्माण हेतु ईंटों की आपूर्ति सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इस संबंध में उन्होंने अधिकारियों से फोन पर संवाद कर कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही निर्माण कार्यों व सफाई, पानी, सीवर आदि व्यवस्थाओं सहित अन्य कार्यों को समयबद्ध रूप से पूरा करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि महाकुंभ जैसा दिव्य आयोजन मीडिया के माध्यम से ही जन-जन तक पहुंचेगा। इसलिए मीडिया कैंप की सभी व्यवस्थाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने अधिकारियों को आयोजन से जुड़े हर कार्य में गुणवत्ता और समयबद्धता का पालन सुनिश्चित करने के निर्देष दियें। इस अवसर पर सूचना विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## पुण्यतिथि पर वृद्धाश्रम और गणेश मंदिर पहुंच किया भोजन वितरण



नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

सीहोर । स्वर्गीय शंकरलाल राठौर की पुण्यतिथि पर वृद्ध आश्रम और गणेश मंदिर में भोजन वितरण किया गया । रात 8 बजे निज निवास पर हनुमान जी का पाठ किया गया तथा समस्त सेमलिया राठौर परिवार और मकरैया परिवार ने स्वर्गीय शंकर लाल राठौर की पुण्यतिथि को एक यादगार दिन बनाया । इस मौके पर उनके पारिवारिक सदस्य गौरव सन्नी महाजन उपस्थित रहे ।

## साइको है बलरामपुर जेल में बंद गैंगस्टर ललित कौशिक

### पत्नी की पिटाई करते गैंगस्टर का वीडियो हुआ था वायरल

### संग्रह अमीन से लेकर गैंगस्टर बनने तक की धोखाधड़ी से भरपूर है ललित कौशिक की कहानी

**मुरादाबाद।** बलरामपुर जेल में बंद गैंगस्टर ललित कौशिक जहां एक हार्डकोर क्रिमिनल के रूप में कुख्यात है, वहीं उसका अपराधिक जीवन का सफर बड़ा ही सनसनीखेज रहा है। दरअसल इस शातिर अपराधी ने जिसका साथ पकड़ा, उसी को धोखा दिया, उसी की गर्दन काटी। मूल रूप से मुरादाबाद के मूंढापांडे थाना क्षेत्र के गांव अक्का डिलारी का रहने वाला ललित कौशिक 1993 से 2002 तक तहसील में मामूली सीजनल संग्रह अमीन था। इसके बाद उसने शहर में डिश केबल का काम शुरू कर दिया और एमडीए की दीनदयाल नगर कॉलोनी में रहने लगा। इसी दौरान ललित कौशिक ने अपराध की दुनिया में छाए योगेंद्र उर्फ भूरा की सरपरस्ती में अपराध की दुनिया में कदम रखा और अपने मास्टरमाइंड साथी कमलवीर के साथ एक के बाद एक ताबड़तोड़ कई अपराधी घटनाओं को अंजाम दिया। इन दोनों गैंगस्टरों की अपराधिक शैली इतनी नायाब रही, कि कई घटनाओं में नाम उछलने के बावजूद उनका बाल भी बांका ना हुआ। एक के बाद एक कई वारदातों में नाम आने के बाद पश्चिम यूपी में उसका दबदबा बन गया। इसके साथ ही




उसने एक राजनीतिक पार्टी का चोला भी ओढ़ लिया। सूत्रों का कहना है कि निचले स्तर के पुलिस कर्मियों में उसका नेटवर्क इतना जबरदस्त था, कि वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा अपने ऊपर की जाने वाली किसी भी कारवाई की सूचना समय रहते उसके पास पहुंच जाती थी। और वह अपने राजनीतिक संबंधों का इस्तेमाल कर हर बार पुलिसिया कार्रवाई को ठेंगा दिखा देता था। अपनी दहशत के बल पर जहां उसने अपने अपराधिक गुरु भूरा को उसी के शागिर्द सुमित से भरी अदालत के अंदर ठिकाने लगवाया, वहीं सुमित का जेल से फरार होने के बाद कोई अता-पता नहीं है। सुमित जीवित है या नहीं, यह राज भी गैंगस्टर ललित कौशिक के पेट में दफन बताया जाता है।

**बिजनेसमैन की ली थी सुपारी :** ललित कौशिक ने शहर के बड़े बिजनेसमैन और आहूजा ग्रुप के एमडी मनोज आहूजा की भी एक करोड़ रुपये में सुपारी ले ली थी। इस मामले में कौशिक के रिश्ते में लगने वाला साला और शार्प शूटर केशव सरन शर्मा अरेस्ट हुआ था। कौशिक की योजना आहूजा को मारकर करीब 200 करोड़ रुपये के पीएमएस स्कूल पर कब्जे की थी।

**परले दर्जे का अय्याश और सेक्स मनोरोगी है गैंगस्टर ललित कौशिक :** गैंग के सूत्रों के मुताबिक गैंगस्टर ललित कौशिक परले दर्जे का अय्याश और सेक्स मनोरोगी है। अपने केबल नेटवर्क में काम करने वाली लड़कियों के अलावा अनगिनत लड़कियों के साथ ललित कौशिक और कमल वीर ने यौन शोषण को अंजाम दिया। सूत्रों के मुताबिक महिलाओं को यौन शोषण के दौरान असहनीय पीड़ा पहुंचाने में दोनों गैंगस्टर एक दूसरे से आगे थे। इसी दौरान दोनों बदमाश युवतियों और महिलाओं का वीडियो भी बनाते थे। ताकि वह उनके चंगुल से ना निकल पाएं। जिन युवतियों व महिलाओं ने इनकी असहनीय यातनाओं से तंग आकर इनकी हरकतों को सार्वजनिक करने का प्रयास किया, फिर उनका कुछ पता नहीं चला। या तो डरा धमका कर उनका मुंह बंद कर दिया गया, या फिर उन्हें शहर में देखा ही नहीं गया। ललित कौशिक का एक वीडियो भी लगभग 1 वर्ष पूर्व वायरल हुआ था जिसमें वह अपनी पत्नी की पिटाई करते हुए देखा गया था। सूत्रों के मुताबिक ललित कौशिक सेक्स मनोरोगी है और मेरठ के एक चिकित्सक से अपना इलाज कराया करता था। जेल की सलाखों के पीछे भी उसकी हालत ज्यादा बढ़िया न होने की चर्चा आम है।

## जन्मदिन पर गोसेवक शिबू भदौरिया ने गौशाला को दिया 15 हजार का दान





### मां गायत्री गौशाला संचालक संतोष चौहान को स्वैच्छिक दान राशि भेंट कर लिया आशीर्वाद

### गौरक्षक संतोष चौहान की प्रेरणा से कई वर्षों से करते गौसेवा

लहार नगर के गौरक्षक शिबू भदौरिया ने अपने जन्मदिन के अवसर पर मां गायत्री गौशाला संचालक संतोष सिंह चौहान को गौमाता की सेवा एवं गौ शाला की व्यवस्था हेतु 15, हजार रुपए का दिल खोलकर दान दिया साथ ही गौरक्षक शिबू भदौरिया ने कहा की धर्म की मुल आधार गौमाता के हर तरफ दुर्दशा के दुखद हालात देखने को मिल रहे हैं परब्रह्म परमात्मा की भी आराध्य सर्व देवो की प्रत्यक्ष स्वरूप गौमाता की अंनदेखी कर लोग देवो की कृपा प्राप्त करने के लिए अनेकों तरह के धार्मिक कार्यक्रम करते रहते है यदि हम धार्मिक आयोजनो के साथ साथ गौमाता की सेवा रक्षा सुरक्षा भी करे तो निश्चित ही हमारे ऊपर देवो की आपार कृपा बरसेगी हमारे सनातन धर्म में बिना गौमाता के न कोई संस्कार पुरा होता है और न कोई कर्मकांड अनुष्ठान, इसलिए जीवन में मुक्ति मोक्ष की दाता गौमाता की यथासंभव सेवा अवश्य करें यहां वता दे की गौरक्षक संतोष चौहान से गौसेवा की प्रेरणा लेकर विगत कई वर्षों से शिबू भदौरिया अपने साथियों सहित जमीनी स्तर पर गौमाता की सेवा में पुरी तन्मयता से जुटे रहते हैं

## भाई ने बहन के प्रेमी को मार डाला दोनों हैं दोस्त साथ में शराब पी फिर गला रेता

### प्राइवेट पार्ट भी काटा, पत्थर से भी कुचला

केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता
वीरू गौतम



**पीलीभीत।** बीसलपुर थाना क्षेत्र ग्राम मीरपुर निवासी मुजम्मिल को उसी के दोस्त ने बड़ी बहेरमी से मार डाला बीसलपुर पुलिस ने दो आरोपियों अरहान और गुड्डू को गिरफ्तार किया पुलिस ने दोनों आरोपियों से पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने शव को बरेली से बरामद कर लिया गिरफ्तार आरोपियों में एक मृतक के प्रेमिका का भाई है पुलिस को आरोपी ने बताया कि मृतक मुजम्मिल का उसकी बहन से उसका प्रेम संबंध था उसने कई बार बहन से मिलने से मना किया लेकिन मुजम्मिल नहीं माना

इसके बाद मजबूरी में उसकी हत्या करके शव को बरेली के इज्जतनगर में झाड़ियां में फेंक दिया बीसलपुर के सीओ प्रतीक दहिया ने बताया कि सोमवार को मुजम्मिल के पिता समसुद्दीन ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी जिसके बाद पुलिस ने मुजम्मिल की तलाश शुरू की पुलिस ने इस मामले में अरहान और गुड्डू को गिरफ्तार किया सीओ ने बताया कि अरहान की बहन से मुजम्मिल के प्रेम संबंध थे जिसका अरहान ने विरोध किया था लेकिन मुजम्मिल ने उसकी बहन से मिलना जुलना और बातचीत करना बंद नहीं किया जिसकी वजह से अराहन अपने दोस्त गुड्डू के साथ मिलकर मुजम्मिल को मार डाला

हत्यारोपी ने कहा तुम मेरी बहन को भूल जाओ दरअसल मुजम्मिल की हत्यारोपी से अच्छी दोस्ती थी मुजम्मिल अपने दोस्त के घर पर आना जाना था इस बीच मुजम्मिल को अपने दोस्त की बहन से मोहब्बत हो गई मुजम्मिल की करीब 2 साल से अपने दोस्त की बहन से बातचीत चल रही थी दोनों चोरी चुपके एक दूसरे से मिलने भी आते थे जब इसकी जानकारी अरहान को हुई तो उसने मुजम्मिल से कहा कि तुम मेरी बहन को भूल जाओ लेकिन मुजम्मिल दोस्त की बहन से बहुत ज्यादा मोहब्बत करता था इसलिए उसने दोस्त की बहन से मिलना बंद नहीं किया इसी से उसकी हत्या कर दी

**शराब पीकर घूमते रहे फिर कर दी हत्या :** आरोपियों ने पुलिस को बताया कि हमने फोन करके मुजम्मिल को बुलाया उसके बाद उसे शराब पिलाई फिर कार में घुमाया जिसके बाद धारदार हथियार से पहले मुजम्मिल का गला रेता,फिर उसका प्राइवेट पार्ट भी काट दिया पीलीभीत के बीसलपुर थाने की पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ की तो उसने सारा सच कबूल दिया हत्या के बाद उसकी लाश को कार से बरेली तक लाए और इज्जत नगर के इलाकों में झाड़ियो में फेंक दिया

**सुपुर्दे खाक में सैकड़ो लोग पहुंचे :** पोस्टमार्टम के बाद परिजन उसके शव को लेकर गांव चले आए जहां पर उसको सुपुर्दे खाक किया गयामुजम्मिल के सुपुर्दे खाक में सैकड़ो लोग पहुंचे वही उसकी मौत के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है

## बाबू सिंह कुशवाहा भाईचारा बनाओ यात्रा लेकर पहुंचे बाँदा

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से
राधेश्याम गुप्ता



**बांदा।** जन अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व जौनपुर से सांसद बाबू सिंह कुशवाहा जनपद में भाईचारा बनाओ यात्रा लेकर बाँदा पहुंचे जगह जगह यात्रा का कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वागत किया गया । बाबू सिंह ने बताया कि इस यात्रा की शुरुआत बुंदेलखंड प्रांत के झांसी जिले से शुरू की गई थी।जो आज चित्रकूटधाम मंडल के महोबा हमीरपुर होते हुए बांदा पहुंची है। यात्रा का उद्देश्य संविधान को मजबूती देना है। शहर के बाबूलाल चौराहे पर भाईचारा बनाओ यात्रा का भव्य स्वागत समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता शेखर शर्मा के द्वारा किया गया जय अखिलेश जय बाबूसिंह के नारों की गूंज रही।यात्रा को संबोधित करते हुए सपा नेता शेखर शर्मा ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में भाई चारे को मजबूत करना बहुत जरूरी है। उत्तर प्रदेश में हिन्दू मुस्लिम समुदाय के बीच में बीजेपी ने जो खाई पैदा कर माहौल को खराब करने के प्रयास किये हैं। इसको खत्म करना बहुत जरूरी है। लोगो को जागरूक करना होगा।यात्रा के स्वागत में विकल्प शर्मा,हनुमान दास राजपूत, इरफान रेनु, सन्ने, दीपक त्रिपाठी, महेश शुक्ला, नीरज राजपूत के अलावा राष्ट्रीय महासचिव संतोष देवी लोधी,प्रदेश महासचिव किरण कुशवाहा,राष्ट्रीय महासचिव लखन राज पासी,आदि मौजूद रहें।

## शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ग्वालियर में गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह के लिए प्रस्तुतियों का चयन सम्पन्न

### चार विद्यालय देंगे प्रस्तुति

**ग्वालियर/** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ग्वालियर में एस ए एफ ग्राउंड कंपू पर होने वाले गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह के लिए शिक्षा विभाग की फाइनल प्रस्तुतियों की चयन प्रक्रिया का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी श्री अजय कटियार के मार्गदर्शन में गरिमामयी रुप से सम्पन्न हुआ । अंजू अरुण कुमार एडीएम की अध्यक्षता में गठित निर्णायक मंडल द्वारा 11 स्कूलों में से फाइनल प्रस्तुतियों के लिए 4 विद्यालय चयनित किये गए हैं । कार्यक्रम में



श्रीमती पुष्पा डोढ़ी सहायक संचालक, उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य श्री प्रबुद्ध गर्ग, श्री इशरत अली जैदी, आफाक हुसैन प्राचार्य हाइस्कूल पुट्टी, नोडल अधिकारी श्री शमशाद खान, सुश्री अपर्णा कुशवाह सहायक सांख्यिकी अधिकारी, , प्रचार प्रसार प्रभारी डॉ. दीप्ति गौड़ उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संचालन सुश्री कीर्ति मिश्रा ने एवं आभार प्रदर्शन विद्यालय के प्राचार्य श्री प्रबुद्ध गर्ग ने किया । इस अवसर पर विद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे । इन विद्यालयों की होंगी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां- सी एम राइस मॉडल मुरार स्कूलग्वालियर ग्लोरी हाई स्कूल ग्रीनवुड पब्लिक स्कूल शासकीय गोरखी उ. मा. विद्यालय चयनित विद्यालय कार्यक्रम की फाइनल रिहर्सल हेतु कल दिनांक 24 जनवरी को एसएफ ग्राउंड कंपू पर प्रातः 8:30 बजे उपस्थित होंगे ।

# वरिष्ठ पत्रकार विनोद गुप्ता बने श्रमजीवी पत्रकार संघ में जिला उपाध्यक्ष



**ग्वालियर।** समाजसेवी वरिष्ठ पत्रकार हर समाज के प्रति कार्य करने की लगन आपके द्वारा कार्य करने की क्षमता के माध्यम से गरीब एवं असहाय लोगों की आवाज बुलंद करने की एवं मेहनत लगन को देखते हुए श्रमजीवी पत्रकार संघ वरिष्ठ पदाधिकारी के द्वारा पत्रकार विनोद गुप्ता को जिला उपाध्यक्ष पद का दायित्व सोपा जिला उपाध्यक्ष का दायित्व मिलने पर शहर के कई समाजसेवियों एवं उनके इष्ट मित्रों के द्वारा उनको पुष्प हार पहनाकर एवं दुरभाष के माध्यम से शुभकामनाएं प्रेषित की एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर विनोद गुप्ता के द्वारा पत्रकार संघ वरिष्ठ पदाधिकारीयों का आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया उन्होंने आगे कहा कि मेरे द्वारा किए गए कार्यों के माध्यम से संघ के द्वारा दिए गए कार्यों को पूरी निष्ठा के साथ निभाऊंगा एवं आशा करता हूं कि वरिष्ठ जनों का आशीर्वाद एवं सहयोग यूं ही मिलता रहेगा

# संविधान गौरव अभियान 25 जनवरी को, मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव होंगे

## संविधान गौरव अभियान को सफल बनाने को लेकर जिलाध्यक्ष राजौरिया ने मुखर्जी भवन में ली अनेक बैठकें

### कांग्रेस ने बाबा साहब को जन्म से लेकर परिनिर्वाण तक कभी महत्व नहीं दिया - राजौरिया

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

ग्वालियर -/-बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी द्वारा रचित संविधान हमारा गौरव है हमारा मान सम्मान है। भारतीय जनता पार्टी महानगर ग्वालियर द्वारा 'संविधान गौरव अभियान' के अंतर्गत महासंगोष्ठी अटल सभागार, जीवाजी यूनिवर्सिटी में आयोजित 25 जनवरी को प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी संबोधित करेंगे। इस महासंगोष्ठी को सफल बनाने को लेकर आज मुखर्जी भवन में दिन भर अनेक बैठकों का दौर चला। इन बैठकों मे भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया ने बैठकों में 'संविधान गौरव अभियान' को लेकर योजना बनाई। बैठक में नेताजी सुभाषचंद बोस की जन्मजयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

भाजपा जिलाध्यक्ष श्री जयप्रकाश राजौरिया ने बैठकों को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमेशा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का अपमान किया। उनके जन्म से लेकर परिनिर्वाण तक कांग्रेस ने कभी उनको महत्व नहीं दिया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के नाम पर वोट लेकर राजनीति करने वाली कांग्रेस ने बाबा साहब



को भारत रत्न से भी सम्मानित नहीं किया।कांग्रेस ने सदैव बाबा साहेब के योगदान को दबाकर रखा और उनको कभी भी उचित सम्मान नहीं दिया। जबकि भाजपा ने हमेशा उनके काम को सम्मान दिया.

श्री राजौरिया ने कहा कि भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के अमूल्य योगदान के कारण ही हमारा संविधान बना और आज तक इसका लोक कल्याण का स्वरूप बरकरार रहा है। भाजपा ने बाबा साहब को भारत रत्न से नवाजा और उनके निवास, अध्ययन स्थल और उनके जीवन से जुड़े स्थानों को पंच तीर्थ के रूप में विकसित किया ताकि लोगों को प्रेरणा मिल सके। उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के अमूल्य योगदान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए ही भाजपा ने संविधान गौरव अभियान शुरू किया है।बैठकों में विशेष रूप से विनोद शर्मा, विनय जैन, राजू पलैया, पप्पू बडोरी, पूर्व सभापति राकेश माहौर, महेश उमरैया, धर्मेन्द्र आर्य, संतोष गोडयाले, बाबूलाल भिण्डिया, शिवराम जाटव, पुरूषोत्तम टमोटिया, सतीश खटीक, विनोद अष्टैया, अरविन्द वेदोरिया, ओमप्रकाश धनोल, भारत शाक्य, मधु शाक्य, कृष्णा महोबिया, ममता आर्य, गिरजा गर्ग, बसंती शाक्य, सरोज पवैया, भावना कन्नौजिया, पार्वती शाक्य सहित अनेक पदाधिकारी शामिल हुए।

# जिला स्तरीय ओलंपियाड में 669 छात्रों की प्रतिभा परीक्षा:दो दिन में तीन शिफ्ट में हुआ एग्जाम, राज्य स्तर के लिए होगा चयन

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
लोकेंद्र सोलंकी



**भितरवार।** शासकीय कन्या हाईस्कूल में बुधवार से दो दिवसीय जिला स्तरीय ओलंपियाड परीक्षा का आयोजन शुरू हुआ था गुरुवार को परीक्षा का समापन हुआ दोनों दिनों में 669 बच्चों ने अपनी प्रतिभा की परीक्षा दी बच्चों में परीक्षा केंद्र पर उत्साह नजर आया वहीं शिक्षा विभाग द्वारा केंद्र पर बेहतर सुविधाओं के साथ सुरुचिपूर्ण भोजन कराया गया। शासकीय हाईस्कूल परीक्षा केंद्र में दो दिवसीय जिला ओलंपियाड परीक्षा का आयोजन किया जा गया है। इस परीक्षा में 380 बच्चे ने अलग-अलग विषयों पर परीक्षा दी। यह परीक्षा ओएमआर शीट पर हुई। इस परीक्षा में बच्चों को प्रायोगिक परीक्षा में तैयार करने के लिए वह उनकी शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाने के लिए पहल की जा रही है। बीआरसीसी नरहरि मिश्रा, परीक्षा केंद्र अध्यक्ष भीमसेन वर्मा,बीएसी राजीव गुप्ता सहित अन्य अधिकारियों ने परीक्षा का जायजा लिया।बीआरसीसी नरहरि मिश्रा ने बताया कि विकासखंड के 11 जनशिक्षा केंद्रों से चयनित बच्चों ने आज परीक्षा दी जनशिक्षा केंद्र स्तर की परीक्षा में सफल रहे छात्र-छात्राएं इस परीक्षा में शामिल हुए हैं यहां से चयनित जिले की परीक्षा में सम्मिलित होंगे। बीआरसीसी नरहरि मिश्रा ने बताया कि विद्यार्थियों ने हिंदी, गणित विज्ञान, पर्यावरण की परीक्षा दी। प्रश्नपत्र का स्वरूप वस्तुनिष्ठ रखा गया है। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए परीक्षा केंद्र में भोजन की व्यवस्था भी की गई है। इस स्तर पर सफल होने वाले विद्यार्थी राज्य स्तरीय ओलंपियाड में प्रतिभाग करने के पात्र होंगे।

**परीक्षार्थियों को मिली परिवहन सुविधा, कराया सुरुचि भोज:** सभी विद्यार्थियों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने की और वहां से वापस घर जाने के लिए परिवहन व्यवस्था की गई थी साथ ही परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों एवं उनके पालकों के लिए भोजन स्वरुचि भोज की व्यवस्था की गई थी परीक्षा उपरांत समस्त विद्यार्थियों को परीक्षा में सम्मिलित होने पर प्रमाण पत्र वितरित किए गए परीक्षा केंद्र पर बच्चों में उत्साह नजर आ रहा था परीक्षा केंद्र की बेहतर व्यवस्थाओं की भूरी भूरी री प्रशंसा बच्चों के मुख से सुनी जा सकती थी वही बच्चों के साथ आए पलकों ने भी शिक्षा विभाग की बेहतर व्यवस्था की सराहना की इस मौके समस्त बीएसी सीएसी उपस्थित थे।

# यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ने मनाई नेताजी सुभाष चंद्र जयंती






दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
9009601101

**ग्वालियर** - यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ग्वालियर फोर्ट यूनिट के सदस्यों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती के अवसर पर यूथ हॉस्टल शहीद त्रिमूर्ति सर्किल हेम सिंह की पैरेड पर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए । कार्यक्रम में सर्वप्रथम समीक्षा गुप्ता, रमेश अग्रवाल, अध्यक्ष विजय गर्ग, शैलेंद्र माहौर, रामनारायण मिश्रा, जयदेव गुप्ता, बादल मजूमदार एवं अन्य सदस्यों ने नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संरक्षक श्रीमती समीक्षा गुप्ता पूर्व महापौर , एवं रमेश अग्रवाल पूर्व विधायक रहे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण महाराजा मानसिंह कॉलेज के *51 एनसीसी कैडेट्स द्वारा परेड के साथ नेताजी को गार्ड ऑफ ऑनर* दिया गया था जिसका नेतृत्व केप्टन समीर भार्गव द्वारा किया गया । अतिथि रमेश अग्रवाल जी ने नेता जी द्वारा दिए गए विभिन्न देशों के सहयोग से आजादी के प्रयासों की जानकारी दी । श्रीमती समीक्षा गुप्ता जी ने सभी नागरिकों को महान स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान से प्राप्त आजादी को बरकरार रखने के लिए प्रेरित किया । कार्यक्रम का संचालन संस्था सचिव एवं प्रदेश उपाध्यक्ष राम नारायण मिश्रा द्वारा किया गया, आभार चैयरमेन शैलेंद्र माहोर ने व्यक्त किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष सुनील राय, सतीश अग्रवाल, संतोष दास,निर्मल दास,संजू कुरुस्वानी,पवन गर्ग, रविंद्र राजपूत, विशाल जैन, रवि गौड़, आनंद सावंत,अजय गुप्ता, सहित क्षैत्रिय नागरिकों ने नेताजी के प्रति अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए । कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत के साथ किया गया। एसोसिएशन की ओर से मिष्ठान वितरण किया गया ।

# मेहोनी माता के महंत पुरुषोतम दास बने महामंडलेश्वर

## प्रयागराज महाकुंभ में संत समाज द्वारा दी गई महामंडलेश्वर की उपाधि



दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/
रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान

लहार विधानसभा के अंतर्गत आने वाले प्रसिद्ध तीर्थ स्थल शक्ति पीठ मेहोनी वाली माता के महंत श्री पुरुषोतमदास महाराज को महाकुंभ प्रयागराज में संत समाज ने महामंडलेश्वर की उपाधि प्रदान की इस अवसर पर हजारों संत मौजूद रहे और विधीवत रुप से संत समाज ने परम्परा अनुसार महामंडलेश्वर की पदवी दिये जाने की अधिकृत घोषणा की

# श्रीराम कथा में सीता विदाई प्रसंग में श्रद्धालु हुए भाव विभोर



**दबोह-** नगर के सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थल पतारा सरकार हनुमान जी मन्दिर पर 17 जनवरी से 25 जनवरी तक नौ दिवसीय श्री राम कथा का आयोजन किया जा रहा है।जिसमे कथा के कथावाचक पण्डित श्री पवन द्विवेदी जी महाराज अयोध्या धाम ने सीता माता की विदाई का प्रसंग सुनाया।कथावाचक महाराज जी ने गोस्वामी तुलसीदास जी महाराज द्वारा रचित श्रीरामचरितमानस के बालकांड में वर्णित जनकपुर से विवाहोपरांत माता सीता जी की विदाई,अयोध्या में राजा दशरथ की चारों पुत्र वधुओं का स्वागत व दासी मंथरा तथा कैकई के कुटिल नीति के संवाद का वर्णन किया।रामायण जी की सुंदर चौपाइयां सुनकर श्रोता भाव विभोर नजर आए।कथा के माध्यम से महाराज ने कहा कि बड़े भाग्य से यह मनुष्य शरीर प्राप्त होता है।मनुष्य शरीर देवताओं के लिए भी दुर्लभ माना गया है।मनुष्य शरीर की सार्थकता सत्संग व साधना करने में ही है।ऐसा विश्वास करना चाहिए कि सत्संग से सभी दुख नष्ट हो जाते हैं। यह मानव शरीर सत्संग और ध्यान करने का घर व मोक्ष का द्वार है।मनुष्य शरीर परमात्मा का ही अंश है और सत्संग व साधना करके इसी मनुष्य शरीर से परमात्मा पद को प्राप्त किया जा सकता है।सत्संग से संस्कार कभी खत्म नहीं होता है। सच्चे संत के दर्शन मात्र से मन का मैल समाप्त हो जाता है।संतो के उपदेश पर चलने पर ही कल्याण संभव है।कथावाचक ने कहा कि संत, सतगुरु कामधेनु व कल्पतरु रूप के समान सभी मनोरथ पूर्ण करने वाले होते हैं,श्रीराम कथा विश्वकल्याणदायनी है।यही वजह है कि श्रीरामचरित मानस में गुरु, माता-पिता,पुत्र-पुत्री, भाई, मित्र, पति-पत्नी आदि का कर्तव्य बोध एवं सदाचरण की सीख हमें सर्वत्र मिलती है।इस क्रम में कथावाचक पण्डित श्री पवन द्विवेदी जी महाराज अयोध्या धाम ने क्षेत्रीय संगीत की धुन पर भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को झूमने को विवश कर दिया।इस दौरान कथा के पंडाल में भारी संख्या में श्रोतागण मौजूद रहे।

# सुभाष चंद्र बोस की 128 वी जयंती पर स्वच्छता युक्त, नशा मुक्त ग्वालियर बनाने आमजन से लिया संकल्प

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
9009601101



ग्वालियर। %तुम मुझे खून दो और मैं तुम्हें आजादी दूंगा% के नारे से अंग्रेजों की हुकूमत की जड़ों को हिला देने वाले आजाद हिंद फौज के संस्थापक, महान क्रांतिकारी सुभाष चंद्र बोस की 128 वी जयंती के अवसर स्वच्छता युक्त, नशा मुक्त ग्वालियर अभियान के निमित्त त्रिमूर्ति तिराहे पर गुरुवार को आमजन ने सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए पुष्पांजलि अर्पित कर स्वच्छता अभियान चला कर संकल्प लिया कि वह समाज की भलाई के लिए अपने संस्थान, परिजनों, परिचितों और पड़ोसियों को ग्वालियर को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित करेंगे। स्वच्छता अभियान के पश्चात सभी ने नशा नहीं करने और न ही करने देने का भी संकल्प लिया। बोस की जयंती पर नगर भर में कार्यक्रम आयोजित किए गए, ग्वालियर की विभिन्न संगठनों एवं संस्थाओं ने ग्वालियर को स्वच्छ और नशा मुक्त बनाने का संकल्प लिया। पूर्व में आईआईटीएम में विज्ञान भारती द्वारा एवं कौटिल्य अकादमी फूलबाग में सैकड़ों छात्रों ने भी शहर को स्वच्छ और नशा मुक्त बनाने का संकल्प लिया।

# कन्या उमावि ठाठीपुर की बारहवीं की छात्राओं को बताई उच्च शिक्षा की राह

## कॉलेज चलो अभियान के तहत उच्च शिक्षा के लिए की जा रही है विद्यार्थियों की काउंसलिंग

देनिक केसरिया हिंदुस्तान
9009601101



ग्वालियर / जिले के सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत 12वी कक्षा के विद्यार्थियों को कॉलेज चलो अभियान के तहत उच्च शिक्षा के लिये प्रेरित किया जा रहा है। इस क्रम में श्रीमंत माधवराव सिंधिया आदर्श विज्ञान महाविद्यालय के प्राध्यापक व आचार्यों के दल ने गुरुवार को शासकीय कन्या उमावि ठाठीपुर पहुँचकर 12वी कक्षा के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिये महाविद्यालयों में प्रवेश के लिये प्रोत्साहित किया। इस दौरान छात्राओं को कैरियर विकल्प, छात्रवृत्ति, खेलकूद व एनसीसी गतिविधियों के बारे में भी जानकारी दी गई। साथ ही महाविद्यालय में पढ़ाए जाने वाले विभिन्न विषयों, प्रतियोगी परीक्षाओं व विभिन्न प्रकार की छात्रवृतियों के बारे में भी जानकारी दी। इस आयोजन में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी जिज्ञासाओं का समाधान हासिल किया। कार्यक्रम के आखिर में सभी ने अपने अनुभव साझा किए। साथ ही भविष्य के लक्ष्य के बारे में बताया।

कैरियर काउंसलिंग के लिये गए विज्ञान महाविद्यालय के दल में समिति के संयोजक डॉ. अशोक कुमार शर्मा, समिति के सदस्यगण डॉ. डी के शर्मा व डॉ. तृप्ति शर्मा शामिल थीं। इस अवसर पर शासकीय कन्या उमावि ठाठीपुर के प्राचार्य श्री राजीव कुमार व विद्यालय के शिक्षकगण मौजूद थे। साथ ही शिक्षा के लिये मिलने वाली आर्थिक सहायता व एनसीसी एवं एनएसएस इत्यादि के बारे में बताया।

# एम.बी.डी. करियर प्वाइंट अकादमी अंबाह में हुआ विभिन्न खेलों का आयोजन





दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान पंकज जैन

अंबाह। गणतंत्र दिवस के उपलक्ष पर एम. बी.डी. करियर प्वाइंट अकादमी अंबाह में निम्न खेलों का आयोजन हुआ। खेलों का बच्चों के जीवन में बहुत बड़ा महत्व है इससे शारीरिक का विकास मनऔर मस्तिष्क की चेतन में वृद्धि होती है और मन एकाग्र रहता है विभिन्न खेलों का आयोजन जैसे वॉलीबॉल ,मटकी रेस ,सुई धागा रेस ,चेयर रेस ,तीन लेग रेस ,खो ,खो सेलो साइकिल रेस बोरा रेस,आदि खेलों का आयोजन किया गया जिसमें सभी सम्मानीय शिक्षक अनीश तोमर ,विवेक सिंह तोमर, नीलम तोमर,पूजा शर्मा, भारती तोमर ,पूजा तोमर, अंकित राठौर ,प्राची तोमर ,रुचि तोमर लक्ष्मी तोमर , रूबी शर्मा सभी का योगदान रहा।69

# जागरुकता रैली के साथ हुआ यातायात सुरक्षा सप्ताह का समापन

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान पंकज जैन

मुरैना। नेहरू युवा केन्द्र मुरैना द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के सहयोग से मनाए जा रहे सड़क सुरक्षा सप्ताह का समापन जिला मुख्यालय पर आयोजित विशाल जागरुकता रैली के साथ हुआ। रैली की शुरुआत यातायात थाना बैरियर चौराहा से हुई ।जहां टी आई संतोष सिंह भदौरिया ने रैली को हरी झंडी दिखाई। रैली के दौरान युवा अपने हाथों में यातायात जागरूकता सम्बन्धित बैनर,नारे लिखी हुई तख्तियां तथा पेम्प्लेट्स वितरण करते हुए चल रहे थे। रैली में नेहरू युवा केन्द्र से जुड़े युवा मण्डलों के पदाधिकारी , राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक और यातायात पुलिस के अधिकारी तथा जवान साथ में चल रहे थे। रैली बिस्मिल संग्रहालय पर पहुंच कर सम्पन्न हुई। जहां डीएसपी यातायात पुलिस



बिन्दु परमार, जिला पुरातत्व अधिकारी डॉ अशोक शर्मा ने यातायात नियमों का पालन करने को कहा तथा यातायात जागरूकता सप्ताह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके नेहरू युवा केन्द्र के कार्यक्रम पर्यवेक्षक दिलीप सुमन, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी विजय शर्मा एवं समीक्षा यादव, स्वास्थ्य विभाग से बृजेश राजपूत, समाजसेवी परीक्षत शर्मा , नेमीचंद शर्मा मौजूद थे। सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन रामविलास शर्मा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विपिन तोमर,अमन भदौरिया, दीपक शर्मा , देवेन्द्र राठौर, सूर्यभान सिंह, मनमोहन राठौर,रुद्र प्रताप तोमर,राम तोमर, किशनपाल माहौर, योगेश शर्मा, राहुल शर्मा का सराहनीय योगदान रहा।

# कांग्रेस का जय बापू जय भीम जय संविधान अभियान 27 जनवरी से : विद्यावती पटेल





**सीधी।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, सांसद श्रीमती प्रियंका गांधी के मुख्य आतिथ्य एवं देश और प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं की विशेष उपस्थिति में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर आगामी 27 जनवरी 2025 को डॉ. भीम राव अंबेडकर की जन्मस्थली महूं से जय बापू जय भीम जय संविधान अभियान रैली का आगाज किया जा रहा है। जिसमें प्रदेश भर से लाखों की संख्या में कार्यकर्ता और संविधान को मानने वाले अनुयायी शामिल होंगे। उक्त कार्यक्रम को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर कार्यक्रम की प्रभारी पूर्व विधायक श्रीमती विद्यावती पटेल, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह की विशेष उपस्थिति और महिला कांग्रेस की प्रदेश महामंत्री श्रीमती नीलम सिंह जिला उपाध्यक्ष आकाश सिंह रिंकू उपाध्यक्ष विनोद मिश्रा उपाध्यक्ष दिनेश पाठक कोषाध्यक्ष रजनीश श्रीवास्तव प्रवक्ताद्वय आकाश राज पाण्डेय पंकज सिंह ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद तिवारी संकट की उपस्थित में जवाहर कांग्रेस भवन में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई।

पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कार्यक्रम की जिला प्रभारी श्रीमती विद्यावती पटेल ने कहा कि देश के गृहमंत्री अमित शाह ने 17 दिसंबर 2024 को संसद में जातीय भेदभाव के खिलाफ डॉ. अंबेडकर के प्रयासों का मजाक उड़ाते हुए बाबा साहब का अपमान किया गया जिससे करोड़ों लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं सामाजिक, आर्थिक और आर्थिक न्याय पर आधारित संविधान आज खतरे में है। भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा जगह.जगह उनकी प्रतिमा को खंडित किया गया उनके चित्रों को जलाया गया फाड़ा गया। भाजपा देश में वैमनस्यता फैलाना चाहती है, नफरत और घृणा का माहौल पैदा कर देश और प्रदेश में अराजकता का माहौल निर्मित करना चाहती हैं। भाजपा और आरएसएस ने हमेशा ही संविधान का मजाक उड़ाया।

पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने कहा कि भाजपा जातिगत जनगणना की विरोधी है संविधान के साथ छेड़छाड़ कर आरक्षण को समाप्त करना चाहती है संविधान निर्माता बाबा साहब के दिए सामाजिक आर्थिक राजनीतिक न्यायएविचार की अभिव्यक्ति और मौलिक अधिकारों को भाजपा खत्म करना चाह रही है मोदी मोहन सरकार में आजा आजा वर्ग के साथ कुठाराघात हो रहा है संविधान के साथ छेड़छाड़ किया जा रहा है लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी संविधान और आरक्षण की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं उन्होंने आगे कहा कि 27 जनवरी को जय बापू जय भीम जय संविधान अभियान रैली में सीधी से हजारों कार्यकर्ता इंदौर पहुंचेंगे।

# पर्यटन के लिए बेदखली से परसिली के आदिवासियों में पीड़ा - उमेश तिवारी



**सीधी।** टोंको.रोंको.ठोंको क्रन्तिकारी मोर्चा के संयोजक उमेश तिवारी नें परसिली के आदिवासियों कि जबरी बेदखली पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा है कि समाज से अलग संसाधन से वंचित बीहड़ के बिराने में पीढ़ियों से जीवन जीते चले आ रहें हैं। आदिवासी समाज को कभी विकास के लिए तो कभी सत्ता और संपत्तिवानों के किलोल आमोद प्रमोद, क्रीडा के लिए उनके पुस्तैनी रहवास से बेदखलकर अलग.थलग करनें का सिलसिला कब रुकेगा, रुकेगा भी कि नहीं रुकेगा आदिवासियों के बजूद को बहुत बडी चुनौती है। आदिवासियों के अस्तित्व पर कहर के सिलसिले को आगे बढ़ते हुए मझौली उपखंड के ग्राम पारसीली में पुस्तों से काबिज आदिवासियों को पट्टा, मालिकाना हक कि कार्यवाही न करने के अपराधी और दोषी शासन और प्रशासन के जिम्मेदार लोग ही हैं। ग्राम परसली कि जिन भूमियों में आदिवासी अपना आशियाना बनाकर रह रहे हैं अब उन्हें अनाधिकृत कब्जाधारी घोषित करके उनको बेदखल करने की कार्यवाही शुरू की गई है। आदिवासियों की बेदखल करने की कार्यवाही इस तर्क पर की जा रही है कि यह भूमि शासन कि है। इन भूमियों को म.प्र. टूरी'म बोर्ड को हस्ताँतरित किया जाना है। म.प्र. टूरि'म बोर्ड सरकार द्वारा गठित किया गया है। जिसमे उन्ही के चाहते है अपनों को उपकृत करना सरकार अपना धर्म मान चुकी है। मध्य प्रदेश पर्यटन विकास निगम को ग्राम परसिली की भूमियों को हस्तांतरित किए जाने की जानकारी होने पर ग्राम पंचायत द्वारा ग्राम सभा आयोजित की गई। जिसमें ग्राम सभा में पहुंचे ग्रामीणों ने सर्वसम्मत से यह तय किया कि हम अपने ग्राम की भूमिया पर्यटन विकास निगम को नहीं देना चाहते हैं पर्यटन विकास निगम से संबंधित जो भी गतिविधि संचालित किया जाना है। वह ग्राम पंचायत के माध्यम से ही की जाए। ग्राम सभा की आपत्ति एवं ग्राम सभा के निर्णय को नजरअंदाज करते हुए सरकार के दबाव में जिला प्रशासन ग्राम परसिली की भूमिया मध्य प्रदेश पर्यटन विकास निगम को हस्तांतरित किए जाने पर उतारू है।

# सुभाष चंद्र बोस एवम बालासाहेब ठाकरे का शिवसैनिकों मनाई जयंती



**सीधी।** शिवसेना इकाई द्वारा विगत वर्षो की भांति मां भारती के वीर सपूत स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस व शिवसेना संस्थापक हिंदू ह्रदय सम्राट कहे जाने वाले बालासाहेब ठाकरे को याद करते हुए नगर कार्यालय में जन्म जयंती मनाई गयी। शिवसेना प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पांडे ने कहा नेताजी सुभाष चंद्र बोस जहां हम युवाओं के दिलों की धड़कन है वही सोच में बालासाहेब ठाकरे हैं और ऐसे महानायक की विचारधारा पर चलकर समाज राष्ट्र धर्म के लिए बहुत सी अपेक्षाएं हैं। हम ऐसे महापुरुषों के पद चिन्हों पर चलकर एक मजबूत समाज का निर्माण कर सके, यह जीवन अगर मिला है तो पेट पालने के लिए नहीं मिला है यह कर्मभूमि है जहां पशु पक्षी जीव निर्जीव सभी हम जैसे इंसानों पर आश्रित है। ऐसे मां भारती के वीर सपूत महानायक जो हमें बार.बार प्रेरित करते हैं कि अगर इस जवानी में समाज धर्म राष्ट्र के लिए कुछ नहीं किया तो वह बेकार जवानी है ऐसे महानायकों के पद चिन्हों पर चलकर आज हर युवाओं को आगे आने की आवश्यकता है। कार्यक्रम के दौरान प्रमुख रूप से शिवसेना प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पांडेय, संभाग उपाध्यक्ष प्रदीप विश्वकर्मा, संभाग संयोजक संत कुमार केवट, जिला अध्यक्ष बेनाम सिंह बघेल उर्फ भोले जिला मंत्री सुनील रावत, युवा कोषाध्यक्ष लाल वर्मा, नगर उपाध्यक्ष मोनू मिश्रा नगर सहसंयोजक राजन मिश्रा, संदीप सिंह चौहान, मोनू, रामकुमार विश्वकर्मा, आनंद साहू, लालतू कोल, छठी लाल विश्वकर्मा, हीरा यादव, राजेंद्र यादव, सुंदर रजक सहित कई शिवसैनिक मौजूद रहें।

# अपर कलेक्टर तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने की गणतंत्र दिवस समारोह के तैयारियों की समीक्षा

## छत्रसाल स्टेडियम का निरीक्षण कर दिए आवश्यक निर्देश



**सीधी।** गणतंत्र दिवस समारोह के गरिमामय आयोजन के संबंध में अपर कलेक्टर अंशुमन राज तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव द्वारा छत्रसाल स्टेडियम का निरीक्षण किया गया। उन्होंने समारोह स्थल की साफ-सफाई, समतलीकरण, पार्किंग व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था आदि के विषय में सभी सम्बन्धित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की तथा निर्देशित किया है कि सभी संबंधित अधिकारी दिए गये दायित्वों का पूरी गम्भीरता से पालन करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, तहसीलदार गोपद बनास जान्हवी शुक्ला, नायब तहसीलदार एकता शुक्ला, टीआई कोतवाली अभिषेक उपाध्याय, यातायात प्रभारी रीता त्रिपाठी, सहायक यंत्री बी के तिवारी सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को नई दिल्ली में विशेष अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेगी श्रीमती मनीषा कुशवाहा

**सीधी।** म.प्र. डे-रा'य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला सीधी अन्तर्गत गठित लक्ष्मी स्व सहायता समूह ग्राम खोरवाटोला विकासखण्ड सिहावल की सचिव एवं पार्वती संकुल स्तरीय संगठन अमिलिया की अध्यक्ष श्रीमती मनीषा कुशवाहा 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह के लिए कर्तव्यपथ नई दिल्ली में विशेष अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेगी। प्रदेश से कुल 15 स्व सहायता समूह सदस्यों द्वारा विशेष अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया जायेगा। ग्राम खोरवाटोला विकासखण्ड सिहावल की रहने वाली श्रीमती मनीषा कुशवाहा का जीवन भी संघर्षो और असफलताओं का सामना कर सफलता की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करने की दास्तान है। समूह में जुड़ने से पूर्व श्रीमती मनीषा कुशवाहा के पास आजीविका के सीमित अवसर होने एवं सामाजिक बंदिशों के कारण जीवन बड़ी कठिनाईयों से गुजर रहा था। इसी बीच आजीविका मिशन के द्वारा समूह गठन का कार्य उनके ग्राम में किया जा रहा था, जिसकी जानकारी मिशन स्टॉफद्वारा उन्हे भी दी गयी। सारी बाते समझने के बाद वह लक्ष्मी स्व सहायता समूह में जुड़ गयी। समूह में जुड़ने के बाद उन्होने कृषि सखी प्रशिक्षण प्राप्त किया एवं समूह से तीन बार में कुल 50 हजार रूपये की ऋण लेकर पारम्परिक गतिविधि सब्जी उत्पादन के कार्य को और बढ़ाया।

इसके बाद प्रगति उत्पादक समूह का गठन कर 02 लाख रूपये की राशि प्राप्त की जिससे उन्होने सब्जी उत्पादन के साथ-साथ बेचने का कार्य भी प्रारम्भ किया। इसके बाद श्रीमती मनीषा कुशवाहा का प्रधानमंत्री महिला किसान ड्रोन केन्द्र योजना अन्तर्गत ड्रोन दीदी के रूप में चयन कर ड्रोन प्रदाय किया गया है। ड्रोन के सफल संचालन हेतु उन्हे इन्दौर में 05 दिवसीय एवं भोपाल में 0× दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया है। वर्तमान में श्रीमती मनीषा कुशवाहा सफलता पूर्वक ड्रोन का संचालन कर अतिरिक्त आय अर्जित कर रही है। ड्रोन में यूरिया की जगह नैनो यूरिया के प्रयोग से किसानों की लागत कम हो रही है और उनके समय की बचत (ड्रोन के माध्यस से एक एकड़ में स्प्रे करने करने में 05-07 मिनट का समय लगता है) हो रही है। वर्तमान में श्रीमती मनीषा कुशवाहा की वार्षिक आय राशि 1.7× लाख रूपये है। श्रीमती मनीषा कुशवाहा अपने जीवन में आये अभूतपूर्व परिवर्तन का श्रेय आजीविका मिशन को देती है।



# व्यापारी संघ के कार्यालय का हुआ शुभारंभ

**सीधी।** विगत दिवस शहर की डी.पी. कांप्लेक्स के पीछे व्यापारी संघ के धर्मशाला में कार्यालय का शुभारंभ हनुमान जी की पूजा अर्चना कर किया गया। जिसमें व्यापारी अपने सुझाव एवं शिकायतें किसी भी समय कार्यालय में पहुंच कर दे सकते हैं एवं प्रतिदिन दोपहर × बजे से 5 बजे तक व्यापारी संघ के अध्यक्ष लालचंद गुप्ता कार्यालय में बैठकर व्यापारियों के शिकायतें, समस्याओं और सुझावों को सुनेंगे। कार्यालय के शुभारंभ अवसर पर प्रमुख रूप से धर्मशाला कमेटी के अध्यक्ष हजारीलाल गुप्ता, संरक्षक सदस्य कन्हैया लाल सिंह, मार्गदर्शक सदस्य चंद्रभान बसंतानी, महामंत्री भीम कामदार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरिहर सोनी, कनिष्ठ उपाध्यक्ष विवेक सिंह चौहान, कोषाध्यक्ष रोशन केसरवानी, कार्यसमिति सदस्य प्रमोद मिश्रा एवं अन्य साथीगण शामिल हुए।

# गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल करेंगे ध्वजारोहण



**सीधी।** प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग रा'यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा जिले के प्रभारी मंत्री श्री दिलीप जायसवाल गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2025 को जिला मुख्यालय में आयोजित मुख्य समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। रा'यमंत्री श्री जायसवाल स्थानीय छत्रसाल स्टेडियम में प्रात: 9 बजे ध्वजारोहण करेंगे। गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन के सम्बन्ध में कलेक्टर कार्यालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मुख्य अतिथि द्वारा प्रात: 09:00 बजे ध्वजारोहण किया जायेगा। तदुपरांत 09:10 बजे मुख्य अतिथि परेड का निरीक्षण करेंगे। प्रात: 9:15 बजे मुख्य अतिथि द्वारा मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन होगा। प्रात: 9:×0 बजे परेड द्वारा मार्च पास्ट किया जायेगा। प्रात: 9:45 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां होंगी।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान अंतर्गत प्रभात फेरी और रैली का हुआ आयोजन

**सीधी।** सीधी जिले में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के 10 वर्ष पूर्ण होने के अभियान में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के दिशा निर्देश एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी आर सी त्रिपाठी की उपस्थिति व मार्गदर्शन में परियोजना अधिकारी सीधी क्रमांक 1 आशा तिवारी, प्रशासक मंजुला तिग्गा के नेतृत्व में सुबह 8 बजे प्रभात फेरी व रैली वन स्टॉप सेंटर से निकाली गई। साथ ही संकल्प शपथ वाचन भी किया गया। कार्यक्रम में सभी महिला बाल विकास सुपरवाइजर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका, वन स्टॉप सेंटर की केस वर्कर अरुणिमा पाठक, पुष्पलता शर्मा, मंजुला मिश्रा एवं केयर टेकर अंजू पांडेय सुरक्षा गार्ड दिनकर तिवारी की उपस्थित विशेष रही। आगामी 8 मार्च तक बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के कार्यक्रम स्कूल, गांव व सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता अभियान बेटियों के सुरक्षा हेतु लगातार किया जाएगा।

# जिला शिक्षा अधिकारी ने बहरी प्राचार्य को पद से किया पृथक



**सीधी।** जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. प्रेमलाल मिश्र द्वारा आदेश जारी कर शासकीय उ'चतर माध्यमिक विद्यालय बहरी के प्रभारी प्राचार्य श्याम सुन्दर तिवारी उ'च माध्यमिक शिक्षक को प्राचार्य पद से पृथक करते हुये संस्था में द्वितीय वरिष्ठताधारी हिमांचल सिंह उ'च माध्यमिक शिक्षक को अग्रिम आदेश तक के लिये प्रभारी प्राचार्य के पद पर कार्य करने की अनुमति दी गई है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि विद्यालय के छात्रों को संबल राशि वापस नहीं करने के संबंध में शिकायत सहित प्राचार्य के विरुद्ध अन्य शिकायतें प्राप्त हुई थी। कलेक्टर महोदय के निर्देशानुसार तीन सदस्यीय जांच दल का गठन कर शिकायतों की जांच की गई। जांच दल की रिपोर्ट के आधार पर उक्त कार्यवाही की गई है। उन्होंने बताया कि श्याम सुन्दर तिवारी के विरूद्ध विभागीय जॉच संस्थित कर आरोप पत्रादि पृथक से जारी किये जायेंगे।



# मंत्रोच्चार और शंख ध्वनि के साथ खुले गुमतरा होम स्टे के दरवाजे

## सांसद श्री विवेक बंटी साहू और कलेक्टर शीलेंद्र सिंह ने पर्यटकों को समर्पित किए पांच होम स्टे

धनंजय वडसमुद्रकरजोशी

छिंदवाड़ा। केसरिया हिंदुस्तान मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा इंडियन ग्रामीण सर्विसेज संस्था के माध्यम से विकसित पर्यटन ग्राम गुमतरा के होम स्टे का लोकार्पण शनिवार को सांसद श्री विवेक बंटी साहू व कलेक्टर श्री शीलेंद्र सिंह ने किया। पूजा-अर्चना, मंत्रोच्चार और शंख ध्वनि के साथ होम स्टे पर्यटकों के लिए खोले गए। पेंच नेशनल पार्क के कोर एरिया के समीप बसे इस खूबसूरत गांव गुमतरा को ऑफ बीट डेस्टिनेशन के रूप में संवारा गया है और यहां छिंदवाड़ा के सबसे सुंदर होम स्टे बनाए गए हैं, जो देश-विदेश के पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेंगे।



**पर्यटकों से अच्छा व्यवहार रखें- सांसद** लोकार्पण समारोह में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सांसद श्री विवेक बंटी साहू ने कहा कि आदिवासी संस्कृति को जानने और अपने व्यस्त जीवन से समय निकालकर अब बहुत से पर्यटक यहां आएंगे, इन सभी के साथ बहुत अच्छा व्यवहार किया जाए ताकि होम स्टे देश-दुनिया में नाम कमाए।

***गांव को अपने घर की तरह स्वच्छ रखें; कलेक्टर** जिला कलेक्टर श्री शीलेंद्र सिंह ने होम स्टे के महत्व को रेखांकित करते हुए गांव को अपने घर की तरह स्वच्छ रखने का संदेश दिया। अपने उदबोधन में उन्होंने कहा कि आने वाले समय में हम पर्यटन ग्राम गुमतरा में सारी सुविधाएं देंगे और प्रयास करेंगे कि जमतरा गेट से सफारी की संख्या बढ़ें, इसके लिए पूरे ग्राम को एकजुट होकर पर्यटकों को अच्छी सुविधाएं देनी होंगी ताकि पर्यटक बार-बार यहां आएं।

**बैलगाड़ी से पहुंचे होम स्टे :** मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा विकसित होम स्टे का लोकार्पण करने पहुंचे सांसद श्री साहू व कलेक्टर श्री सिंह का स्वागत गांव में ढोल-बाजों के साथ किया गया। दोनों अतिथियों को गांव के प्रवेश द्वार से होम स्टे तक बैलगाड़ी से ले जाया गया। खूबसूरत तरीके से सजी यह बैलगाड़ी पर्यटन एक्टिविटी का हिस्सा है। बैलगाड़ी के सफर से सब प्रसन्न दिखाई दिए।

**सुविधाओं को देखा और सुझाव दिए:** सांसद व कलेक्टर ने पांचों होम स्टे का निरीक्षण किया और पर्यटकों को दी जाने सुविधाओं के बारे में जाना। उन्होंने यहां होने वाली एक्टिविटी के बारे में भी जानकारी ली। उन्हें बताया गया कि ऑफ बीट डेस्टिनेशन पर्यटन ग्राम गुमतरा में पर्यटकों को जंगल सफारी, बोटिंग, और ट्रेकिंग करवाई जाएगी। पर्यटन समिति का गठन हो चुका है, जिसके 42 सदस्यों में स्थानीय हस्त शिल्प, मूर्तिकार और लोक नृत्य दल को भी जोड़ा गया है।

**यह रहे उपस्थित :** गुमतरा होम स्टे के लोकार्पण अवसर पर पूर्व विधायक चौरई रमेश दुबे, लखन वर्मा, बंटी पटेल, गोलू नागरे, शैलेन्द्र चोपड़े सहित चौरई एसडीएम प्रभात मिश्रा, तहसीलदार, जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के नोडल अधिकारी बलराम राजपूत, पर्यटन प्रबंधक गिरीश लालवानी, आईजीएस संस्था के स्टेट हैड भास्कर सिंह, रीना साहू, सनोद नागवंशी, अनंदिता गुप्ता, कुलदीप रघुवंशी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# उप जेल महेश्वर में स्वास्थ्य जागरूकता एवं परीक्षण शिविर का हुआ आयोजन

दीपक सिंह तोमर केसरिया हिंदुस्तान
खरगोन जिला ब्यूरो चीफ

महेश्वर। 22 जनवरी को राज्य एड्स नियंत्रण समिति के निर्देशानुसार जिला चिकित्सालय खरगोन द्वारा उप जेल महेश्वर में स्वास्थ्य जागरूकता एवं परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जेल में परिरुद्ध 21 बंदियों की टीबी, एचआईव्ही, सिफलिस एवं हेपेटाइटिस बीसी आदि स्क्रीनिंग परीक्षण कराए गए। जिला चिकित्सालय खरगोन के श्री विनोद पटेल परामर्शदाता एसटीआई एवं श्री मुकेश पटेल परामर्शदाता आईसीटीसी, श्री नितिन पाटनी टीबी सुपरवाइजर, सुश्री सनिता कटारे एलटी, श्रीमती रजनी कमला एलटी समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र महेश्वर, श्री बुद्धि विलास आरख सहायक जेल अधीक्षक एवं समस्त स्टाफ सब जेल महेश्वर उपस्थित रहे है।वरिष्ठ परामर्शदाता एड्स मुकेश पटेल ने एचआईवी एड्स से बचाव एवं उपचार के बारे में बताया। श्री विनोद कुमार पटेल ने चर्म रोग, यौन जनित रोग एवं व्यक्तिगत स्वच्छता के बारे में बताया। श्री नितिन पाटनी ने टीबी से बचाव व उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की। लैब टेक्नीशियन संगीता कटारे एवं रजनी कमला ने सभी बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। साथ ही बीमारियों से बचाव के लिए बंदियों को आवश्यक जानकारियां दी गयी है। अंत में सहायक जेल अधीक्षक द्वारा स्वास्थ्य टीम का आभार व्यक्त किया गया।




# विश्व हिंदू परिषद,बजरंग दल की जिला बैठक सम्पन्न

आशीष शर्मा दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

सनावद-विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के बड़वाह जिला की बैठक सनावद प्रखंड के गायत्री शक्तिपीठ में संपन्न हुई बैठक में बड़वाह जिले के सभी जिला दायित्ववान विभाग अधिकारी और चारों प्रखंडों के प्रखंड अधिकारी ने धर्म रक्षा निधि अभियान को लेकर चर्चा की।यह अभियान 5 जनवरी से 20 जनवरी तक चलाया गया था जिसमें सभी प्रखंडों को जो राशि का लक्ष्य दिया गया था उससे बढ़कर लक्ष्य राशि प्रांत के अधिकारी को सौंपी गई। इस दौरान प्रांत के सामाजिक समरसता प्रमुख मुकेश जी चौधरी मुख्य रूप से उपस्थित हुए साथ ही बैठक में विभाग संयोजक जितेंद्र राठौड़ ,जिला अध्यक्ष रवि गुर्जर, बलराम खटीक, नितिन करड़क, राजा चौरसिया, दीपक सिंह तोमर, पं.सुशांत गार्गव, जितेंद्र वर्मा मनोज केवट राज तवर धर्मेंद्र मसंद नीरज राजपूत श्याम पाटीदार देशा मेराणा परशुराम साठे राजेंद्र ठाकुर मातृशक्ति दुर्गा की उषा पारिक भारती परिहार एकता मालवीय, लक्ष्मी कदम सहित जिले व प्रखंड के कार्यकर्ता उपस्थित थे




# बालक ,कन्या छात्रावास प्रतापगढ़ में अनियमित्ताओ को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

दैनिक केसरिया श्रीराम सेन

**सिलवानी** - सुभाष चंद्र बोस की जयन्ती के अवसर पर जय अदिवासी युवा संगठन ब्लाक इकाई सिलवानी ने तहसील कार्यालय पहुंच कर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमे प्रतापगढ़ ग्राम में स्थित छात्रावास में व्याप्त अनियमित्ताओं की जांच कराने की मांग की गई है। उल्लेख किया हैं कि आदिम जाति कल्याण विभाग के द्वारा अनुसूचित जाति व जनजाति छात्रावासों का संचालन किया जा रहा है। लेकिन इन छात्रावासों मे अधिक्षको के द्वारा बच्चो को सरकार की योजनाओ का लाभ नही दिया जा रहा है। ज्ञापन में उल्लेख किया है कि आदिवासी अंचल के ग्राम प्रतापगढ़ में बालक- कन्या छात्रावास का संचालन किया जा रहा है। यहां पर हरिशरण व्यास अधिक्षक के द्वारा मनमानी की जा रही है। इनके पास वर्तमान में प्रतापगढ़ छात्रावास के साथ ही अनुसूचित जाति बालक छात्रावास सिलवानी का भी अतिरिक्त प्रभार है। उक्त अधिक्षक के द्वारा मनमाने ढंग से अनुसूचित जात्ति एवं अनुसूचित जनजाति बच्चे बच्चियों के अधिकारो का हनन किया जा रहा है। जव से यह अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विभाग में पदस्थ है तभी से अधिकारियों की सांठ गाठ से अधीक्षक पद पर है। इन 11 वर्षों में उनके द्वारा आदिवासियों बच्चे बच्चियों पर कितना हनन किया है वही अनिमितताओ चलते एक वार इनहे दंडित भी किया गया था।तहसील सिलवानी के प्रतापगढ में आदिवासी बालक आश्रम एवं कन्या आश्रम संचालित या पर इनके वहा प्रतापगढ संस्था में अधीक्षक बनने के बाद दोंनो संस्थाए मनमाने ढंग से चलाने के बाद इन्होने बंद कर दी और दोनो भवन गिरने की कगार पर है। बीते पांच वर्ष पहले अधिकारियों की सांठ गांठ से प्रतापगढ के साथ साथ एक छात्रावास सिलवानी का चार्ज भी दे दिया गया जिसमें पिछले वर्ष 40. 45 छात्र छात्रावास में भर्ती थे । पर इस वर्ष 2024- 25 में मात्र 28 छात्र भर्ती किए गए और इनमे से 10.12 छात्र छात्रावास में रहते है। यहां पर भी शासन की योजनाओं पर पलीता लगाया जा रहा है। शासन द्वारा यह निर्देश दिए गए है कि अधीक्षक छात्रावास में रहकर छात्रों की देखरेख करेगा। पर एक ही अधीक्षक उदयपुरा में रहकर तीनों छात्रावासों का संचालन कर रहें है। ऐसे व्यक्ति को अधीक्षक पद से तत्काल हटाया जाए। ज्ञापन मे कहा गया है कि हरिशरण व्यास पर तत्काल कार्यवाही कर निलंबित किया जाए। ऐसा न करने पर आन्दोलन किया जायेगा । ज्ञापन की प्रति मंत्री आदिम जाति कल्याण विभाग मप्र शासन, आदिम जाति कल्याण विभाग रायसेन को भी प्रेषित की गई है। इस मौके पर हरिलाल मर्सकोले, राधेश्याम सहित बड़ी संख्या में जय आदिवासी युवा शक्ति संगठन के कार्यकर्ता मौजूद थे।



# अमरपाटन में कप्तान लाल प्रताप स्टेडियम में क्रिकेट मैच का शुभारंभ जमकर लगे चौके- छक्के



सूरज सनाढ्य हिंदुस्तान केसरिया

मैहर /अमरपाटनसीनियर क्रिकेट क्लब अमरपाटन के तत्वाधान में गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन हुआ जिसके मुख्य अतिथि हरिशकांत त्रिपाठी वन सभापति सतना मैहर थे आज का मैच नागौद और गंजस रामनगर के बीच खेला गया जिसमें नागौद ने 8 विकेट से विजय हासिल की इस टूर्नामेंट को देखने के लिए अमरपाटन स्टेडियम पर काफी क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे

# शासकीय महाविद्यालय में भाजपा नगर मंडल द्वारा संविधान गौरव दिवस मनाया

आशीष शर्मा दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**सनावद**-शासकीय महा विद्यालय में गुरुवार को भारतीय संविधान गौरव दिवस मनाया गया। भाजपा नगर मंडल के तत्वावधान में आयोजित समारोह की अध्यक्षता विधायक सचिन बिरला ने की। विधायक ने कहा कि भारत रत्न बाबा साहेब डॉ.भीमराव आंबेडकर ने संविधान निर्माता के रूप में भारत के प्रत्येक नागरिक को न्याय,स्वतंत्रता और समानता का अधिकार प्रदान किया है।बाबा साहेब ने दलितों, शोषितों के अधिकारों एवं अस्पृश्यता के उन्मूलन के लिए आजीवन संघर्ष किया।बाबा साहेब ने शिक्षा के प्रसार और महिलाओं के अधिकारों के लिए भी अभियान चलाया। बाबा साहेब के विचार और कृतित्व भारतवासियों को सदैव प्रेरणा प्रदान करते रहेंगे। भाजपा के पूर्व संगठन मंत्री दिनेश शर्मा ने कहा कि बाबा साहेब के प्रयासों से सामाजिक न्याय और समानता को बढ़ावा मिला। महाविद्यालय की जनभागीदारी के अध्यक्ष प्रभात उपाध्याय ने कहा कि बाबा साहेब ने दलितों के उत्थान के लिए शिक्षा के प्रचार प्रसार पर बल दिया। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मानसिंह राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगतप्रकाश नड्डा एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के निर्देशानुसार 11 से 25 जनवरी तक संविधान गौरव दिवस अभियान मनाया गया।महाविद्यालय की प्रतिभाशाली छात्रा महक पुरोहित ने संविधान के महत्व पर ओजस्वी विचार व्यक्त किए। अतिथियों ने महक पुरोहित को सम्मानित किया।समारोह के आरंभ में जनप्रतिनिधियों ने महानायक स्वतंत्रता सेनानी सुभाषचंद्र बोस एवं प.श्याम मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण किया एवं नगर के वरिष्ठ नागरिकों का शॉल,श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया।

इस दौरान भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष अनिता बंसल, पार्षद गंगा भारती शर्मा, अमिता मंत्री, विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मीनारायण पटेल, राजेश पाल, संजय राठौर, मनोज जैन, श्याम ठाकुर, मोहित यादव, शुभम शर्मा, दुर्गेश परिहार, ओम वर्मा, अमरदीप खनूजा,राहुल हिरोड़िया सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।




# आचार्य श्री के मानस पुत्र मुनिश्री प्रसाद सागर जी का आज परासिया आगमन

धनंजय वडसमुद्रकरजोशी

छिंदवाड़ा (केसरिया हिंदुस्तान) जिला छिंदवाड़ा के अंतर्गत तहसील परासिया मे दोपहर बाद 4ः30 बजे प पूज्य गुरुवर आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महामुनिराज के मानस पुत्र निर्यापक 108 मुनिश्री प्रसाद सागर जी महाराज ससंघ ,मुनिश्री के साथ 108 मुनिश्री पदम सागर जी व 108 मुनिश्री शीतलसागर जी महाराज , का आगमन होने जा रहा है

**आचार्य श्री की स्मृतियों के साक्षी :** मुनिश्री प्रसाद सागर जी को आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी की समाधि तक उनके साथ रहने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उनके नेतृत्व और मार्गदर्शन में मुनिश्री पहले भी परासिया की पवित्र भूमि पर अपने चरण रखे हैं। इससे पूर्व, आप आचार्य श्री के साथ 42 मुनियों के संघ में परासिया आ चुके हैं।

**जैन समाज का भावपूर्ण स्वागत :** सकल दिगंबर जैन समाज, परासिया, इस शुभ अवसर पर मुनिश्री और उनके संघ का स्वागत करने के लिए अत्यंत उत्साहित है। समाज ने सभी श्रद्धालुओं से निवेदन किया है कि वे 24 जनवरी 2025 की शाम 4ः00 बजे खिरसाडोह स्थित हीरो शोरूम के सामने एकत्रित हों। वहाँ से संघ की अगवानी की जाएगी।



**धर्म आराधना का अद्भुत अवसर :** मुनिश्री प्रसाद सागर जी महाराज का परासिया आगमन न केवल जैन समाज के लिए बल्कि संपूर्ण क्षेत्रवासियों के लिए एक धर्म आराधना का अद्भुत अवसर है। उनके आगमन से धार्मिक ऊर्जा का प्रवाह होगा और समाज धर्म व सदाचार की ओर अग्रसर होगा।

**समाज की अपील :** सकल जैन समाज ने श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि वे इस पावन अवसर का लाभ उठाकर मुनिसंघ के दर्शन करें और धार्मिक कार्यक्रम में भाग लें।

# इंडियन ऑयल बॉटलिंग प्लांट में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का हुआ आयोजन

केसरिया हिंदुस्तान दिनेश वर्मा

घट्टिया - इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड के नजरपुर स्थित एलपीजी बॉटलिंग प्लांट में स्टेक ट्रक एवं बल्क ट्रक तथा कांट्रैक्ट कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें उनके नेत्र परीक्षण,हृदय कि जांच जैसे ईसीजी,ईएफ़टी,जांच शुगर कि जांच आदि की गई। शिविर में सभी श्रमिक एवं ड्राईवरगण ने बड़ चड़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता एवं नशा मुक्ति तथा उससे होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक करना जैसे शराब, गुटखा, बीड़ी, सिगरेट आदि मादक पदार्थों के सेवन से होने वाली बीमारियों के विषय मे बताया गया।

कार्यक्रम का उदघाटन संयंत्र प्रमुख श्री विशाल उदिया(उप महाप्रबंधक) द्वारा किया गया तथा श्री विभव दिवेदी(सुरक्षा अधिकारी) कि अध्यक्षता में एवं श्री अमनदीपसिंह वरिष्ठ प्रबन्धक, श्री अंशुल साल्वी (सुरक्षा अधिकारी),श्रीमति एस रजमीनाक्षी प्रबन्धक,श्री नटवरसिंह चौहान वरि.व्यवसाय सहा आदि कि उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न किया गया प्लांट द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण एवं अन्य जागरूकता संबन्धित कार्यक्रम समय समय पर संस्था द्वारा प्रत्येक वर्ष आयोजित किए जाते रहे है जिसका मूल उद्देश्य स्वास्थ्य सुरक्षा एवं जागरूकता है।



# नगर आगमन पर जिला अध्यक्ष का पुराने वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं नें किया स्वागत

केसरिया हिंदुस्तान दिनेश वर्मा

महिदपुर। भारतीय जनता पार्टी के निर्वाचित जिला अध्यक्ष राजेश धाकड़ के प्रथम नगर आगमन पर सर्वप्रथम भाजपा के वरिष्ठ एवं पुरानें कार्यकर्ता पूर्व मण्ड़ल अध्यक्ष रह चुके तथा तीन बार जिला उपाध्यक्ष रह चुके अरुण चौधरी के नेतृत्व में अशोक मेहता (राम) पूर्व जिला संयोजक व्यापारी प्रकोष्ट सुधीर मूणत, दिनेश ग्रोवर, योगेश पोरवाल, विरेन्द्र नवलखा मित्र मण्ड़ल आदि के द्वारा गंगावाडी मेला मार्ग स्थित मेहता बिल्डींग मटेरियल परिसर में ढोल धमाकों के साथ साफा बांधकर भव्य स्वागत किया गया वहीं लखन आंजना मित्र मंडल द्वारा भी मार्ग में भव्य स्वागत किया गया जिसमें सैंकड़ो की संख्या में युवा सम्मिलित हुए तथा भारत माता की जय की नारो से नगर को गूंजायमान किया गया जिसमें क्षेत्र के युवा स्वागत में सम्मिलित हुए व फूल माला पहनाकर जिला अध्यक्ष को अपनी शुभकामनाएं दी।



## शासकीय स्कूल में बता रहे खेलों का महत्व

संवाददाता विपिन पटेल तेंदूखेड़ा

शिक्षा के साथ साथ छात्रों के शारिरिक विकास और स्वास्थ्य की दृष्टि से खेल भी बहुत जरूरी है। शासकीय विद्यालय डोभी में खेल शिक्षक के द्वारा प्रति दिवस बच्चों को खेल सिखाए जाते हैं वर्तमान में गणतंत्र दिवस के पूर्व दो दिवसीय प्रतियोगिता भी आयोजित कराई जा है जिसमें बच्चों को वॉलीबॉल टेनिस बॉल खो-खो बैडमिंटन ऊंची कूद बोरा दौड़, आदि खेल की प्रतियोगिताएं आयोजित संस्था स्तर पर कराई जा रही है। इस प्रतियोगिता में सम्मिलित होने वाले सभी विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर गणमान्य नागरिकों द्वारा सम्मानित कराया जाएगा। खेल के माध्यम से व्यायाम का भी अभ्यास कराया जा रहा हैं। इस प्रतियोगिता में नीलेश पटेल नीलेश पाली, प्रदीप ठाकुर बशीर खान सचिन पटेल महिला शिक्षक रोमा चौधरी गायत्री शर्मा शिवानी पाली आदि के माध्यम से इस प्रतियोगिताओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है।

# कमिश्नर ने स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्र एवं गौशाला का निरीक्षण कर देखी व्यवस्थाएं

## ग्राम कूड़न में चौपाल लगाकर सुनी समस्याएं, दिए निर्देश

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान-पुरषोत्तम साहू**

पन्ना-संभागायुक्त डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत ने गुरुवार को पन्ना प्रवास के दौरान सिमरिया, अमानगंज और गुनौर क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्र, गौशाला एवं तहसील कार्यालय सिमरिया का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। साथ ही अन्य विकास कार्यों का जायजा भी लिया। स्थानीयजनों से संवाद कर समस्या निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए।

कमिश्नर डॉ. रावत ने सिमरिया तहसील कार्यालय में राजस्व प्रकरणों के निराकरण एवं राजस्व महाभियान 3.0 के क्रियान्वयन की जानकारी ली। तहसील कार्यालय की व्यवस्थाओं का अवलोकन कर आरबीसी प्रकरणों में अविलंब कार्यवाही के निर्देश दिए। प्रवाचक एवं नाजिर शाखा के अभिलेखों का अवलोकन कर विधिवत रूप से दस्तावेज संधारण के निर्देश भी दिए। इसके उपरांत लुधनी ग्राम पंचायत के पुरानी बावड़ी के जीर्णोद्धार कार्य को भी देखा। यहां गहरीकरण सहित स्वच्छ पानी की उपलब्धता के लिए अन्य जरूरी कार्य कराने के निर्देश भी दिए। जिला पंचायत सीईओ ने मनरेगा योजना के तहत जल गंगा संवर्धन अभियान एवं अन्य योजनाओं के तहत पुरानी जल संरचनाओं के पुनरुत्थान के तहत होने वाले कार्यों की जानकारी दी।



**बच्चों को वितरित किए फल एवं टॉफी:** संभागायुक्त ने सिमरिया के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 75 पहुंचकर बच्चों से संवाद किया। यहां दर्ज बच्चों तथा संचालित गतिविधियों की जानकारी भी ली। जिला कार्यक्रम अधिकारी से नवीन स्वीकृत आंगनवाड़ी केंद्रों के बारे में पूछा और सभी केंद्रों के अविलंब संचालन के लिए तत्काल आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। कमिश्नर ने बच्चों को दुलार किया और टॉफी और फल का वितरण कर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका को केंद्र में नियमित रूप से खेल खेल में अक्षर ज्ञान और विकासात्मक गतिविधियां संपादित करने के लिए कहा। समयबद्ध रूप से पोषण आहार वितरण, घर-घर संपर्क तथा अन्य कल्याणकारी योजनाओं का त्वरित लाभ प्रदान करने की बात कही। आंगनवाड़ी केंद्र परिसर की सुरक्षा के लिए बाउंड्रीवाल बनाने के निर्देश भी दिए।

कमिश्नर डॉ. रावत ने पुरैना की प्राथमिक शाला और हाईस्कूल का निरीक्षण भी किया। यहां की बेहतर व्यवस्थाओं पर प्राचार्य की सराहना की। साथ ही निपुण भारत कार्यक्रम के तहत प्राथमिक कक्षाओं में की गई व्यवस्थाओं की जानकारी ली। पुरैना के प्राथमिक शाला का चयन राष्ट्रीय बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान कार्यक्रम में किया गया है। इसमें निर्धारित लक्ष्य एवं कार्ययोजना अनुसार बच्चों को अध्ययन में विभिन्न गतिविधियां व सुविधा प्रदान कर निपुण किया जा रहा है। साथ ही शिक्षकों को भी आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। कमिश्नर द्वारा विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों से पाठ्येत्तर गतिविधियों व स्कूल प्रबंधन के माध्यम से प्रदान की जा रही सुविधाओं की जानकारी ली गई। परीक्षा परिणामों में सुधार के लिए शिक्षकों को बेहतर अध्यापन व मूल्यांकन के निर्देश दिए गए। संभागायुक्त के आगमन पर बच्चों द्वारा आत्मीय स्वागत व अभिवादन भी किया गया। कमिश्नर ने विद्यालय परिसर स्थित रसोई घर पहुंचकर भोजन की गुणवत्ता देखी एवं मध्यान्ह भोजन चखा। इस दौरान उन्होंने साफ-सफाई का महत्व भी बताया और नियमित रूप से प्रतिदिन के मीनू चार्ट अनुसार पोषण एवं गुणवत्तायुक्त भोजन वितरण के निर्देश दिए। संबंधित अधिकारियों को स्कूल परिसर में विद्युत लाइन के व्यवस्थित संधारण और पौधरोपण के संबंध में भी निर्देशित किया। कमिश्नर ने गुनौर विकासखंड की ग्राम पंचायत झरकुआ स्थित कृष्णा गौशाला का निरीक्षण कर गौशाला संचालक से उपलब्ध गौवंश और चारा भूसा एवं अनुदान राशि के संबंध में जानकारी ली। गौशाला के माध्यम से गोबर एवं गौ मूत्र सहित अन्य गौ उत्पादों के निर्माण व विक्रय के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान कलेक्टर सुरेश कुमार, जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय, उपायुक्त राजस्व विनय द्विवेदी, एसडीएम समीक्षा जैन, तहसीलदार कैलाश कुर्मी, परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार सहित अन्य अधिकारी भी

# भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे के प्रथम नगर आगमन पर हुआ भव्य स्वागत

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान-दीपेंद्र पटैल**

हटा- भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल हटा द्वारा दमोह जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे का स्वागत कार्यक्रम उमाश्री पैलेस हटा आयेजित किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय सांसद राहुल सिंह लोधी विधायक श्री मति उमादेवी लालचंद खटीक,जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे पूर्व जिलाध्यक्ष प्रीतम सिंह लोधी द्वारा कार्यक्रम में सर्वप्रथम भारत माता पंडित दीनदयाल उपाध्याय श्यामाप्रसाद मुखर्जी समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यापर्ण किया गया । उसके पश्चात स्वागत भाषण मंडल अध्यक्ष सौरभ नेमा द्वारा दिया गया। पूर्व जिलाध्यक्ष ने अपने कार्यकाल की चर्चा करते



हुए हटा के कार्यकर्ताओं को पार्टी संगठन में गाइड लाइन एवं पार्टी के संस्कारो का महत्व बताया विधार्थी परिषद से लेकर भाजपा तक संघर्ष का सफर कैसे तय किया इस पर भी प्रकाश डाला साथ ही जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे के जीवन परिचय देते हुए बताया कि श्याम शिवहरे विद्यार्थी परिषद में काम करते हुए हम लोगो कामार्गदर्शन एवं सहयोग किया करते थे निश्चत ही हम उनसे छोटे रहे पर हमने जो जिम्मेदारी दी उसका इन्होंने पालन करते हुए पार्टी का कार्य किया । संघ में एवं अनुसांगिक संगठनो में निरंतर लंबे समय तक सेवाएं देने के बाद ही आज वह इस मुकाम पर पहुँचे है। स्वागत कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने उपस्थित सभी पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं का आभार करते हुए संगठन सर्वोपरि का मंत्र दिया एवं कार्यकर्ताओं से अपेक्षा रखी कि आप सभी कम संसाधनों में पार्टी के कार्यक्रम एवं संचालन में सहयोग करेंगे। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री रत्नेश खटीक एवं आभार पूर्ववर्ती मंडल अध्यक्ष मनीष पल्या ने किया। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष भोले सराफ, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रिंस जैन ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष गोपाल पटेल, पटेरा मंडल अध्यक्ष बलवंत सिंह, कुम्हारी मंडल अध्यक्ष राजेंद्र यादव, फतेहपुर मण्डल अध्यक्ष श्याम गर्ग जिलाध्यक्ष उपाध्यक्ष अनुराग वर्धन हजारी, चन्द्रभान पटेल, रामकली तंतुवाय, जिला मंत्री ब्रजेश दुबे, अनिता खरे, बहादुर पटेल, सोमिल हजारी, ब्रेजेन्द्र सिंह राजपूत, मनीष जैन, मनोज सराफ, मयंक खटीक, नारायण तंतुवाय, वीरेंद्र अहिरवार, गर्वेश राजपूत, हितेश सोनी, देवांश तंतुवाय, रजनी दुबे, अंजना चौबे, गिरीश खटीक,शिवशंकर कुशवाहा, प्रमोद पुजारी, अनिल साहू, छोटू तंतुवाय, सौरभ कोरी, सुशील सेलट आदि कार्यकर्ताओं की विशेष उपस्थिति रही।

# श्री इच्छापुर बालाजी की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में बड़ावदा सेवा एवं रक्तदान संस्था द्वारा स्वेच्छिक रक्तदान शिविर 74 यूनिट के साथ संपन्न

**केसरिया हिंदुस्तान दिनेश पौराणिक**

**जावरा।** करौंदी रोहल खुर्द काकड़ पर श्री इच्छापुर बालाजी मंदिर का भव्य मंदिर बनाया गया जिसमें सभी दान राशि सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त हुई । लगभग 32 लाख रुपए से निर्मित मंदिर में श्री बालाजी की प्राण प्रतिष्ठा का महोत्सव संपन्न हुआ । मात्र 18 महीने में दानदाताओं ने शोशल मीडिया के माध्यम से 31 लाख का मंदिर और लगभग 15 लाख प्राणप्रतिष्ठा खर्च राशि दानदाताओं ने एकत्रित की ! शाखा करौंदी के रक्तदाताओं द्वारा बड़ावदा सेवा एवं रक्तदान संस्था के तत्वाधान में विशाल रक्तदान शिविर



का आयोजन रखा गया जिसमे 74 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ जिसमे एक यूनिट रक्तदान मातृशक्ति द्वारा किया गया । रक्त संचय सिविल अस्पताल उज्जैन रक्त समूह टीम द्वारा एकत्रित किया गया! ईश्वर भक्ति के साथ-साथ मानव जीवन बचाने के उद्देश्य से सभी भक्तों ने बढ़ चढ़कर रक्तदान कार्यक्रम में हिस्सा लिया और दिखा दिया कि सबसे बड़े दान रक्तदान का जीवन में कितना महत्व है !

बड़वाड़ा सेवा एवं रक्तदान संस्था और बालाजी भक्त मंडल सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करता है !

# मेंगरा पार्वती पुल की हालत जर्जर, हो सकता है बड़ा हादसा

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान प्रेम सिंह कुशवाह पत्रकार**

मेंगरा पार्वती पुल जो कि आज से लगभग 50 साल पहले बना था आज वो डिमेज हो चुका है और लगभग 2 से 3 बार रिपेयर भी किया जा चुका पर प्रशाशन ओर शासन केवल मरम्मत का ही विकल्प क्यो चुनती है और लोगो की ज़िंदगी से खिलवाड़ क्यो करती है क्यो नही नया पुल का निमार्ण किया जाता ये सब बातों से अंदाजा लगाया जा सकता है कि भाजपा सरकार केवल भरस्टाचार को बढ़ावा देती है ओर पूंजीपति की सरकार है उसे आज आम जनता की परेशानी से कोई लेना देना नही है आज मेंगरा आम से वैकल्पिक रास्ते से मोटर




साइकिल निकाल रहे है लोग ओर परेशान हो रहे है पर आज एक सप्ताह होने के बाद भी बेल्पिक रास्ता नही बनाया गया है जबकि ये पुल दो जिलों को जोड़ती है और दोनों जिलों की विधानसभा बैरसिया(भौपाल)ओर ब्यावरा(राजगढ़)से विधायक भी भाजपा से ही है और मंत्री भी है में हमारे मंत्री जी श्री नारायण सिंह पवार जी से अनुरोध करूँगा की आप जल्दी से जल्दी कोई रास्ता निकाले ओर लोगो की परेशानियों को समझते हुए शीघ्र ही वाहनों के लिए कोई बेकल्पिक रास्ता का निमार्ण कराए????

# बाइकों की आमने-सामने से टक्कर, दर्दनाक हादसे में दो की मौत और दो घायल

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान-पुरषोत्तम साहू**

**दमोह/पटेरा-** दमोह जिले के पटेरा थाना क्षेत्र में बुधवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई और दो गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार पटेरा थाना के मड़िया देवीसिंह मार्ग पर दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर हो गई। एक बाइक पर रनेह निवासी 60 वर्षीय बाबूलाल जोशी अपने बेटे गुड्डू के साथ पटेरा से रनेह जा रहे थे। वहीं, दूसरी बाइक पर सवार गैसाबाद निवासी 33 वर्षीय नीलेंद्र अहिरवार अपनी पत्नी सविता के साथ पिपरिया की ओर



जा रहे थे। इस मड़िया गांव के पास दोनों बाइकों की टक्कर हो गई। हादसे में बाबूलाल जोशी और नीलेंद्र अहिरवार की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में गुड्डू जोशी गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें 108 एंबुलेंस से दमोह जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नीलेंद्र की पत्नी सविता को मामूली चोटें आई हैं।

सूचना मिलते ही पटेरा थाना प्रभारी सरोज ठाकुर और प्रधान आरक्षक रूपलाल सहित पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया और मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए सुरक्षित रखवा दिया। गुरुवार सुबह शवों का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**इधर, अज्ञात वाहन की टक्कर से बुजुर्ग की मौत:** सागर नाका पुलिस चौकी अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र के पास एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने पैदल जा रहे व्यक्ति को टक्कर मार दी। गंभीर हालत में उन्हें जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार चिंतामन सिंह (60) निवासी सागर नाका सड़क किनारे पैदल जा रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन के चालक ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिर गए। कुछ देर बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस अज्ञात कार की तलाश कर रही है।

# फिर एक बार झाबुआ कलेक्टर नेहा मीना के कारण झाबुआ का नाम राष्ट्रीय पटल पर चमचमाया

**जिला ब्यूरो जावेद खान**

झाबुआ कलेक्टर नेहा मीना को 25 जनवरी 2025 को दिल्ली में आयोजित 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम में सम्मानित किया जायेगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कलेक्टर को बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिस अवार्ड = 2024-25 से सम्मानित किया जाएगा।

पश्चिमी मध्यप्रदेश का आदिवासी बाहुल्य जिला झाबुआ का नाम झाबुआ कलेक्टर नेहा मीना के कार्यकाल मे एक बार फिर राष्ट्रीय पटल पर चमचमाया भारत निर्वाचन आयोग ने कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा मीना को बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिस अवार्ड- 2024-25 से सम्मानित करने के लिए चुना है। यह प्रतिष्ठित अवार्ड उन्हें उनकी बेहतरीन कार्यशैली और निर्वाचन प्रक्रिया के प्रति प्रतिबद्धता के कारण मिला है। कलेक्टर नेहा मीना को 25 जनवरी 2025 को



दिल्ली में आयोजित 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम में सम्मानित किया जायेगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिया जाने वाला यह अवार्ड जनरल कैटेगिरी में देश भर के केवल 9 कलेक्टर्स और दो पुलिस अधीक्षक को दिया जायेगा। मध्य प्रदेश से एकमात्र कलेक्टर नेहा मीना का नाम इस सूची में शामिल किया गया है। झाबुआ में जिला निर्वाचन अधिकारी के रूप में उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य ने उन्हें इस सम्मान का पात्र बनाया। निर्वाचन आयोग ने चुनावों के संचालन में आईटी पहल, सुरक्षा प्रबंधन, चुनाव प्रबंधन, सुलभ चुनाव, मतदाता सूची और मतदाता जागरूकता और पहुंच के क्षेत्र में उनके योगदान और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार घोषित किए हैं। प्रत्येक श्रेणी में जनरल, स्पेशल और स्टेट अवॉर्ड दिए जाएंगे।

**अहिल्याबाई किले की थीम पर बने डोम में होगी कैबिनेट**

# गोविंद सिंह राजपूत, प्रतिमा बागरी समेत अधिकांश मंत्री आज ही महेश्वर पहुंचेंगे

**भोपाल।** मोहन कैबिनेट की बैठक कल देवी अहिल्याबाई के किले की थीम पर बने डोम में होगी। इसके लिए महेश्वर में एमपीटी के नर्मदा रिट्रीट को महेश्वर किले की तर्ज पर सजाया गया है। 100 बॉय 100 के डोम में कैबिनेट की बैठक के बाद यहीं पर मंत्रियों के वीआईपी भोजन की व्यवस्था की गई है। गोविंद सिंह राजपूत, प्रतिमा बागरी समेत अधिकांश मंत्री आज ही महेश्वर पहुंच जाएंगे। सबसे पहले अहिल्याबाई की राजगादी पर माथा टेकने का काम होगा। इसके बाद मंत्री नर्मदा पूजन कर कैबिनेट में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने डेस्टिनेशन कैबिनेट की ऐतिहासिक पहल की है। यह पहल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पर्यटन को बढ़ावा देने की अवधारणा को भी धरातल पर साकार करती है। शुक्रवार को लोकमाता देवी



अहिल्याबाई होल्कर की नगरी महेश्वर में राज्य सरकार कैबिनेट की बैठक करने जा रही है। जो देवी अहिल्याबाई की 300वीं जयंती वर्ष को समर्पित होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई का सम्पूर्ण जीवन लोक-कल्याण और सुशासन को समर्पित रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार देवी अहिल्याबाई द्वारा महिला सशक्तिकरण, किसान-कल्याण, सुशासन की दिशा में दिखाए मार्ग पर चलकर समग्र विकास को चरितार्थ करने के लिये संकल्पित है।

# दो बेटियों ने जोबट का बढ़ाया मान, एमपीपीएससी में हुआ चयन

**हरीश सोनी केसरिया हिंदुस्तान**

जोबट। एमपीपीएससी परीक्षा पास करके जोबट की दो बेटियों ने जोबट क्षेत्र का मान बढ़ाया है। एमपीपीएससी पास करके ग्राम उबलड़ के होली फलिया निवासी कुमारी प्रमिला गजराज सिंह डावर का चयन सहकारिता निरीक्षक के पद पर तथा कुमारी शिवांगी दिलीप डावर का सहायक संचालिका के पद पर चयन हुआ। बेटियों ने अपने माता पिता व गुरुजनों को इस सफलता का श्रेय दिया। प्राथमिक शिक्षा जोबट के निजी विद्यालय तथा माध्यमिक व उच्च माध्यमिक शिक्षा कन्या शिक्षा परिसर कुक्षी में ग्रहण की बाद में इंदौर में रहकर उच्च शिक्षा पूर्ण की। प्रमिला के पिता गजराज डावर ने बताया कि




दोनों बेटियों ने भरपूर पढ़ाई कर अपनी पूरी मेहनत से यह सफलता हासिल की है। चयन होने के बाद से ही हर कही से बधाई संदेश प्राप्त हो रहे है और क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

# पर्यवेक्षक पद के 50 प्रतिशत पदों पर भर्ती प्रक्रिया में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को आयु सीमा में छूट दी जाए

## मप्र बुलंद आवाज नारी शक्ति आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायक संगठन ने सौंपा ज्ञापन

**बैतूल।** मप्र बुलंद आवाज नारी शक्ति आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायक संगठन ने पर्यवेक्षक पद हेतु 50 प्रतिशत पदों पर भर्ती प्रक्रिया के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की आयु सीमा में छूट दिए जाने की मांग की है। इस मांग को लेकर संगठन की जिला अध्यक्ष श्रीमती शकुन बारंगे के नेतृत्व में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने महिला बाल विकास मंत्री श्रीमती निर्मला भूरिया, संयुक्त संचालक स्वर्णिमा शुक्ला को ज्ञापन सौंपा है। संगठन ने स्पीड पोस्ट के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया है।



ज्ञापन के माध्यम से जिला अध्यक्ष ने बताया कि आंगनवाड़ी कायकर्ता से पर्यवेक्षक पद हेतु 50 प्रतिशत पदों पर भर्ती प्रक्रिया के लिए आवेदन लिए जा रहे है। यह प्रतियोगी परीक्षा पूरे 08 वर्ष बाद निकाली गई है। यह पद केवल आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के लिए ही माध्यम से भरे जाने हैं। परंतु 50 प्रतिशत से ज्यादा कार्यकर्ता अपनी आयु 45 वर्ष पूर्ण कर चुकी है, जिसके कारण योग्य आंगनवाड़ी कार्यकर्ता इस पद के लिए परीक्षा देने में अपात्र घोषित हो रही है, जो कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ अन्याय है। संविदा पर्यवेक्षक से, पर्यवेक्षक के फार्म भरने के लिए आयु सीमा में 55 वर्ष की छूट दी गयी है। साथ ही उन्हें अनुभव के बोनस अंक दिये जा रहे है। ठीक इसी प्रकार आंगनवाड़ी कार्यकर्ता होने पर भी आयु की छूट प्रदान की जाए एवं अनुभव के आधार पर अंक की छूट दी जाए।

**आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के प्रमोशन में आयु बनी बाधा :-**

विदित है कि यह पर्यवेक्षक के पद योग्य आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के माध्यम से ही भरे जाने हेतु रिक्त है। सभी कार्यकर्ताओं को पर्यवेक्षक पद हेतु अपनी योग्यता सिद्ध करने के लिए प्रोत्साहित किया जाये, जिससे आंगनवाड़ी कार्यकर्ता का मनोबल बढ़े। आयु के बंधन होने से आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के प्रमोशन का मार्ग बंद हो रहा है, जो कि आंगनवाडी कार्यकर्ताओं के मार्ग में एक बाधा है। उल्लेखनीय है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता 18 से 20 वर्षों का अनुभव रखती। इतने वर्षों का अनुभव रखने वाली आंगनवाड़ी कार्यकर्ता परीक्षा से वंचित रह जाएगी। यह पर्यवेक्षक के पद मानसेवी आंगनवाड़ी कार्यकताओं के माध्यम से ही भरे जाने है। संगठन ने भर्ती प्रक्रिया के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की आयु सीमा में छूट दिए जाने की मांग की है।

# सीएचएमओ कार्यालय के आदेश पर डॉ. राकेश शर्मा की एनेस्थीसिया डिप्लोमा की होगी जाच, शासन को हुई शिकायत पर स्वास्थ्य विभाग ने दिये आदेश

देबाशीष गांगुली (संवाददाता दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान)




**बैकुंठपुर।** कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बैकुंठपुर के द्वारा संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं रायपुर के आदेश पर दो सदस्यी जाच दल को डॉ0 राकेश शर्मा, संचालक शर्मा हॉस्पिटल बैकुंठपुर के एनेस्थीसिया में डिप्लोमा के दस्तावेज की जाच के लिए नियुक्त किया है। जाच के लिए डॉ. श्रेष्ठ मिश्रा, खण्ड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोनहत, संगीता सिंह, सहायक ग्रेड 03 को आवेदक डॉ. प्रिस जायसवाल, निवासी बैकुंठपुर की शिकायत पर अस्पताल संचालक, डॉ. राकेश शर्मा, शर्मा हॉस्पिटल बैकुंठपुर के एनेस्थीसिया में डिप्लोमा के दस्तावेज की जांच करने की जिम्मेदारी दी गई है। गौरतलब हो कि बैकुंठपुर निवासी डॉ. प्रिंस जायसवाल ने शासन के अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग से एक निजी हास्पिटल संचालक डाक्टर के एनेस्थीसिया में डिप्लोमा के दस्तावेज की जांच कराने की मांग की थी। उन्होने अपने लिखित पत्र में कहा है कि आरटीआई से प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त डाक्टर के द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य उपचर्यागृह तथा रोगोपचार संबंधी अधिनियम, 2013 अंतर्गत पंजीयन के लिए संलग्न एनेस्थीसिया में डिप्लोमा का जो दस्तावेज अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा से सन् 1993 में पैरामेडिकल डिप्लोमा इन एनेस्थीसिया का प्रस्तुत किया गया है। जबकि डा. प्रिंस के द्वारा आरटीआई लगाकर विद्यालय से जानकारी ली गई। जिस पर विश्व विघालय ने जो जवाब दिया वह अपने आप में पूरे मामले से पर्दा हटाने के लिए काफी है। विश्वविद्यालय ने आरटीआई का लिखित जवाब में कहा है कि पैरामेडिकल डिप्लोमा इन एनेस्थीसिया चिकित्सक जैसा कोई कोर्स उनके यहा संचालित ही नही होता है। इसलिए डा. प्रिंस ने कहा कि कई दशको से संचालित निजी हास्पिटल के डाक्टर की योग्यता की उच्चस्तरीय जाच होनी चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### डिप्टी सीएम देवड़ा बोले- पर्यावरण सामाजिक समानता के संतुलन के बिना कोई काम पूरा नहीं हो सकता

**भोपाल।** डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा ने कहा है कि पर्यावरण सामाजिक समानता के संतुलन के बिना कोई भी विकास पूर्ण नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि हमारा प्रदेश संयुक्त राष्ट्र सतत विकास के लक्ष्यों पर अमल करने के लिए प्रतिबद्ध है। सतत विकास के लिए भोपाल में हो रही यह कार्यशाला न केवल राज्यों बल्कि जिला स्तर पर निगरानी तंत्र को मजबूत करने के लिए प्रेरित करेगी। कार्यशाला के माध्यम से पर्यावरण सुधार, जिला स्तरीय निगरानी तंत्र को सशक्त बनाने का भी काम किया जा सकेगा। आंकड़ों की गुणवत्ता सुधारने, लैंगिक सांख्यिकी पर कैपिसटी बिल्डिंग में सहयोगी होगी। राजधानी के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में दो दिनी कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर डिप्टी सीएम देवड़ा ने कहा कि हमारी सरकार इसके लिए हर संभव सहयोग करने प्रतिबद्ध है। इस कार्यशाला में शोध और अन्य कार्यों के जो सकारात्मक रिजल्ट आएंगे, उस पर सरकार अमल करने का काम करेगी।

### भोपाल में अपर मुख्य सचिव के घर घुसा चोर

**भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन के घर मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात अज्ञात चोर घुस गया। आहट होने पर घर में मौजूद रिश्तेदार ने आवाज दी तो आरोपी भाग निकला। मामले की शिकायत गुरुवार को थाने में की गई है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। वारदात हाई सिक्योरिटी एरिया चार इमली में हुई है। हबीबगंज थाने के प्रभारी अजय सिंह सोनी ने बताया कि एसीएस अनुपम राजन चार इमली में स्थित सरकारी आवास में रहते हैं। बीते दिनों परिवार के साथ बाहर गए थे। बंगले में एक गनमैन और एक रिश्तेदार थे। मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात को उनके घर में अज्ञात युवक घुस गया था। जिसने खिड़की से एक बैडरूम में तांक-झांक की। आहट होने पर रिश्तेदार ने आवाज लगाई तो आरोपी भाग निकला। सूचना मिलने के बाद में घटना स्थल का निरीक्षण किया। गेट से फिंगर प्रिंट सैंपल भी लिए हैं। शिकायत आवेदन के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

### डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम से जाना जायेगा भोपाल का फ्लाई-ओवर

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने भोपाल के सबसे लंबे ब्रिज जीजी फ्लायओवर का लोकार्पण किया। 153 करोड़ की लागत से बने 2534. मी. लंबे इस ब्रिज को अब डॉ भीमराव अंबेडकर सेतु के नाम से जाना जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने अपने संबोधन में इस बात की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस ब्रिज का एक सिरा सुभाष चंद्र बोस सेतु से जुड़ता है तो दूसरा सिरा सावरकर सेतु से जुड़ेगा। ऐसे में हम इस ब्रिज का नाम डॉ भीमराव अंबेडकर के नाम पर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना, अतिक्रमण, मेट्रो प्रोजेक्ट जैसी कई मुश्किलों के बावजूद श्रमिकों ने रात-रात भर जागकर इस सेतु का निर्माण किया। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि कांग्रेस के शासन में भोपाल का कभी विकास नहीं हो पाया। कांग्रेस ने भोपाल के विकास को रोके रखा लेकिन पटवा सरकार में विकास की नई इबारत लिखी गई। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द बैरागढ़ ब्रिज का लोकार्पण किया जाएगा। साथ ही मुख्यमंत्री ने बावड़ियाकलां में 180 करोड़ की लागत से नया ब्रिज बनाए जाने का भी ऐलान किया। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द राजधानी वृहद परियोजना का नक्शा आने वाला है। जिसमें भोपाल, रायसेन, सीहोर, विदिशा को मिलाकर एक बड़ी परियोजना बनाई जाएगी।

# बाड़ी पुलिस की सराहनीय कार्यवाही : पकड़ाया राज्य स्तरीय वाहन चोर गिरोह

शैलेन्द्र चौहान केसरिया हिन्दुस्तान



बाड़ी नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों मे कुछ समय से मोटर साइकिल चोरी की घटना तेजी से बढ़ती जा रही थी। कई लोगों की बाईक पर चोरों ने हाथ साफ किया। बाड़ी पुलिस द्वारा चोरों को पकड़ने का निरंतर प्रयास किया जा रहा था।। दो दिन पूर्व ही एक फरियादी ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि उसकी काले लाल रंग की हीरो डीलक्स मोटरसाइकल चोरी हो गई है। रिपोर्ट पर अपराध क्रमाक ,,21/2025-धारा 303(बीएनएस) पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। बाड़ी पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए अपने सूचना तंत्र को काम पर लगा दिया, परिणामस्वरुप एक मुखबिर की सूचना पर राजू धानक नामक व्यक्ति को संदेह के आधार पर पूछताछ के लिये थाने लेकर आये। कड़ी पूछताछ के बाद पुलिस के सामने आरोपी टूट गया और अपने साथियो सहित जो 14 मोटर साईकिल एवं एक टेम्पो जो चोरी किये गये थे कबूल किया। जिसमे उसके 6 साथी चोरी की मोटर साइकिल का उपयोग करते पाये गये। एस डी ओ पी अदिती सक्सेना एंव टी आई बाड़ी राजेश तिवारी सहित समस्त स्टाफ की सक्रियता से ये वाहन चोर पकड़ाये। इन वाहनो की कीमत लगभग 12 लाख मूल्य की है। सराहनीय भूमिका थाना प्रभारी राजेश तिवारी , सुरेश नारायण दुबे ,उनि पद्मा बरकरे,प्रआर267 मोहनीश,प्रआर 620 रोहित प्रआर 182 प्रदीप चौधरी आर 741 सोहन सिंह आर,15 देवेन्द्र सिंह आर 657 सौरभ परमार आर 118 नागेन्द्र सिंह आर 390 अनिल ललित सैनिक लेख चन्द्र एवं नगर सुरक्षा समिति सदस्य मंगल अहिरवार ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है।

### मामला वापस न लेने पर पटवारी ओमप्रकाश ने दी जान से मारने की धमकी

**बैतूल।** रानीपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम छुरी निवासी एक बुजुर्ग ने कुछ लोगों पर मामला वापस लेने का दबाव व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। इसकी शिकायत पीड़ित रिटायर्ड कोलकर्मी चेतराम वर्मा ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक से कर उचित कार्रवाई किए जाने की मांग की है। शिकायतकर्ता श्री वर्मा ने बताया कि उनके द्वारा ओमप्रकाश पटवारी को तीन वर्ष पहले 9 लाख रूपये पेट्रोल पम्प बनवाने के लिए दिये थे। नगद पैसे देने के एवज में ओमप्रकाश द्वारा अपने बैंक के खाते का चेक दिया गया था। कुछ समय बीतने के बाद जब अपने पैसे वापस लेने गया तो अनावेदक गुमराह करने लगा। इसके बाद उन्होंने बैंक का चेक लगाया, जो अनादरीत हो गया। शिकायतकर्ता ने बताया कि वकील के माध्यम से नोटिस भी दिया, जिसके बाद से ही मामला वापस लेने का दबाव बनाया जा रहा है। शिकायतकर्ता ने बताया कि पटवारी ओमप्रकाश पिता दिना, राहूल पिता ओमप्रकाश पटवारी, सुनिल पिता सेवकराम ग्राम खेडरामोहार, हरी प्रसाद पिता दिना द्वारा गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी जा रही है।

# जिला परिवहन अधिकारी द्वारा वाहन चालकों को परिवहन नियमों के प्रति किया गया जागरूक

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो सिंगरौली अनुरोध शुक्ला



**सिंगरौली।** परिवहन विभाग द्वारा चलाये जा रहे विशेष चेकिंग अभियान के तहत जहां नियम विरुद्ध चलने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। वहीं वाहन चालकों को परिवहन नियमों के प्रति भी जागरुक किया जा रहा है। जिला परिवहन अधिकारी विक्रम सिंह राठौर व चेक प्वाइंट प्रभारी अनिमेष जैन ने अपनी टीम के साथ दुसरे राज्यों से आने वाले वाहनों की जांच की। जांच के दौरान जिन वाहनों में कमियां पाई गई, उनके खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। इस दौरान वाहन चालकों को केंद्रीय मोटर व्हीकल एक्ट और मध्यप्रदेश कराधान अधिनियम के प्रावधानों के बारे में जानकारी दी गयी। जिन लोडिंग और यात्री वाहनों में यात्रियों की सुरक्षा से संबंधित कमियां मिलीं, उन पर जुर्माना लगाया गया और समझाइश दी गई कि जो कमियां हैं, उनको दूर करें। जिन लोडिंग वाहनों में प्रेशर हॉर्न, अग्निशमन यंत्र आदि नहीं मिले, उनके खिलाफ कार्रवाई की गई। चेक प्वांट प्रभारी ने बताया कि शासन के निर्देश पर बगैर परमिट, फिटनेस व अन्य जरुरी मापदंडों का पालन न करने वाले वाहनों की जांच सतत रुप से जारी रहेगी और जो भी वाहन नियमों की अनदेखी कर सड़क पर चलते मिलेंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

# जयंत चेक पोस्ट पर शुरू हुई फिर से वसूली, सिविल ड्रेस में भी वाहनों की कर रहे हैं जांच

## मीडियाकार्मियों को देख भाग खड़ा हुआ वसूलीबाज गैंग

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो सिंगरौली अनुरोध शुक्ला



**सिंगरौली।** आरटीओ उड़न दस्ता दल वसूली से बाज नहीं आ रहा है। आज दिन बुधवार की दोपहर उपचेक पोस्ट जयंत के सामने बोलेरो वाहन में सवार आधा दर्जन वसूलीबाज माल वाहक वाहनो से बेजा वसूली कर रहे थे। इसी दौरान कुछ मीडिया कर्मी वसूली स्थल पर पहुंच लाइव खबर चलाने तभी वसूलीबाज चोरों की तरह इधर-उधर दुपकते हुए वाहन लेकर भाग खड़े हुए। मौके पर मौजूद कई प्रत्यक्ष सदस्यों ने बताया कि जितने भी माल वाहक वाहन उक्त मार्ग से गुजर रहे थे। सभी को खड़ा कराकर 5000 से 20000 की वसूली करते पाए गए। कई ट्रांसपोर्टरों ने भी बताया कि उड़न दस्ता टीम के सदस्य मारपीट पर भी उतारू हो जाते हैं। गाली-गलौज उनके जुबान पर है। यदि कोई विरोध किया तो लाखों रुपए की पेनाल्टी लगाने की धमकी देते है। आरोप यहां तक है कि उड़न दस्ता टीम के निरीक्षक अनिमेष जैन के संरक्षण में खुलेआम गुंडागर्दी के साथ मालवाहक वाहन चालकों से 5000 से लेकर 20000 रूपये तक की अवैध वसूली की जा रही है और जब इस अवैध वसूली के बारे में कोई भी ट्रांसपोर्टर सवाल-जवाब करता है। उनका यही जवाब रहता है कि 7 करोड़ रुपए ऊपर देकर आया हूं। इसलिए वसूली करूंगा। मेरा कोई कुछ भी नही बिगाड़ सकता है। वही इस दौरान कार्रवाई का धौस दिखाकर आरटीओ उड़ान दस्ता टीम के सदस्य व सिविल भेष में वसूली कर खुलेआम धमकी देते हैं। फिलहाल उड़न दस्ता टीम के द्वारा जगह-जगह मालवाहकों से हो रही बेजा वसूली। इन दोनों चर्चाओं में बना हुआ है और यदि इस पर लगाम नही लगा तो आगे आने वाले दिनों में ट्रांसपोर्टर बड़े आंदोलन की तैयारी के लिए योजना बनाना शुरू कर दिए हैं।

**युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष का वीडियों हुआ था वायरल :-**

भाजयुमो मंडल खुटार के अध्यक्ष नितेश तिवारी का एक वीडियो सोशल मीडिया में इन दोनों चर्चाओं का विषय बना हुआ है। परसौना कन्वेयर बेल्ट के समीप आरटीओ उड़न दस्ता टीम के द्वारा मालवाहकों से की जा रही बेजा वसूली का लाइव वीडियों चलाया था। जहां उड़न दस्ता टीम के सदस्य चोरों की तरह खेतों की तरफ भाग रहे थे। उन्होंने ही सवाल उठाया था कि यदि अवैध वसूली नहीं कर रहे है, तो फिर भाग क्यों रहे है? मंडल अध्यक्ष के सवालों से उड़न दस्ता टीम कें निरीक्षक भी सवालों के कटघर्रे में गिरते नजर आ रहे हैं। वहीं अपने बचाव में आरटीओ उड़न दस्ता प्रभारी निरीक्षक तरह-तरह के हत्तकंडे अपना कर अपने आप को सबसे ईमानदार हरिश्चंद्र बनने का भी प्रयास कर रहा है।

# स्थानीय अधिकारी के सांठगांठ कर प्राइवेट स्कूलों ने अभिभावकों को बनाया जा रहा है लूट का शिकार

भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**हनुमना।** नगर हनुमना में लगभग बीस प्राइवेट स्कूल संचालित किया गया है जबकि विद्यालय को शिक्षा प्रदान के साथ विद्यालय को मंदिर की तरह माना जाता है स्कूलों में अध्ययन कर रहे बच्चे हमारे देश के उज्जवल भविष्य है किंतु हनुमना नगर में विद्यालय को व्यवसाय के रूप में संचालित किया जाता है अभिभावक लोगों ने आरोप लगाया है कि स्थानीय अधिकारी बी,आर,सी,सी, एवं बी,ओ, हनुमना से सांठगांठ कर अभिभावकों के जेब में डाका जा रहा है प्राप्त जानकारी अनुसार एक बच्चों से एक वर्ष तक के लिए यानी दस महीने अध्ययन हेतु 20हजार से 25हजार तक लिया जा रहा है उसके बाद परीक्षा फीस सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेल, मनोरंजन, किताब अगर लेना है तो किस दुकान से लेना है इनकी वह दुकान में कमीशन बना रहता है

**फीस के पश्चात नहीं होता खेल मैदान अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित :** हनुमना के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्कूलों में खेल मैदान नहीं है एवं शौचालय नहीं होने पर भी कभी भी स्थानीय अधिकारी कभी भी आकस्मिक निरीक्षण नहीं किया जाता है केवल नियमावली कागज़ पर संचालित है मिली जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि कुछ स्कूलों की मान्यता कहीं और है और स्कूल संचालित कही और है ऐसा अनुमान लगाया जाता है

# आवदा विद्यालय में कॉलेज चलो अभियान आयोजित



नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो. 9977365001

उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार एवं प्राचार्य प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सलेंस अग्रणी महाविधालय श्योपुर के मार्गदर्शन में शासकीय महाविद्यालय बड़ौदा प्राचार्य प्रो आर.आर.मुवेल के नेतृत्व में महाविधालय द्वारा कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत आज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आवदा में कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा कक्षा 12 वीं के विद्यार्थियों को अभियान के तहत नोडल अधिकारी डॉ. आसिफ कुरैशी द्वारा नवीन शिक्षा नीति 2020 एवं म.प्र.शासन की महाविधालयीन स्तर पर संचालित विभिन्न योजनाओं से अवगत कराया गया। प्रो. आरआर मुवेल द्वारा महाविद्यालय में विधार्थियो को अपने अभिभावक के साथ आओ जाने महाविधालय के लिए आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर डॉ. कल्याण सिंह कुशवाह द्वारा शासन की विभिन्न छात्रवृतियों एवं गांव की बेटी, मुख्यमंत्री मेधावी छात्र योजना आदि की जानकारी विद्यार्थियों को दी गई। प्रो. राधेश्याम मेवाड़ा द्वारा अगला कदम आपके भविष्य के लिए विषय पर छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों के बारे में बताया गया।

# महाकुंभ में जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए जुटा रीवा का प्रशासन

## कमिश्नर, आईजी और कलेक्टर ने सीमा पर महाकुंभ की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**रीवा।** प्रयागराज में महाकुंभ मेला पूरी भक्ति और उल्लास के साथ जारी है। मेले में लाखों श्रद्धालु रोज पहुंच रहे हैं। आगामी 29 जनवरी को अमावस्या तथा 3 फरवरी को बसंत पंचमी पर विशेष स्नान होंगे। इनमें शामिल होने के लिए लाखों श्रद्धालु रीवा जिले से होकर प्रयागराज पहुंचेंगे। रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद, प्रभारी आईजी साकेत प्रकाश पाण्डेय, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल तथा पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह ने सोहागी एवं चाकघाट में तीर्थयात्रियों से की गई व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कुंभ में जाने वाले यात्रियों के लिए अधिकतम सुविधाएं सुनिश्चित करें। रीवा से प्रयागराज मार्ग में जहाँ आवश्यक हो वहाँ तत्काल सुधार कराएं। सोहागी घाट में पर्याप्त संकेतक लगाएं। घाट में सड़क के सुधार का कार्य लगातार जारी रखें। पुलिस बल टोल नाके के पास प्रत्येक वाहन को चेक करे। विशेषकर बसों के ड्राइवरों को सचेत करें। यदि कोई ड्राइवर नशे में पाया जाता है तो जुर्माने की कार्यवाही करें। रात में ड्राइवरों को चाय पिलाकर तथा मुंह धुलाकर घाट में आगे बढ़ने के लिए भेजें। साथ ही यह चेतावनी भी दें कि घाट में वाहन सावधानीपूर्वक चलाएं। कमिश्नर ने सड़क निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि को कड़ी फटकार लगाते हुए सड़क में सुधार कार्य तत्परता से करने के निर्देश दिए।

**बीमार मिली एंबुलेंस :-**

कमिश्नर तथा अन्य अधिकारियों ने टोल नाके में सुविधाओं का जायजा लिया। टोल नाके में रखी गई एंबुलेंस बहुत खराब हालत में पाई गई। एंबुलेंस में तैनात उपचार कर्मी अनुपस्थित पाया गया। एंबुलेंस में दवाएं और प्राथमिक उपचार की सुविधा भी नहीं मिली। एंबुलेंस में लगा ऑक्सीजन सिलेण्डर खाली पाया गया। कमिश्नर ने 23 जनवरी को दोपहर एक बजे तक एंबुलेंस में पूरी तरह सुधार करने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने कहा कि एंबुलेंस में सुधार न होने पर आपराधिक प्रकरण दर्ज करने तथा जेल भेजने की कार्यवाही करें कमिश्नर तथा अन्य अधिकारियों ने इसके बाद चाकघाट में तीर्थयात्रियों के लिए बनाए गए रैन बसेरे का निरीक्षण किया। रैन बसेरे में यात्रियों के ठहरने, नहाने-धोने, शौचालय तथा उपचार की व्यवस्था की गई है। कमिश्नर ने कहा कि एसडीएम प्रतिदिन रैन बसेरे का निरीक्षण करें। रैन बसेरे में नगर पंचायत के कर्मचारी, सुरक्षाकर्मी तथा मेडिकल टीम 24 घंटे तैनात रहे। रैन बसेरे की सुविधाओं की जानकारी देने के लिए आवश्यक बोर्ड और फ्लैक्स लगाएं तथा सोशल मीडिया में भी इसकी जानकारी दें। कमिश्नर ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ मेले में जाने वाले प्रत्येक यात्री के लिए आवश्यक सुविधाएं की जाएंगी। यात्रियों को किसी तरह की परेशानी नहीं होगी। महाकुंभ में 29 जनवरी तथा 3 फरवरी को विशेष पर्व स्नानों पर श्रद्धालुओं की अधिक संख्या को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

मौके पर उपस्थित प्रभारी आईजी ने बताया कि शाम 6 बजे के बाद सभी बड़े वाहनों की जाँच की जा रही है। 27 दिसम्बर से वाहनों की जाँच निरंतर जारी है। तब से अब तक सोहागी घाट में कोई दुर्घटना नहीं हुई है। पुलिस बल वाहन चालकों को लगातार सचेत कर रहा है। नशा करके वाहन चलाने वालों से अब तक लगभग तीन लाख रुपए जुर्माना वसूला गया है।

# यह अभियान लगातार चलता रहेगा, मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान को ग्राम पंचायत, ब्लॉक स्तर और जिला स्तर पर निरंतर जारी रखा जायेगा-कलेक्टर श्री कोचर

## कलेक्टर श्री कोचर ने हितग्राहियों के बीच पहुंचकर सुनी समस्यायें

राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**दमोह।** मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान अंतर्गत खण्ड स्तरीय मेगा शिविर का आयोजन विकासखण्ड बटियागढ़ में आयोजित किया गया। शिविर में 757 हितग्राहियों को 561.61 लाख की राशि का लाभ हितग्राहियों को जनप्रतिनिधियों के माध्यम से वितरित किया गया। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा पूरे जिले में विकास खंडवार मुख्यमंत्री जन कल्याण अंतर्गत शिविर लगाये जा रहे हैं। इसी श्रृंखला में आज यह शिविर हो रहा है, यहां पर बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित है, अलग-अलग योजना के अंतर्गत उन्हें हितलाभ दिए गए हैं। लगभग 5 करोड़ से अधिक के लाभ हितग्राही मूलक योजनाओ में दिए गए हैं। इसके अलावा कृषक भाई-बहनों के लिए कृषि संबंधी उपकरण और अन्य यंत्र, जैविक खेती, प्राकृतिक खेती से संबंधित प्रदर्शनी रखी गई है। इस आयोजित मेगा शिविर में महिला बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, सामाजिक न्याय विभाग, आजीविका मिशन इन सभी की भी अलग-अलग प्रदर्शनियां लगाई गई ताकि अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित किया जा सके। यहां जनप्रतिनिधि के माध्यम से हितलाभ दिलाये गये है, लोग यहां पर अपनी समस्याएं भी बताई हैं, उनकी समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण कलेक्टर ने मौजूद रहकर कराया। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा मेगा शिविर का कॉन्सेप्ट हम लोगों ने यहां पर लागू किया था, राज्य सरकार के निर्देश थे कि ग्राम पंचायत

# वार्ड 23 में मुख्यमंत्री जन कल्याण शिविर आयोजित

## विभिन्न योजनाओं में 25 हितग्राहियों को किया लाभान्वित

नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो. 9977365001




मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान एवं जनकल्याण पर्व अंतर्गत आयोजित किये जा रहे शिविरो की श्रृंखला में नगरपालिका श्योपुर के तत्वाधान में आज वार्ड नंबर 23 में मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रेणु सुजीत गर्ग, डिप्टी कलेक्टर एवं पीओ डूडा श्री संजय जैन, पार्षद श्रीमती कलावती गौतम, सीएमओ श्री राधेरमन यादव, नोडल अधिकारी श्री आदित्य चौहान, श्री टोनू गौतम, शिविर प्रभारी श्री इश्तियाक कुरेशी, श्री ओमवीर सिंह रघुवंशी, श्री शकील अहमद, श्री विजय धूलिया, श्री संस्कार, श्री विष्णु वाल्मीक, श्री मिथुन धूलिया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। नगरपालिका श्योपुर के नोडल अधिकारी श्री आदित्य चौहान ने बताया कि शिविर में कुल 25 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। सभी आवेदनो का सकारात्मक निराकरण करते हुए हितग्राहियों को लाभ प्रदान किया गया। शिविर के दौरान 06 लोगों के नामांतरण किये गये, 09 लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाये गये तथा 01 हितग्राहियों को जन्म प्रमाण पत्र, पीएम स्वनिधि योजना में 06 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया तथा मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना में 02 हितग्राहियों को संबल कार्ड प्रदान किये गये।

## संक्षिप्त समाचार

### अहिल्याबाई किले की थीम पर बने डोम में होगी कैबिनेट

**भोपाल।** मोहन कैबिनेट की बैठक कल देवी अहिल्याबाई के किले की थीम पर बने डोम में होगी। इसके लिए महेश्वर में एमपीटी के नर्मदा रिट्रीट को महेश्वर किले की तर्ज पर सजाया गया है। 100 बॉय 100 के डोम में कैबिनेट की बैठक के बाद यहीं पर मंत्रियों के वीआईपी भोजन की व्यवस्था की गई है। गोविंद सिंह राजपूत, प्रतिमा बागरी समेत अधिकांश मंत्री आज ही महेश्वर पहुंच जाएंगे। सबसे पहले अहिल्याबाई की राजगादी पर माथा टेकने का काम होगा। इसके बाद मंत्री नर्मदा पूजन कर कैबिनेट में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने डेस्टिनेशन कैबिनेट की ऐतिहासिक पहल की है। यह पहल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पर्यटन को बढ़ावा देने की अवधारणा को भी धरातल पर साकार करती है।

### भोपाल में प्रधानमंत्री मोदी और सीएम मोहन यादव के पोस्टर में की गई छेड़छाड़

**भोपाल।** भोपाल में पीएम नारेन्द्र मोदी और सीएम मोहन यादव के पोस्टर में छेड़छाड़ की गई है। घटना को अंजाम देने वाले की तलाश में पुलिस जुट गई है सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। राजधानी भोपाल में असामाजिक तत्वों का एक बड़ा कारनामा सामने आया है। भोपाल सात नंबर बस स्टॉप के करीब सुभाष एक्सीलेंस स्कूल के सामने बस स्टॉप पर लगे एक पोस्टर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के पोस्टर में छेड़छाड़ की गई। नगर निगम कर्मचारियों ने तत्काल उसको वहां से हटा दिया है। और घटना को अंजाम देने वाले की तलाश में पुलिस जुट गई है सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। गौरतलब है कि गुरुवार को राजधानी भोपाल में जीजी फ्लाईओवर का उद्घाटन होना था, जिसके के पहले नगर निगम ने पूरे शहर में पीएम मोदी और सीएम यादव के पोस्टर लगाए थे। लेकिन कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा इस प्रकार की अशोभनीय हरकत ने प्रशासनिक महकमे में खलबली मचा दी।

### उद्यानिकी फसलों के लिए बनेगी पृथक मंडी : मंत्री श्री कुशवाह

**भोपाल।** प्रदेश में उद्यानिकी फसलों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उद्यानिकी फसलों के लिए पृथक उद्यानिकी उपज मंडी बनाई जाएगी। राज्य शासन द्वारा लिए गये निर्णय पर अमल के लिए उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह की अध्यक्षता में उद्यानिकी बोर्ड की बैठक गुरूवार को मंत्रालय में हुई। मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा कि उद्यानिकी फसलों के उत्पादक कृषकों को उनकी फसल का उचित दाम दिलावाने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा पृथक से उद्यानिकी फसल उपज मंडी बोर्ड बनाने पर कार्य प्रारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की ऐसी प्रमुख 11 कृषि उपज मंडी इंदौर, बुरहानपुर, शाजापुर, मंदसौर, उज्जैन, बदनावर, रतलाम, नीमच, भोपाल, जावरा और शुजालपुर, जिनमें एक लाख टन से अधिक उद्यानिकी फसलों की आवक होती है, ऐसी मंडियों में प्रथम चरण में बोर्ड बनावर उद्यानिकी फसलों के विक्रय के लिये पृथक से परिसर बनेगा। मंत्री श्री कुशवाह ने निर्देश दिये कि संचालक उद्यानिकी, प्रबंध संचालक मंडी बोर्ड प्रबंध संचालक एमपी एग्रो एवं विशेषज्ञों की टीम एक माह में विस्तृत सर्वे कर सलाहकार बोर्ड के समक्ष रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगी। श्री कुशवाह ने कहा यह उद्यानिकी उपज मंडी पूर्णतः हाईटैक होंगी, जिनमें फसल उत्पादक किसान सीधा उपभोक्ताओं को अपनी फसल का विक्रय कर सकेगा।

# जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक व रोको-टोको अभियान चलाकर वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों की दी जानकारी

नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



प्रदेश में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ों को दृष्टिगत रखते हुए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश पर पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा संपूर्ण प्रदेश में 01-01-2025 से 31-01-2025 तक सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत यातायात नियमों के प्रति जागरूकता हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसका प्रमुख उद्देश्य यातायात नियमों के बारे में प्रत्येक आमजन को जागरूक करना है, इसी क्रम में पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार आज दिनांक 23.01.2025 को पुलिस अधीक्षक सीहोर श्री दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री गीतेश गर्ग और नगर पुलिस अधीक्षक श्री निरंजन सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में, SDOP सीहोर सुश्री पूजा शर्मा के नेतृत्व में नेहरू युवा केंद्र, शास. कन्या महाविद्यालय व एन. एस. एस. सीहोर के छात्र/ छात्राओं के सहयोग से जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक व रोको-टोको अभियान चला कर वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों की सार्थक एवं उपयोगी जानकारी दी। कार्यक्रम में प्राचार्य शास. कन्या महाविद्यालय सीहोर , यातायात प्रभारी सीहोर बृजमोहन धाकड़, यातायात सीहोर, नेहरू युवा केंद्र व एन. एस. एस. सीहोर का स्टॉफ उपस्थित रहे।

# पूरे दुनिया में केवल भारत में ही है, हम सर्वे भवन्तु सुखिनः की कामना करते हैं-जगदगुरु पंडित अजय पुरोहित

नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**सीहोर।** संत परंपरा पूरे दुनिया में केवल भारत में ही है, हम सर्वे भवन्तु सुखिनः की कामना करते हैं कि सब सुखी हों पूरा विश्व अपना परिवार है। यह सिर्फ सनातन धर्म में है और सनातन धर्म को मानने वाले अधिकतम भारत में ही हैं। हमारा परिवार सीमित नहीं होता पूरा विश्व हमारा परिवार है, जब उस व्यक्ति के मन में पूरे विश्व के प्रति सद्भावना जागृत होती हैं और वह जनसेवा की दृष्टि से आगे बढ़ता है, तब जीवन में वह संन्यास ग्रहण कर लेता है। उक्त विचार शहर के चाणक्यपुरी स्थित अपने निज निवास बड़ी संख्या में आए श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए जगदगुरु पंडित अजय पुरोहित ने कहे। गुरुवार को कुंभ से लाइव प्रेसवार्ता करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदगुरु गोपेश्वर चैतन्य महाराज ने कहा कि सार्वभौम सनातन धर्म महासभा के राष्ट्रीय महासचिव महामंडलेश्वर पंडित अजय पुरोहित को जगद्गुरु के रूप में अभिषेक का आयोजन प्रयागराज महाकुंभ 2025 में किया गया था। इस मौके पर सार्वभौम सनातन धर्म महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य उदय मिश्रा सहित अनेक नागों संतों और साधुओं के मध्य पंडित श्री पुरोहित का अभिषेक किया गया था। उन्होंने सनातन धर्म को शिखर में पहुंचाने वाले और कथाओं के बल पर जन-जन तक धर्म को पहुंचाने वाले सार्वभौम सनातन धर्म महासभा के राष्ट्रीय महासचिव महामंडलेश्वर पंडित अजय पुरोहित अब जगदगुरु की उपधी प्राप्त कर चुके है। हमारे द्वारा मध्यप्रदेश के गृह विभाग और शासन को पत्राचार कर प्रोटोकाल की जानकारी भेजी गई है।

प्रेसवार्ता के दौरान जगद गुरु पंडित श्री पुरोहित ने कहा कि सार्वभौम सनातन धर्म महासभा की ओर से हिंदू आचार संहिता को बनाने का कार्य किया जा रहा है, इसे बनाने में श्रीमद्भागवद गीता, रामायण, महाभारत, पुराणों, मनु स्मृति, पराशर स्मृति, देवल स्मृति की भी मदद ली जाएगी, प्रयागराज महाकुंभ 2025 में बड़े स्तर पर आयोजन की तैयारियां हुई है। उन्होंने कहा कि देश में जगदगुरु का पद बहुत ही सम्मान की बात होता है, जगद गुरु को पूरे देश में राष्ट्रीय अतिथि के रूप में मिलता है। उन्होंने अपनी आगामी रुपरेखा के बारे में संक्षिप्त से बताते हुए कहा कि हिन्दु धर्म और सनातन मजबूत हो इसके लिए आचार संहित निर्धारित की जाएगी।

**जगदगुरु करेंगे शहर में सात दिवसीय शिव महापुराण :** उन्होंने कहा कि शहर में जगदगुरु की पदवी हासिल करने के पश्चात आगामी 12 फरवरी से सात दिवसीय शिव महापुराण की कथा है, वहीं आगामी दिनों में देश के चारों धाम पर भ्रमण की योजना है।

# आंगनवाड़ी केंद्र 3 चंडी चोपरा में महिला स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का हुआ आयोजन

राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**दमोह।** जिला आयुष अधिकारी डॉ. राजकुमार पटेल के निर्देशन में आंगनवाड़ी केंद्र 3 चोपरा में आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) चोपरा के द्वारा गर्भावस्था और बच्चे के जन्म के समय देखभाल विषय पर आधारित जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें गर्भवती महिलाओं की गर्भावस्था के समय की आवश्यक जांचे यथा रक्तचाप, हीमोग्लोबिन, मधुमेह, वजन, लंबाई इत्यादि की जांच की गई एवं गर्भिणी परिचर्या एवं मासानुमासिक आहार संबंधित परामर्श दिया गया। शिविर में नवजात शिशु से संबंधित देखभाल के महत्वपूर्ण बिंदु जैसे उचित स्तनपान, शीत ॠतु में शिशु का रखरखाव, कम वजन के बच्चों के लिए कंगारू मदर केयर, हाथ धुलाई का महत्व, टीकाकरण के प्रति जागरूकता जैसे विषयों पर चर्चा की गई। स्वास्थ शिविर से कई ग्रामीण जन लाभान्वित हुए। इस अवसर पर डॉ.पंकज दास रोहित, डॉ शाहबाज खान, एएनएम राधा विश्वकर्मा, आशा कार्यकर्ता गोमती साहू, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुलोचना जैन, योग प्रशिक्षक ध्रुव प्रताप सोलंकी का विशेष सहयोग रहा।

# स्वामीराज सेवा संस्थान ने सिविल अस्पताल हटा में लगाया रक्त दान शिविर

राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**दमोह।** हटा नगर से अपने सामाजिक सरोकारों के लिए संपूर्ण प्रदेश में ख्याति प्राप्त स्वामी राज सेवा संस्थान द्वारा सिविल अस्पताल हटा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मानव सेवा के लिए समर्पित संस्थान विगत आठ वर्षों से रक्तदान शिविर का आयोजन भोपाल में किया जाता रहा है। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए हटा सिविल अस्पताल में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें संपूर्ण हटा, पटेरा तहसील के लोगों ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया और इस पुण्य कार्य में सहयोगी बने। शिविर में 28 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ, शिविर की खास बात यह रही कि पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं में भी रक्तदान के लिए उत्सुकता देखने मिली जिसमें प्रभा राजबहादुर पटेल, वंदना उदयभान पटेल सहित अरविंद पटेल, दिनेश पटेल, सतीश कुसमरिया, रियल अग्रवाल, मनीष कुसमया, सुमित राय, रोहित लहरिया, अनुभव ताम्रकार , कुलदीप पटेल, नंदकिशोर पटेल, हर्ष चौहान, लाखन सिंह पटेल और प्रमोद पटेल सहित 28 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर का मार्गदर्शन और निर्देशन मुख्यखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ उमाशंकर पटेल ने किया। जिला अस्पताल से आए डॉ प्रशांत सोनी, लेब अटेंडेंट मनोज शर्मा, लेब टेक्नीशियन संजय प्यासी की निगरानी में रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।

# प्रदेश में 17 अलग-अलग धार्मिक स्थानों पर होगी शराबबंदी, सीएम डॉ. मोहन यादव का बड़ा एलान



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार को नरसिंहपुर जिले के गोटेगांव में बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी 17 धार्मिक शहरों में शराबबंदी की जाएगी। शुक्रवार को महेश्वर में होने वाली प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में इस बारे में निर्णय लिया जाएगा। सीएम ने कहा कि समाज में नशाखोरी की आदत खास कर शराब से परिवार के परिवार बर्बाद हो जाते हैं। यह एक बड़ा कष्ट है। शराब से सामाजिक बुराई आती है। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को हम एक बड़ा निर्णय लेने जा रहे हैं। हमारी सरकार ने संकल्प लिया है। 17 अलग-अलग धार्मिक नगरों में शराबबंदी करने की घोषणा कर रहे हैं। कोई देशी नहीं कोई विदेशी नहीं। सभी प्रकार के धार्मिक शहरों में शराब की दुकानों में ताले लगाए जाएंगे। सीएम ने कहा कि नर्मदा परिक्रमा पथ पर सुविधाएं और व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। परिक्रमा करने वालों के लिए नर्मदा किनारे आश्रय स्थल तथा स्नान घाट बनाए जाएंगे। नर्मदा के आंचल को हरा-भरा कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश के अंदर जहां-जहां भगवान कृष्ण के चरण पड़े, जहां-जहां लीलाएं हुई, एक-एक स्थान को हम अपने धार्मिक पर्यटन का केंद्र बनाएंगे।

## विधायक रीति पाठक के आरोप पर डिप्टी सीएम शुक्ल बोले-

# मंच हो या मंच के बाहर, विकास को लेकर विधायक की बात को सकारात्मक भाव से लेते हैं



**भोपाल।** डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल ने जिला अस्पताल के सात करोड़ रुपए गायब होने के बीजेपी विधायक रीति पाठक के बयान पर तीन दिन बाद जवाब दिया है। डिप्टी सीएम शुक्ल ने कहा है कि इससे आपको समझना चाहिए कि बीजेपी के विधायक विकास को लेकर कितने संवेदनशील और समर्पित हैं। हर विधायक चाहते हैं कि हमारे क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा काम हो। स्वास्थ्य और अन्य क्षेत्रों में विकास को लेकर जो बात कही उसमें बुराई क्या है? मंच पर हो या मंच के बाहर हो, अगर कोई विधायक अपने क्षेत्र के विकास को लेकर अपनी बात कह रहा है, उसे हम हमेशा सकारात्मक भाव से लेते हैं और पता करते हैं कि जो बातें बता रही हैं उसका पैसा मंजूर हुआ है या नहीं हुआ है। इसे पता कराते हैं। इसमें कोई बुराई नहीं है। तीन दिन पहले सीधी में भाजपा विधायक रीति पाठक ने भरे मंच से उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल को घेरा था। उन्होंने मंच से संबोधन के दौरान कहा कि अस्पताल के विकास के लिए जारी 7 करोड़ रुपए की राशि गायब हो गई। इसे लेकर स्वास्थ्य विभाग को 6 से 7 बार पत्र लिखा लेकिन उपमुख्यमंत्री की ओर से कोई जवाब नहीं मिला। डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल की मौजूदगी में रीति पाठक ने कहा कि, बड़ी बात यह है कि जिला अस्पताल की व्यवस्थाएं चाहे वह डॉक्टर से हो या चाहे वहां के स्टाफ से हो या इक्विपमेंट से पूरी होना चाहिए। अस्पताल के लिए 7 करोड़ की राशि मैंने इक्विपमेंट के लिए दी थी। ताकि वहां व्यवस्था सुधर सके। लेकिन हमारे स्वास्थ्य विभाग से उस राशि को न जाने कहां गुम कर दिया गया है। उन्होंने ये भी आरोप लगाया था कि हेल्थ डिपार्टमेंट उनके क्षेत्र की समस्याओं पर ध्यान नहीं देता है। रीति पाठक ने डिप्टी सीएम से यहां तक कह दिया कि रीवा से निकलकर सीधी में भी विकास करिए। सीधी में भाजपा विधायक रीति पाठक ने भरे मंच पर अपनी ही पार्टी के सीनियर लीडर और उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल को घेर लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि अस्पताल के विकास के लिए जारी 7 करोड़ रुपए की राशि गायब हो गई। इसे लेकर स्वास्थ्य विभाग को 6 से 7 बार पत्र लिखा, लेकिन उपमुख्यमंत्री की ओर से कोई जवाब नहीं मिला। बता दें कि राजेंद्र शुक्ल उपमुख्यमंत्री होने के साथ स्वास्थ्य विभाग के मंत्री भी हैं।

# नेताजी सुभाषचन्द्र बोस के जयंती अवसर पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित



नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो. 9977365001

युवा कार्यक्रम एवं मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित नेहरु युवा केंद्र श्योपुर द्वारा 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती कार्यक्रम शासकीय पीजी कॉलेज में आयोजित किया गया। इस अवसर पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता का प्रभारी प्राचार्य डॉ ओपी शर्मा द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान उदय खान द्वितीय स्थान जतिन शिवहरे तृतीय स्थान शिवानी मीणा ने प्राप्त किया। अतिथियों द्वारा विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए तथा नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन परिचय ओर कार्यो पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्रोफेसर डॉ करण सिंह सैनी, डॉ साजिद अली, डॉ मनीष सैनी, डॉ लक्ष्मीकांत राय सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं नेहरू युवा केंद्र की ओर से श्री शिवकुमार दोहरे उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय लाठी प्रतियोगिता में रोशनी प्रजापति ने हासिल की गोल्ड सिल्वर एवं ब्रॉन्ज पदक

**शहडोल।** राष्ट्रीय लाठी प्रतियोगिता में शहडोल निवासी रोशनी प्रजापति ने अपनी बेहतरीन कड़ी मेहनत और अद्वितीय कौशल का प्रदर्शन करते हुए पुडुचेरी में आयोजित हुई राष्ट्रीय लाठी प्रतियोगिता में गोल्ड सिल्वर एवं ब्रॉन्ज पदक हासिल किया। यह प्रतियोगिता देशभर से आए खिलाड़ियों के बीच आयोजित की गई थी, जिसमें काफी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया। उन्होंने



अपनी जीत का श्रेय अपने कोच और परिवार को दिया, जिन्होंने हमेशा उनका साथ दिया और उन्हें प्रोत्साहित किया। रोशनी की यह जीत न केवल उनके लिए बल्कि पूरी टीम और उनके शहर के लिए गर्व का विषय है। उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण ने उन्हें यह सफलता दिलाई। इस जीत से उनका आत्मविश्वास और भी बढ़ा है, और वह भविष्य में और भी बड़े मंचों पर अपना प्रदर्शन दिखाने के लिए तैयार हैं।

## कलेक्टर 26 जनवरी को फहराएंगे राष्ट्रीय ध्वज

**शहडोल।** राज्य शासन द्वारा लिये गए निर्णय के अनुसार 26 जनवरी 2025 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर संभागीय मुख्यालय शहडोल के महात्मा गांधी स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह राष्ट्रीय ध्वज फहराकर परेड की सलामी लेंगे तथा मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे।

## 6 आशा कार्यकर्ता दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह हेतु आमंत्रित

**शहडोल।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा ने जानकारी दी है कि 26 जनवरी 2025 को दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह हेतु जिले की 6 आशा कार्यकर्ताओं को विशेष अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया है। जिन आशा कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया है उनमें शहडोल जिले के ग्राम देवरी निवासी श्रीमती राजकुमारी सिंह, ग्राम पपरेडी निवासी श्रीमती रेखा सिंह, ग्राम खड़ुहली निवासी श्रीमती सीता रजक, ग्राम कचहर निवासी श्रीमती मीना सिंह, ग्राम रतहर निवासी श्रीमती बबली सिंह एवं श्रीमती राजदुलारी सिंह के नाम शामिल है। ज्ञातव्य है कि उक्त आशा कार्यकर्ताओं द्वारा कार्य पद्वति एवं राष्ट्रीय योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का उल्लेखनीय कार्य किया गया है।



# ग्राम पंचायत भर्री एवं पथरवार में आनंद उत्सव का किया गया आयोजन

शहडोल। कलेक्टर डॉ केदार सिंह के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिले में आनंद उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। आनंद उत्सव के तहत शहडोल जिले के ग्राम पंचायत भर्री एवं पथरवार में आनंद उत्सव का आयोजन किया गया। आनंद उत्सव के आयोजन में ग्रामीणों ने वॉलीबॉल खेल का आयोजन किया तथा आनंद एवं उत्साह के साथ वॉलीबॉल खेल खेला।

## गेहूं के उपार्जन एवं पंजीयन हेतु अनुविभाग स्तर पर उपार्जन समिति गठित

**शहडोल।** कलेक्टर डॉ केदार सिंह ने आदेश जारी कर रवि विपणन वर्ष 2025 26 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन एवं पंजीयन हेतु जिले के समस्त अनुविभाग में उपखंड स्तरीय उपार्जन समिति का गठन किया है। उपार्जन समिति में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, अध्यक्ष एवं सहायक कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी को सदस्य/सचिव नियुक्त किया है। इसी प्रकार अनुविभागीय अधिकारी कृषि, सहकारिता विस्तार अधिकारी, शाखा प्रबंधक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, गोदाम प्रभारी एमपीएससीएससी, गोदाम प्रभारी एमपीडब्ल्यूएलसी एवं सचिव कृषि उपज मंडी समिति के सदस्य होंगे।

# जिलाबदर आदेश के उल्लंघन का आरोपी गिरफ्तार

**शहडोल।** थाना धनपुरी क्षेत्रांतर्गत वर्ष 2024 में आरोपी असफाक उर्फ राजा पिता कलामुद्दीन उम्र 43 साल निवासी कच्छी मोहल्ला धनपुरी के विरूद्ध उसकी आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाये जाने के संबंध में म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत जिला दण्डाधिकारी के द्वारा उक्त आरोपी को 26 दिसंबर 2024 को शहडोल जिला तथा जिले से लगे उमरिया, अनूपपुर, सीधी, मैहर से एक वर्ष की अवधि के लिये निष्काषित किये जाने का आदेश जारी किया गया था। बुधवार को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि उक्त जिला बदर का आरोपी असफाक उर्फ राजा, अमरकंटक रोड के पास खडा है सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा अमरकंटक रोड जाकर घेराबन्दी कर आरोपी असफाक उर्फ राजा को पकड़कर गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरूद्ध थाना धनपुरी में म.प्र. राज्य सुरक्षा अधि. का अपराध पंजीबद्ध कर माननीय न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया।




# रोशनी नामदेव को मिल रहा लाड़ली बहना योजना का लाभ

**शहडोल।** श्रीमती रोशनी नामदेव जो संभागीय मुख्यालय शहडोल के सोहागपुर निवासी है। रोशनी नामदेव को विगत एक वर्षो से लाड़ली बहना योजना का लाभ मिल रहा है। इस योजना के तहत राज्य सरकार ने महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करने का कदम उठाया है। रोशनी नामदेव, को हर महीने 1250 रुपये की आर्थिक मदद दी जा रही है, जिससे वह अपनी दैनिक जरूरतों को पूरा कर पा रही हैं। इस सहायता से उन्हें अब घर चलाने में भी आसानी हो रही है और वह खुद को सशक्त महसूस कर रही हैं। यह योजना




महिलाओं के जीवन को सुधारने में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है। रोशनी नामदेव का कहना है कि मुझे लाड़ली बहना योजना के तहत 1250 रूपये प्रदान किया जा रहा है इससे मै छोटी-छोटी जरूरते जैसे बच्चों की दवाई, पढाई व अन्य जरूरतें पूरी कर रही हूं, इसके लिए मै मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को तहेदिल से धन्यवाद देती हूं।

# विद्युत मोटर पम्प एवं मोबाईल चोरी करने वाले 02 आरोपी गिरफ्तार

**शहडोल।** बुधवार को तीन फरियादियों द्वारा रात्रि में अज्ञात आरोपियो द्वारा टुल्लू पंप एवं मोबाईल फोन चोरी कर ले जाने के संबंध में थाना सीधी में भिन्न-भिन्न रिपोर्ट किये थे। जिस पर थाना सीधी में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। गुरूवार को संदेही रितेश जोगी एवं मनोज जोगी दोनो निवासी छपरा टोला दरेन भाना सीधी जिला शहडोल से घटना के संबंध में पूछताछ करने पर उसने चोरी करना स्वीकार किया तथा चोरी गया



मशरूका दो नग टुल्लू पम्प एवं एक नग रियल-मी कम्पनी का मोबाईल बरामद किया गया जो कुल मशरूका 23,000/- रूपये का होना पाया गया तथा आरोपियों को गिरफ्तार कर जे.आर. में माननीय न्यायालय पेश किया गया है।

# पुलिस के द्वारा अवैध खनिज कोयला परिवहन के विरुद्ध कार्यवाही

शहडोल। थाना ब्यौहारी क्षेत्रांतर्गत बुधवार को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि बुढार से ब्यौहारी की ओर एक ट्रक क्रमांक एमपी 28 एच 3527 में अवैध कोयला लोड कर ब्यौहारी तरफ ला रहा है। सूचना पर ब्यौहारी पुलिस द्वारा सूचना स्थान पर पहुंचे तो एक ट्रक आते दिखा। जिसे रोककर पूछताछ की गई। जिसमें उसने अपना नाम रामजी पाल पिता काशीराम पाल उम्र 28 वर्ष निवासी रोहनिया इंदवार उमरिया का होना बताया। उक्त कोयला के परिवहन के संबंध में दस्तावेज मांगने पर उसने कोई वैध दस्तावेज नही होना बताया गया। जिस पर पुलिस द्वारा उक्त कोयला को मय कोयला लोड जप्त कर आरोपी चालक, ट्रांसपोर्ट मैनेजर मैनेजर शर्मा एवं वाहन मालिक बाबाजी उर्फ किशोरीलाल के विरूद्ध बी.एन.एस एवं खनिज अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

# पुलिस के द्वारा अवैध खनिज रेत परिवहन के विरुद्ध कार्यवाही

शहडोल। थाना सिंहपुर क्षेत्रांतर्गत बुधवार को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि रिंकु द्विवेदी उर्फ अमित द्विवेदी निवासी बोडरी ग्राम बोडरी में सरफा नदी भवनिया घाट से एक ट्रैक्टर में अवैध रूप से रेत लोड कर ग्राम बोडरी तरफ आ रहा है। सूचना पर सिंहपुर पुलिस द्वारा सूचना स्थान पर पहुंचे तो एक ट्रैक्टर मय रेत लोड आते दिखा। ट्रैक्टर चालक पुलिस को आता देखकर ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर ट्रॉली को छोड़कर भाग गया। जिससे सिंहपुर पुलिस द्वारा ट्रैक्टर ट्रॉली को जप्त कर चालक के विरूद्ध बी.एन.एस एवं खनिज अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।



## रवि विपणन हेतु पंजीयन, उपार्जन एवं पर्यवेक्षण हेतु जिला स्तरीय समिति गठित

**शहडोल।** कलेक्टर डॉ केदार सिंह ने आदेश जारी कर रवि विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु किसानो के पंजीयन, उपार्जन, पर्यवेक्षक, स्कंध की गुणवत्ता, उपार्जन संबंधी समस्त विवादों के अंतिम निराकरण उपार्जित स्कंध की गुणवत्ता की निगरानी तथा उपार्जन से संबंधित अन्य विषयों पर निर्णय लेने हेतु जिला स्तरीय समिति का गठन किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला स्तरीय समिति में कलेक्टर डॉ केदार सिंह अध्यक्ष एवं जिला आपूर्ति नियंत्रक समिति के सदस्य/सचिव होंगे। इसी प्रकार उपसंचालक कृषि, उपायुक्त सहकारिता, जिला सूचना अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, जिला लीड बैंक अधिकारी, अधीक्षक भू अभिलेख, जिला प्रबंधक मध्य प्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कॉरपोरेशन लिमिटेड, जिला प्रबंधक मध्य प्रदेश वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक कॉरपोरेशन लिमिटेड, जिला विपणन अधिकारी, सचिव कृषि उपज मंडी जिला स्तरीय समिति के सदस्य होंगे।

# कलेक्टर दीपक सोनी ने खपराडीह में हेल्थ कैम्प का लिया जायजा

## समझाईश देकर बच्चों का बढ़ाया मनोबल

**कमलेश रजक ब्यूरोचीफ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**




**बलौदाबाजार।** 23 जनवरी दिन गुरुवार को जिले के कलेक्टर दीपक सोनी ने सिमगा विकासखंड अंतर्गत ग्राम खपरीडीह के मिडिल स्कूल और हाईस्कूल के छात्रों से की मुलाकात और ग्रामीणों के स्वास्थ्य जांच शिविर क़ा जायजा लिया। उन्होने बच्चों क़ो समय पर भोजन करने स्वच्छता अपनाने मन में डर या घबराहट न लाने तथा घबराहट होने पर शिक्षकों क़ो बताने क़ी समझाई देते हुए उनका मनोबल बढ़ाया। कलेक्टर दीपक सोनी ने शिक्षकों से स्कूली गतिविधियों मध्यान्ह भोजन साफ सफाई आदि क़ी जानकारी लेते हुए बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाने कहा। उन्होंने बताया कि श्री सीमेंट सयंत्र के एएफआर क़ो सील कर दिया गया है और अब तीव्र दुर्गन्ध नहीं आएगी। उन्होंने स्कूल के सभी क्लास रूम में एक्झास्ट फैन लगवाने कहा ताकि कमरों में वायु क़ी ताजगी बनी रहे।कलेक्टर ने स्वास्थ्य जांच शिविर में मौजूद चिकित्सकों से बच्चों के स्वास्थ्य जांच के साथ आहार चार्ट बनाने के भी निर्देश दिए ताकि बच्चों में चार्ट के अनुसार समय पर जरूत के अनुसार आहार लेने क़ी आदत विकसित हो। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से भी स्वास्थ्य जांच कराने और संयम बनाए रखने कहा। गौरतलब है कि 22 जनवरी दिन बुधवार क़ो खपराडीह स्थित श्री सीमेंट सयन्त्र के एएफआर एरिया से तीक्ष्ण दुर्गन्ध के कारण खपराडीह हायर सेकेण्डरी स्कूल के कुछ बच्चों के स्वास्थ्य समस्या होने पर पीड़ित बच्चों अस्पताल में स्वास्थ्य जांच कराया गया था। ज़िला प्रशासन द्वारा विभिन्न विभागो की संयुक्त जांच टीम गठन प्लांट साइट के निरीक्षण हेतु निर्देशित किया और प्रबंधन द्वारा एएफआर साइट प्रबंधन मे पाई गई लापरवाही को संज्ञान में लेते हुए तत्काल रूप से श्री सीमेंट कम्पनी के एएफआर एरिया फीडर एरिया और श्रेडर एरिया को सील किया गया है। इस दौरान एसडीएम अंशुल वर्मा उप संचालक खनिज कुंदन कुमार बंजारे तहसीलदार कुणाल सरवैया दिलीप श्यामल सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## स्टेडियम में एथलेटिक्स प्रतियोगिता का शुभारम्भ

**सीतापुर ।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने मेजर ध्यानचन्द स्टेडियम सीतापुर में आयोजित एथलेटिक्स प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। यह आयोजन रेडिको खेतान लि0 की सी0एस0आर0 गतिविधि एवं राष्ट्रीय सहारा ग्रुप के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। प्रतियोगिता में 33 विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को लैपटॉप, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को टेबलेट एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को साइकिल वितरित की गयी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कहा कि खेलों को बढ़ावा देने के लिये सी0एस0आर0 के अन्तर्गत यह एक महत्वपूर्ण आयोजन है। निश्चित रूप से इसके द्वारा छात्र-छात्राओं को अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन का बेहतर अवसर मिला है। अन्य के लिये भी यह आयोजन प्रेरणा को श्रोत है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार एवं प्रदेश सरकार खेलों को बढ़ावा देने हेतु निरन्तर प्रयासरत है।

# बालिकाओं के अधिकारों और उनके विकास के लिए जागरूकता फैलाना है राष्ट्रीय बालिका दिवस का उद्देश्य : प्रदीप सिंह मलिक

### - बीडीपीओ कार्यालय नूंह में आयोजित हुआ राष्ट्रीय बालिका दिवस समारोह

**नूंह।** नीरज सोनी तावडू दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान। अतिरिक्त प्रदीप सिंह मलिक ने राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बीडीपीओ कार्यालय नूंह में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में हर साल 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। इस साल राष्ट्रीय बालिका दिवस का थीम है सुनहरे भविष्य के लिए बच्चियों का सशक्तीकरण। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित बच्चियों और महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय बालिका दिवस का उद्देश्य बालिकाओं के अधिकारों और उनके विकास के लिए जागरूकता फैलाना है। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को उनके कानूनी अधिकारों के बारे में




जानकारी देना और उन्हें सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक सुरक्षा प्रदान करना है। हम बालिकाओं के अधिकारों के बारे में जागरूकता फैलाने और उन्हें सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अतिरिक्त प्रदीप सिंह मलिक ने बालिका दिवस पर जिला की सभी बालिकाओं को बधाई देते हुए कहा कि बालिकाओं की शिक्षा, समुचित पोषण, कानूनी अधिकारों एवं चिकित्सीय व्यवस्था जैसे मूल मानवीय अधिकारों तथा लिंग भेद को समाप्त करने एवं बालकों की तरह बालिकाओं को भी उनके समग्र विकास के लिए बालिका दिवस मनाने की शुरुआत हुई।

स्वामित्व प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक रविंद्र सिंह द्वारा पवैया प्रिंटर्स मुरार, 6 चौराहा मुरार, ग्वालियर ( मध्य प्रदेश ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक : रविन्द्र सिंह, संपादक: अशोक सोनी (9009601101), स्थानीय संपादक ग्वालियर कपित गोयल जितेन्द्र व्यास-स्थानीय संपादक, मो. 8120205990 भोपाल कार्यालय पता- प्रेस काप्लेक्स महाराणा प्रताप अपार्टमेंट एम पी नगर जोन 1 भोपाल मध्य प्रदेश दूरभाष--755,3596045 मोबाइल 9644811407 ई-मेल-hindustannews404@gmail.com

# गर्दिश में आये सितारे तो अपने भी छोड़ने लगे सांसद राकेश राठौर का साथ

**सीतापुर।** वर्तमान समय में सीतापुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद राकेश राठौर के सितारे गदिगश में आ गये तो सांसद का साथ अपने ही छोड़ने लगे। उधर पुलिस ने भी शिकन्जा कर दिया है तो सांसद के परिवार व उनके करीबियों सहित करीब पांच लोगों पर बीते दिवस केस दर्ज हुआ है। पुलिस ने सांसद के कुछ करीबियों व उनके उनके कर्मचारियों को हिरासत में लेकर उनसे पूछ ताछ कर रही है। सांसद राकेश राठौर काण्ड में पीड़िता के पति ने एक और केस दर्ज कराया है जिसमें पांच लोगों को नामजद किया गया है और पति ने आरोप लगाया कि दर्ज केस में सुलह लगाए जाने का दबाव बनाया जा रहा हैं। दूसरी तरफ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सांसद तथा उनके पुत्र की शह पर कोमल राठौर, गोपाल राठौर, अनिल राठौर, विष्णु राठौर और जोगेंद्र राठौर ने पीड़ित की पत्नी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां करी और कराई। जिससे पीड़ित का परिवार गंभीर सदमे में है। शहर कोतवाल अनूप शुक्ल ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है। कांग्रेस सांसद राकेश राठौर की अंतरिम जमानत याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई। एमपी-एमएलए कोर्ट में दोनों पक्षों ने अपने-अपने तर्क रखे। न्यायालय ने पीड़ित पक्ष को एक दिन का समय दिया। बृहस्पतिवार को बहस के बाद सांसद की याचिका पर फैसला सुनाया जाएगा। पहले पीड़िता पक्ष के अधिवक्ता ने केस डायरी के अध्ययन के लिए दो दिन का मौका मांगा। इसपर सांसद पक्ष के अधिवक्ता ने कहा कि भले ही मौका दें, लेकिन इस दौरान



अंतरिम जमानत दी जाए। इस पर पीड़िता के वकीलों ने विरोध दर्ज कराया।सांसद पक्ष के अधिवक्ताओं ने कहा कि मामला जनप्रतिनिधि से जुड़ा होने के कारण उनको अंतरिम जमानत मिलनी चाहिए। लगातार पुलिस उनके घर दबिश देकर परिजनों व करीबियों को हिरासत में लेने का प्रयास कर रही है। दोनों पक्षों में बहस होने के बाद दोपहर दो बजे का समय दिया गया। तय समय पर न्यायाधीश ने निर्णय सुनाते हुए पीड़ित पक्ष के अधिवक्ताओं को एक दिन का मौका देकर 23 जनवरी को अगली तारीख तय कर दी। पीड़ित पक्ष के अधिवक्ता ने बताया कि बुधवार शाम सांसद के अधिवक्ताओं ने अर्जी देकर जो समय मांगा था उसे न्यायाधीश ने देर शाम खारिज कर दी। पुलिस ने सांसद के विरुद्ध शनिवार को दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया है। तभी से सांसद भूमिगत हैं। उनकी तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है। इस बीच उनके अधिवक्ता ने अग्रिम जमानत याचिका दायर की है। वही दूसरी तरफ पुलिस ने सीतापुर के सांसद राकेश राठौर के प्रतिनिधि वसी उल्ला खां को शहर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सूत्रो से प्राप्त जानकारी के अनुसार सांसद के आधिकारिक फेसबुक अकाउंट से इस सम्बंध में एक पोस्ट किया गया है। इसमें लिखा है कि मन्त्री चैराहा निवासी सांसद के प्रतिनिधि वसी उल्ला खां को शहर कोतवाली पुलिस ने बिना किसी नोटिस के रात करीब 2 बजे जबरन उठा लिया। उनके पूरे परिवार के मोबाइल फोन को जब्त कर लिया गया है।बुधवार को दोपहर साढ़े तीन बजे लोनियन पुरवा निवासी धर्मेंद्र कुमार जो अनुपम ऊल रेडीमेड की दुकान का कर्मचारी है, उसे भी उठा लिया गया है जो नियम विरूद्ध है।

## संक्षिप्त समाचार

### विधायक ने पहले किया सड़क का उदघाटन फिर दी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

**सिधौली- सीतापुर।** स्थानीय विधानसभा क्षेत्र में गुरुवार को भाजपा विधायक मनीष रावत ने क्षेत्र के सुरजनपुर और बसावन पुरवा गांव में इंटरलॉकिंग सड़क का उदघाटन किया वहीं ग्राम पँचायत डिकोली में बैठक कर ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। भाजपा विधायक मनीष रावत अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार क्षेत्र के सुरजन पुर ग्राम पँचायत पहुचे जहां पर उन्होंने इंटर लॉकिंग सड़क का फीता काट कर उद्घाटन किया इसके बाद उन्होंने बसावन पुरवा गांव में एक सड़क का उद्घाटन किया इस अवसर पर उन्होंने कहा कि योगी सरकार प्रदेश के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और जन जन तक सरकार की योजनाएं मिले जिसके लिए वह हमेशा प्रयासरत रहते है। वहीं श्री रावत ने क्षेत्र के डिकोली गांव पहुंचकर ग्रामवासियों सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी इस अवसर पर काफी संख्या में क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।

### चार साल की छात्रा ने जीता कास्यपदक

**सिधौली -सीतापुर।** स्थानीय तहसील मुख्यालय पर कस्बे के मोहल्ला बाजार निवासी चार वर्षीय कृष्वी चावला नर्सरी की छात्रा है लखनऊ स्थित 16 से 20 जनवरी तक चलने वाली सातवीं ओपन नेशनल ताइक्कांडो चैंपियनशिप में कड़ी टक्कर में कास्यपदक प्राप्त करने में सफलता हासिल की है। कस्बे के बाजार मोहल्ला निवासी कृष्वी के पिता अंशुल चावला ने बताया कि ये लखनऊ स्थित पीटीए एकेडमी में ताइक्कांडो की शिक्षा ले रही थी। उसी एकेडमी द्वारा प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का मौका मिला। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में कड़ी टक्कर में कास्यपदक प्राप्त हुआ है। सुनील चावला, सरोज चावला दीपांशु चावला तथा अन्य मोहल्ले व कस्बे वासियों ने छोटी उम्र की बच्ची के कास्यपदक प्राप्त करने पर बधाई दी है।

### बकायेदार व्यापारी की दुकान सील

**सिधौली -सीतापुर ।** स्थानीय तहसील मुख्यालय पर कस्बे में गुरुवार को सरकारी बकाया(1,73,000 रूपया) न जमा करने पर तहसील प्रशासन द्वारा दुकान सील करने की कारवाई की गई। स्थानीय कस्बे के मोहल्ला विवेकनगर निवासी राकेश कुमार निगम पुत्र कमलेश कुमार ने कुछ समय पूर्व एक चार पहिया वाहन खरीदा था जिसका(1,73,000 रूपया ) टैक्स बाकी था। तहसील प्रशासन द्वारा इनको कई बार परिवहन का बकाया टैक्स जमा करने के लिए नोटिस भेजी गई और मौखिक रूप से कहा भी गया पर टैक्स (1,73,000 रुपया) न जमा करने पर तहसील अधिकारी व कर्मचारियों ने सिधौली मिश्रिख मार्ग पर स्थित दुकानें सील करने की कारवाई की गई है।

### दुकानदारों में विवाद पांच का हुआ चालान

**सिधौली -सीतापुर।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत मुकीमपुर तिराहे के निकट दो पड़ोसी दुकानदारों की एक दूसरे पर छींटाकसी के दौरान भड़के विवाद में एक महिला और उसके कुनबे ने नेशनल हाईवे पर दजमकर उत्पात मचाया। इस दौरान काफी देर तक सड़क जाम रही। सिधौली कोतवाली क्षेत्र के मुकीमपुर के पास एक महिला चाय की दुकान चलाती है वही दूसरी दुकान वैल्डिंग इत्यादि की है बताताए है कि बुधवार को दो पक्षो में किसी बात को लेकर कहासुनी होंगयीं एक दूसरे छींटाकसी करते हुए नौबत कहासुनी तक आ गयी हुए बताते है कि इसी दौरान एक महिला व एक पुरूष नेशनल हाइवे पर लेट गए जो काफी देर तक लेटे रहे और जिससे हाइवे जाम हो गया सूचना पर पहुंचे सिधौली पुलिस दोनों पक्षों को लेकर सिधौली कोतवाली आई कोतवाली प्रभारी बलवंत शाही ने बताया की दोनों पक्षों नगमा( 30) पुत्री हुसैनी खुशनुमा (25)बानो पुत्री हुसैनी निवासी ओढ़ा जात थाना सकरन व सरित व शिवम पुत्रगण पुत्री शुखलाल ,सँजता पत्नी दिवाकर निवासी सरसौली कोतवाली सिधौली के विरुद्ध धारा 151 के तहत कार्यवाही की गई है।

# दुष्कर्म के आरोपी कांग्रेस सांसद की जल्द हो गिरफ्तारी - भाजपा

**सीतापुर।** महिला के साथ दुष्कर्म के आरोपी कांग्रेस सांसद राकेश राठौर की गिरफ्तारी की मांग को लेकर भारतीय जनता पार्टी बिसवां विधानसभा के कार्यकर्ताओं द्वारा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला एवं बिसवां विधानसभा के विधायक निर्मल वर्मा के नेतृत्व में महिला मोर्चा एवं क्षेत्रीय महिला शक्ति द्वारा विशाल विरोध प्रदर्शन किया गया प्रदर्शन के अंतर्गत महिलाओं द्वारा सांसद राकेश राठौर का पुतला भी फूंका गया इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं ने सांसद के पुतले को जूते की माला भी पहनाई इस अवसर पर बिसवां विधायक निर्मल वर्मा ने कहा कि एक तरफ कांग्रेस बड़ी-बड़ी बातें करती है वही अपने दुष्कर्म के आरोपी सांसद पर कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी की चुप्पी बताती है कि कांग्रेस की कथनी और करनी में कितना फर्क है उन्होंने आरोपी सांसद की गिरफ्तारी की मांग की वही अपने उद्बोधन में जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि कांग्रेस लड़की हूं लड़ सकती हूं का नारा लेकर चुनाव में आई थी लेकिन



अपने सांसद के दुष्कर्म के आरोप पर वह चुप है जिससे सिद्ध होता है कांग्रेस केवल चुनावी बात करना ही जानती है असल मुद्दों में उसे माततशक्ति के सम्मान से कोई लेना-देना नहीं है जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने उक्त मामले में महिला सम्मान को ध्यान रखते हुए आरोपी की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग की वही भाजपा नेता व गन्ना समिति अध्यक्ष सुधाकर शुक्ला ने आरोपी कांग्रेस सांसद राकेश राठौर की गिरफ्तारी की मांग की और सांसद के इस दुष्कृत से जनता को ठगा हुआ भी बताया कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद खैराबाद के अध्यक्ष अभिषेक गुप्ता अपने समर्थकों के साथ उपस्थित रहे उन्होंने कहा कि सीतापुर सांसद राकेश राठौर द्वारा महिला का लगातार शारीरिक शोषण किया गया यह कुकृत्य अक्षमय है। उन्होंने आरोपी सांसद की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। वही व्यापारी नेता भगवती गुप्ता ने भी दुष्कर्म के आरोपी सांसद राकेश राठौर की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष कंचन प्रभा पांडे द्वारा अपनी टीम के साथ उपस्थित होकर दुष्कर्म के आरोपी सांसद राकेश राठौर की गिरफ्तारी की मांग की और प्रियंका गांधी के नारे लड़की हूं लड़ सकती हूं को चुनावी नारा बताते हुए कहा कि कांग्रेस महिला सम्मान के साथ न खड़े होकर दुष्कर्म के आरोपी सांसद पर खामोश है जो कि कांग्रेस की बुरी नीति का प्रदर्शन है इस अवसर पर जिला महामंत्री विश्राम सागर राठौर में कांग्रेस सांसद राकेश राठौर पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके द्वारा किया गया कृत्य बहुत निंदनीय है किसी भी महिला के साथ इस तरह का जगन्य अपराध स्वीकार नहीं हो सकता है उन्होंने आरोपी सांसद राकेश राठौर पर कठोर से कठोर कार्यवाही करने कीमांग की। मौके पर इंदू सिंह चैहान नैमिष रतन तिवारी उदित वाजपेई जया सिंह सकरन ब्लॉक प्रमुख कृष्ण कुमार वर्मा नगर अध्यक्ष प्रथम राजन गुप्ता नगर अध्यक्ष द्वितीय पंकज मिश्रा अमर बाजपेई पंकज गुप्ता कुसुम सिंह ऋषभ त्रिवेदी रमेश भार्गव दीपू, आकाश अग्रवाल संजय मिश्रा नीरज वर्मा झल्लर अमित दीक्षित सहित पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता समर्थक व बिसवां विधानसभा से भारी संख्या में जन सामान्य व मातृशक्ति उपस्थित रही।

# पंडित मेवाराम मिश्र शिक्षा के लिए समर्पित व्यक्तित्व तथा प्रेरणा स्रोत : भरत त्रिपाठी

**सीतापुर।** रामकोट क्षेत्र के कात्यायनी कृषक जू हा स्कूल लिल्सी गौरा में विद्यालय के संस्थापक पंडित मेवाराम मिश्र की प्रतिमा का अनावरण पूर्व एमएलसी भरत त्रिपाठी जी के द्वारा विद्यालय परिसर में किया गया इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक रजनीश चंद्र उनकी पत्नी उमरानी मिश्रा सुपुत्र अभिनव मिश्र तथा सुपुत्री तथा शिक्षिका प्रज्ञा मिश्रा ज्ञान प्रकाश मिश्रा तथा प्रमोद मिश्रा आदि ने संस्थापक महोदय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भरत त्रिपाठी ने कहा कि पंडित मेवाराम मिश्र शिक्षा प्रेमी व्यक्तित्व का नाम है जिन्होंने बहुत ही कठिन परिस्थितियों में शिक्षा ग्रहण की तथा आसपास गांव के बालक बालिकाओं की शिक्षा कैसे सुलभ होगी इसकी कल्पना को लेकर उन्होंने इस विद्यालय की स्थापना की जो कि क्षेत्र में छात्र-छात्राओं के



पठन-पाठन तथा उनके व्यक्तित्व विकास हेतु अग्रणी भूमिका निभा रहा है कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जवाहर चीनी मिल महाप्रबंधक आशीष बंसल में कहा कि विद्यालय उत्तरोत्तर विकास की ओर बढ़ रहा है तथा उन्हें भी विद्यालय में समय-समय पर आने का शुभ अवसर प्रदान होता है माध्यमिक शिक्षक संघ प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ सुरेश तिवारी ने बताया कि इतना बड़ा शिक्षण संस्थान बिना आत्म बल के खड़ा करना संभव नहीं है इसके लिए संस्थापक पंडित मेवाराम का नाम इस क्षेत्र में सदैव अमर रहेगा इस अवसर पर उपस्थित हुए अतिथियों का माल्यार्पण तथा अंग वस्त्र पहनाकर सम्मान करने का कार्य विद्यालय प्रबंध समिति के लोगों के द्वारा किया गया छात्राओं ने अतिथियों के सम्मान में स्वागत गीत तथा मां सरस्वती की आराधना के साथ सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रबंधक रजनीश मिश्रा ने सभी आगतों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर भंवर सिंह ज्ञान प्रकाश मिश्रा प्रमोद मिश्र संदीप शुक्ला अमित त्रिपाठी प्रेम शंकर अनिल सिंह पंकज श्रीवास्तव गौरव मिश्रा राधा राधा कृष्ण शुक्ल दीन मोहम्मद रिजवी चंद्रभाल राठौर राम हेत वर्मा अखिलेश्वर सिंह निवेदिता सक्सेना के के शुक्ला चंद्र प्रकाश मिश्र सुशील गुप्ता रामकृष्ण वर्मा श्याम नाथ गुप्ता बेबी मेहरोत्रा करुणा शंकर आदि शिक्षक तथा गणमान्य लोग मौजूद थे।

# ग्रामीण मेले मे छुपी है सांस्कृतिक बिरासत की जड़े ऐसे आयोजन बहुत सराहनीय है : पवन सिंह

**सिधौली सीतापुर ।** ग्रामीण क्षेत्र में लगने वाले मेला व रामलीला देखकर लोगों में अपने धर्म के प्रति जागरूकता बढ़ती है,और साथ साथ ग्रामीण मेले से भाईचारे की परंपरा पुन: जीवित हो जाती है। यह बात भाजपा विधान परिषद सदस्य पवन सिंह ने आयोजित मेला कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहीं। विकास खण्ड कसमण्डा के ग्राम भाहूर में मां काली शक्ति पीठ मन्दिर पर ग्रामीणों के सहयोग सेपांच दिवसीय मेला व रामलीला का आयोजन किया गया। मेला का उद्घाटन करते हुए भाजपा विधानपरिषद सदस्य पवन सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजनों से आपस में भाईचारा बना रहता है। रामलीला में परशुराम लक्ष्मण संवाद का मंचन किया गया। कल 22जनवरी प्रथम प्राण प्रतिष्ठा दिवस पर भंडारा किया गया बच्चो द्वारा आतिशबाजी की



गयी इस अवसर पर प्रमुख रूप से कमलेश शुक्ला, राम प्रसाद शुक्ला, जय प्रकाश शुक्ला, अभय श्रीवास्तव , सुशील, अभय श्रीवास्तव, संदीप ,आराधना नाहिद ,नाज, आरती ,यस्वि सुरेन्द्र सिंह,अम्बर,बालक राम, श्री केशन, श्यामू, लल्ला, लवकुश शुक्ला, सौरभ शुक्ला कमलेश शुक्ला राम प्रशाद शुक्ला,राजेंद्र, राजेश, राकेश, जयप्रकाश, बैठूं पाल आकाश शुक्ला,उत्कृष,हनू यज्ञ पाल सहित हजारों की संख्या में लोगों ने मेला व रामलीला का आनंद उठाया। विधानपरिषद सदस्य पवन सिंह ने भगवान राम लक्ष्मण की आरती उतारी तथा माल्यार्पण कर अमन चैन का आशीष मांगा।

### विधायक निधि से मंदिर की बाउंड्री का होगा निर्माण

काली शक्तिपीठ मन्दिर परिसर मे आयोजित थनुष यज्ञ मेले में सीतापुर विधनपरिषद सदस्य पवन सिंह ने पूजा-अर्चना की। इस मौके पर एम एलसी ने घोषणा की कि इस प्राचीन काली मन्दिर परिसरकी बाउडी व सोलर बिजली की व्यवस्था अपनी निधि से कराएंगे। इस मौके पर एक सैकडा से अधिक गरीब बुजुर्गों को कम्बल का वितरग जिले की समाजिक संस्था समर्दि फाउंडेशन की अध्यक्ष अपर्णा मिश्रा द्वारा किया गया ।

# डीएम ने की पचास लाख से अधिक परियोजनाओं समीक्षा

**सीतापुर ।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में संचालित 50 लाख रूपये से अधिक लागत की समस्त परियोजनाओं एवं सड़कों के निर्माण तथा अनुरक्षण कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि निर्माणाधीन परियोजनाओं को निर्धारित समयावधि में पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि जिन निर्माणाधीन रेलवे ओवर ब्रिजों में रेलवे के स्तर से कार्य लंबित हैं, उन्हें संबंधित



अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर शीघ्र पूर्ण कराया जाये। पूर्ण परियोजनाओं को निर्धारित प्रक्रिया का पालन कराते हुए शीघ्र हस्तांतरित कराए जाने के भी निर्देश दिये। धीमी प्रगाति वाली संस्थाओं को कार्य की प्रगाति में सुधार के निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि लापरवाही करने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को सी0एम0आई0एस0 पोर्टल पर भौतिक सत्यापन एवं वित्तीय सत्यापन की फीडिंग ससमय कराए जाने हेतु निर्देश भी दिये ताकि जनपद की रैंकिंग प्रभावित न हो। धीमी प्रगति वाली योजनाओं में सुधार हेतु निर्देशित किया। उन्होंने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि अनारम्भ कार्यों को तत्काल प्रारंभ कराए। जिलाधिकारी ने कहा कि जो परियोजनाएं 01 वर्ष से अधिक लम्बित हैं, उनको प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाये। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग बेहतर अन्तर्विभागीय समन्वय स्थापित करते हुये परियोजनाएं शीघ्र पूर्ण कराये।

# मेरा संविधान मेरा स्वाभिमान विषय पर गोष्ठी आयोजित

**सीतापुर।** मेरा संविधान मेरा स्वाभिमान विषय पर एक गोष्ठी का आयोजन भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर किया गया गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय अध्यक्ष अवध क्षेत्र कमलेश मिश्र उपस्थित रहे। एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला प्रभारी नीरज सिंह उपस्थित रहे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि व जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा संविधान



एवं बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि की गई तदुपरांत गोष्ठी का आयोजन किया गया गोष्ठी में बोलते हुए मुख्य अतिथि कमलेश मिश्रा द्वारा संविधान की शक्ति एवं देश में संविधान के महत्व को विस्तार से समझाते हुए लोगों को संविधान के प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी संविधान का सम्मान करने वाली पार्टी है और संविधान का पालन कर देश हित का कार्य करना भारतीय जनता पार्टी का मुख्य उद्देश्य है इस अवसर पर जिला प्रभारी नीरज सिंह ने कहां की हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लगातार संविधान के सम्मान की बात कही जा रही है

# सचिव ने विकास कार्यो की धनराशि को भेज दिया चहेतों के खाते पर

**सीतापुर( मिश्रिख )।** जहाँ एक तरफ जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द द्वारा जनपद में हो रहे विकास कार्यो की समीक्षा बैठक कर विकास कार्यो के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी किये जाते रहते है जिससे है विकास कार्य का निर्माण टिकाऊ व बेहतर हो सके साथ ही विकास कार्य भ्रष्टाचार मुक्त हो सके। जिलाधिकारी के हर प्रयास के बाद भी जनपद में लगातार भ्रष्टाचार बढ़ता जा रहा है व ग्राम पंचायतों में तैनात सचिवों द्वारा विकास कार्यो के लिये आंवटित धनराशि को प्रधान व प्रधान परिजनों तथा सचिव अपने चहेतों के निजी खातों में भेजकर वित्त की धनराशि में लगातार डाका डाल रहे है। जिससे जनपद में विकास कार्यो में ग्रहण लगता दिखाई दे रहा है। अधिकतर ग्राम पंचायतों में वित्त की धनराशि में इस समय सचिव व प्रधान की कमाई का जरिया बनती हुई दिखाई दे रही है। जिससे विकास कार्य अवरूद्ध हो रहे है बताते चले कि विकास खंड मिश्रिख में दो वर्मा बंधुओ पर विकास खण्ड में इस प्रकार सचिव मेहरबान है कि लाखों रूपये का भुगतान कर रहे है। विकास खण्ड में तैनात सचिव रामलखन वर्मा व अन्य सचिवों के द्वारा अपने चहेते विजय वर्मा व जितेंद वर्मा के नाम लाखों रूपये का भुगतान भ्रष्टाचार की सारी हदें पार कर दी जो कि विकास खण्ड क्षेत्र में चर्चाओं का विषय बना हुआ है।

# दम्पत्ति जीवन से बंधे सीतापुर 320 जोड़े बेटियों की शादी के लिये योजना महत्वपूर्ण : सुरेश राही

**सीतापुर ।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत राजकीय इण्टर कालेज सीतापुर के मैदान में भव्य कार्यक्रम आयोजित कर 320 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्पन्न हुआ, जिसमें सिधौली विकास खण्ड के 35, कसमण्डा के 25, गोंदलामऊ के 20, खैराबाद के 59, हरगांव के 61, परसेण्डी के 36, बेहटा के 16, लहरपुर के 23, ऐलिया के 43 एवं नगर पंचायत हरगांव के 02 जोड़े शामिल रहे। सम्मिलित जोड़ों को धनराशि रू0 10000- की सामग्री एवं विधवा, परित्यक्तता, तलाकशुदा को धनराशि रू0 5000६- की उपहार सामग्री का वितरण किया गया तथा कन्या के खाते में रू0 35000- एवं विधवा, परित्यक्तता, तलाकशुदा को रू0 40000- प्रति जोड़े की दर से




स्थानान्तरित की जायेगी तथा आयोजन हेतु प्रति जोड़ा रू0 6000 की दर से व्यय करते हेतु प्रति जोड़े पर धनराशि रू0 51000 का व्यय किया गया।कार्यक्रम का शुभारम्भ उपस्थित जनप्रतिनिधिगणों एवं अधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। सभी जोड़ो को पुष्प वर्षा कर आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दी गयी तथा उपहार भी वितरित किये गये।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने कहा कि बेटियों की शादी के लिये यह अत्यन्त महत्वपूर्ण योजना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री लगातार अपने वादे निभा रहे हैं और वह आम जनमानस की परेशानियां समझकर उसके अनुसार योजनाएं बनाते हैं। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना भी इसी प्रकार की दूरदर्शी सोच का परिणाम है। उन्होंने सभी विवाहित जोड़ों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं भी दीं। नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा संचालित की गयी अत्यन्त महत्वपूर्ण योजना है। उन्होंने अपनी सोच को धरातल पर उतारते हुये इस वृहद योजना को कुशलतापूर्वक क्रियान्वित कराया है। उन्होंने सभी नवविवाहित जोड़ों से अपेक्षा की कि विवाह के दौरान दिये गये 07 वचनों का पूरी निष्ठा से पति-पत्नी पालन करते हुये खुशहाल जीवन व्यतीत करें। उन्होंने सभी से कहा कि बहू को बेटियों की तरह से सम्मान दें। राज्यमंत्री ने कहा कि कन्यादान सबसे बड़ा दान होता है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कहा कि सामूहिक विवाह प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की वसुधैव कुटुम्बकम की अवधारणा का परिणाम है, जहां एक ही स्थान पर इतनी बड़ी संख्या में विवाह सम्पन्न हुये हैं।जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने योजना के विषय में जानकारी देते हुये उपस्थित सभी अतिथियों का आभार ज्ञापन किया।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, जिला समाज कल्याण अधिकारी हर्ष मवार, परियोजना निदेशक डी0आर0डी0ए0 अनिल कुमार चैधरी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जय बापू जय भीम जय संविधान कार्यक्रम जनमानस को संविधान के प्रति जागरूक करने के लिए : आलोक प्रसाद

## कांग्रेस कार्यालय पर सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गयी

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी के विचारों के विचारों को जन जन तक पहुंचाने और भारतीय संविधान के प्रति लोगों के सचेत रहने के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा जय बापू जय भीम जय संविधान चलाया जा रहा है उक्त बातें उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष आलोक प्रसाद ने कही। उन्होंने कहा राष्ट्रिपता महत्मा गाँधी ने संविधान सभा के प्रारूप समिति के अध्यक्ष के लिए डॉ भीमराव आंबेडकर का नाम प्रस्तावित किया था। बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर ने देश के लिए संविधान बनाया जिसमें अमीर और गरीब को एक ही मत देने का अधिकार देकर समानता दिया। मौजूदा सरकार ने पूंजीपतियों के कर्ज को माफ किया और गरीबों को 5 किलो राशन का झुनझुना पकड़ा दिया।

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव मनोज गौतम और उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव अनिल भारती, मो अनीश खान ने कहा भारतीय संविधान सिर्फ एक पुस्तक ही नहीं है बल्कि देश की जनता के लिए एक सुरक्षा कवच है, संविधान में लोकतंत्र की सुरक्षा समाहित है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष सुनील मिश्र ने कहा आजाद हिन्द फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष थे इंहोने स्वाधीनता आंदोलन में तुम मुझे खून दो मै तुम्हें आजादी दूंगा और जय हिंद का नारा देकर लोगों में जोश भर दिया। नेताजी ने 4 जून 1944 को सिंगापुर से रेडियो संदेश प्रसारित कर महात्मा गांधी को राष्ट्रपिता की



उपाधि दी। कांग्रेस मीडिया इंचार्ज अवधेश कुमार मिश्र बब्लू ने बताया आज अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के तहत अम्बेडकरनगर जनपद के टांडा विधानसभा अंतर्गत लालापुर ग्राम सभा के दलित बस्ती पखनापुर में जय बापू जय भीम जय संविधान कार्यक्रम के अंतर्गत चौपाल का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष आलोक प्रसाद, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव मनोज गौतम, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव अनिल भारती की मौजूदगी में कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुनील मिश्र की अध्यक्षता संचालन युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव मो तौसीफ अहमद मोनू ने किया।कार्यक्रम का आयोजन तौसीफ अहमद मोनू ने किया। तत्पश्चात जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर आजाद हिन्द फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गयी।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश सचिव मो अनीश खान, पूर्व ज़िला अध्यक्ष अजय सिंह कप्तान, राम कुमार पाल, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव अमित जायसवाल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता कृष्ण कुमार पाण्डेय कक्कू, कांग्रेस मीडिया इंचार्ज अवधेश कुमार मिश्र बब्लू, जिला उपाध्यक्ष गुलाम रसूल छोटू, सुखीलाल वर्मा, रवीश शुक्ला, अजय पासवान, युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव विशाल वर्मा, युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव तौसीफ अहमद मोनू, श्रीकांत वर्मा, युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष हेमंत यादव, वी पी गौतम, शीतला प्रसाद श्रीवास्तव सोनू, राम कृपाल धावक, ब्लाक अध्यक्ष अकबरपुर आदित्य नारायण तिवारी बंटी, नंदकुमार गुप्ता दद्दू, मो सोयेब अनीश, विशाल पटेल, गोलू वर्मा, शुभम प्रजापति, अंशुमान वर्मा , मस्तराम शर्मा समेत समेत अनेक कांग्रेसजन मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### झटका मशीन की चपेट में आने से महिला की हुई मौत

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर।** जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के कैथा गांव में फसल सुरक्षा के लिए खेत में लगाए गए झटका मशीन की चपेट में आने से महिला की हुई मौत के मामले में पुलिस ने खेत मालिक के विरुद्ध गैरइरादतन हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कैथा गांव निवासिनी शोभावती (55) पत्नी ओम प्रकाश बीते मंलवार को अन्य महिलाओं के साथ गांव के ही रक्षाराम वर्मा के खेत में बथुवा तोड़ने गयी थी। इसी दौरान खेत में जानवरों से सुरक्षा के लिए लगायी गयी झटका मशीन के करंट की चपेट में आ गयी और बेहोश होकर गिर पड़ी। साथ रही अन्य महिलाओं ने इसकी सूचना परिजनों व ग्रामीणों को दी। परिजनों ने आनन फानन में उसे उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालपुर भर्ती कराया था, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया था। कोतवाल संतोष कुमार सिंह ने बताया कि मामले में मृतका शोभावती के पुत्र हृदय की तहरीर पर खेत मालिक रक्षा राम वर्मा के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज करते आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

### गेहूं-फिर तेजी संभव

उदय सुरेश भाई ठक्कर

कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के श्री उदय सुरेश भाई ठक्कर ने कहा जनवरी सरकार द्वारा खुले बाजार में गेहूं की बिक्री नवंबर माह के दूसरे पखवाड़े से ही बालू कर दी गई है, लेकिन दिल्ली में गेहूं टेंडर में बेचे जाने वाले की क्वांटिटी खपत के अनुरूप नहीं होने से रुक रुक कर जबरदस्त तेजी का रुख बना हुआ है। हालांकि 5500 टन से बढ़ाकर 6500 टन कर दिया गया है, जिससे बावजूद भी एक बार फिर गत सप्ताह का टेंडर काफी ऊंचा गया तथा कल के टेंडर पर कारोबारियों का ध्यान लगा हुआ है, जिस कारण गेहूं के भाव 3325/3330 रुपए प्रति कुंतल खुले बाजार में हो गए हैं। नई फसल आने में कम से कम ढाई महीने का समय बाकी है, इन परिस्थितियों में जनवरी का महीना गेहूं में तेजी वाला ही लग रहा है।

### राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत निकाली गई 12 किलोमीटर की मानव श्रृंखला



दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से राधेश्याम गुप्ता

यूपी के बांदा जिले में आज सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत मानव श्रृंखला बनाई गई। जिसमें आयुक्त अजीत कुमार और जिलाधिकारी जे.रीभा ने भी मुख्य रूप से हिस्सा लिया। मानव श्रृंखला में बड़ी संख्या में 17 हजार से ज्यादा स्कूली बच्चे शामिल हुए। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह को देखते हुए मानव श्रृंखला बनाई गई। इस दौरान आए हुए लोगों को सड़क सुरक्षा के नियम मानने की शपथ भी दिलाई गई। मानव श्रृंखला बनाए जाने का उद्देश्य सड़कों पर बढ़ रही दुर्घटनाओं को काम करना और सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में आम आदमी को जागरूक करना है। जिससे दोनों दिन बढ़ती जा रही सड़क दुर्घटनाओं में कमी आ सके। जिलाधिकारी जे. रीभा ने बताया कि महाराणा प्रताप चौक से लेकर पुलिस चौकी तक 17 किलोमीटर की मानव श्रृंखला बनाई गई। और सभी को सड़क सुरक्षा संबंधी शपथ दिलाई गई है। इसका उद्देश्य जनपद स्तर पर सड़क सुरक्षा के प्रचार प्रसार का है।

## प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव पर सुंदरकांड एवं भंडारे का किया गया आयोजन



दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अयोध्या।** जिले में 22 जनवरी को प्रभु श्री राम लला के प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव पर श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति दल अयोध्या के पदाधिकारियों द्वारा अयोध्या के मिल्कीपुर विधानसभा में सुंदरकांड एवं भंडारे के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मिल्कीपुर विधानसभा में होने वाले उपचुनाव प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान के पिता राम लखन एवं श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति दल के प्रदेश सचिव दीपक दिक्षित, मंडल अध्यक्ष विनय उपाध्याय , जिला प्रभारी रूद्र नाथ तिवारी, जिला अध्यक्ष दिनेश पाण्डेय , जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, विवेक तिवारी, जिला उपाध्यक्ष, विनयकांत श्रीवास्तव, जिला प्रचारक बंशराज चौहान,व अनुराग शुक्ला, जितेन्द्र कुमार, चेतन मौर्या, शिवम पांडेय,अन्य कार्यकर्ता भी शामिल रहे।

## पत्रकार को विधिक नोटिस प्रांजल डायग्नोस्टिक पड़ा भारी

### प्रांजल डायग्नोस्टिक सेंटर का पंजीकरण निरस्त कर, आल्ट्रा साउंड मशीन सील करने का आदेश

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर।** जिलाधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी के द्वारा प्रांजल डायग्नोस्टिक पर बड़ी कार्रवाई की गई। बसखारी अकबरपुर रोड स्थित बसखारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के ठीक सामने प्रांजल डायग्नोस्टिक सेंटर कई लगभग पांच से छह माह अखबारों में सुर्खियां बटोर रहा था।विभाग के द्वारा प्रांजल डायग्नोस्टिक सेंटर का पंजीकरण निरस्त किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसखारी के अधीक्षक को जिलाधिकारी व मुख्य चिकित्सा अधिकारी अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी के द्वारा प्रांजल डायग्नोस्टिक सेंटर का आल्ट्रा साउंड मशीन सील करने का आदेश दिया है। कथित प्रांजल डायग्नोस्टिक सेंटर की खबर चलाने के बाद पत्रकार को दी गई थी विधिक नोटिस प्रांजल डायग्नोस्टिक संचालक के द्वारा प्रांजल डायग्नोस्टिक सेंटर का खबर प्रकाशित करने के बाद पत्रकार को विधिक नोटिस दि गयी पत्रकार ने विधिक नोटिस का जवाब देने के बाद शिकायत किया गया था। शिकायत करने के उपरांत स्वास्थ्य विभाग के टीम द्वारा जांच कराया गया था कई महीनो के बाद जिला अधिकारी और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर राजकुमार,अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रामानंद सिद्धार्थ के द्वारा जांच किया गया जांच में बहुत सी गड़बड़ियां मिली थी जिसको लेकर जिला अधिकारी के द्वारा बैठक कर प्रांजल डायग्नोस्टिक सेंटर का पंजीकरण निरस्त कर दिया गया। डायग्नोस्टिक सेंटर और अस्पताल संचालक एक प्रचलन बना लिए थे की पत्रकार जब खबर चलाता है तो पत्रकारों को विधिक नोटिस और न्यायालय से मुकदमा पंजीकृत कर दबाव पत्रकारों को पर बनाते हैं। फिर हाल अगर देखा जाए तो न्याय में देर है अंधेर नहीं यह कार्रवाई अस्पताल संचालक को सीख लेना चाहिए कि पत्रकारों को विधिक नोटिस व न्यायालय से मुकदमा पंजीकृत करवाना गले की फांस बन सकती है जिलाधिकारी व अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अपार चिकित्सा अधिकारी बैठक में बहुत से ऐसे निर्णय लिए गए हैं जो अवध अस्पतालों और डायग्नोस्टिक सेंटर पैथोलॉजी के ऊपर बड़ी कार्रवाई हो।

**पत्रकार को विधिक नोटिस मारना पड़ा महंगा :** खबर प्रकाशित होने के बाद अपनी बचाव के लिए प्रांजल डायग्नोस्टिक सेंटर संचालक ने पत्रकार को विधिक नोटिस मारा विधिक नोटिस का जवाब देने के बाद पत्रकार ने तब प्रांजल डायग्नोस्टिक सेंटर का किया था शिकायत शिकायत कई महीनो तक चला अब जाकर कार्रवाई हुई इस कार्रवाई से सीख लेना चाहिए कि पत्रकार को नोटिस सोच समझकर ही मारना चाहिए क्योंकि पत्रकार समाज के मुद्दे को उठाता है ।

## बसखारी थाना प्रभारी पर गालीगलौज का आरोप

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर।** भाजपा के अनुसूचित मोर्चा (अवध क्षेत्र) के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रामप्रीत गौतम के पिता से बसखारी थाना प्रभारी ने गालीगलौज करते हुए उन्हें अपमानित किया। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर थाना प्रभारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किए जाने की मांग की है। वहीं भाजपा नेता के पिता के साथ हुई इस घटना से कार्यकर्ताओं में आक्रोश है। सभी ने थाना प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई न होने पर धरना-प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है।गोपालपुर अयोध्या निवासी रामप्रीत ने सीएम को भेजे गए पत्र में कहा है कि गांव के एक जमीन विवाद की जांच करने के लिए 15 जनवरी को बसखारी थाना प्रभारी आए थे। इस दौरान थाना प्रभारी ने उनके पिता के साथ गालीगलौज कर अपमानित किया था। इसलिए संबंधित प्रकरण में कार्रवाई की जाए। थाना प्रभारी संत कुमार सिंह का कहना है कि गोपालपुर अयोध्या गांव में नाली का विवाद चल रहा है।

## कुलपति ने प्रभारियों के साथ नैक के निर्धारित मानदण्डों की समीक्षा की

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक भवन के सभागार में बुधवार को पूर्वाह्न नैक मूल्यांकन को लेकर एनुअल क्वालिटी एसोरेंश रिपोर्ट (एक्यूएआर) सबमिट किए जाने के संबंध में निर्धारित मानदण्डों के प्रभारियों के साथ कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक हुई। कुलपति ने सर्वप्रथम प्रभारियों से नैक के निर्धारित मानदण्डों की समीक्षा की। इसके उपरांत सभी से पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुतीकरण को देखा गया। इस दौरान कुलपति ने कमियों को इंगित करते हुए दूर करने का प्रभारियों को निर्देश दिया। बैठक में कुलपति प्रो0 गोयल ने सभी से कहा कि अगले वर्ष नैक 'ए' प्लस प्लस ग्रेडिंग के लिए तैयार रहे। इसके लिए 27 जनवरी तक 2023-24 का एक्यूएआर अपलोड किया जाना है। विश्वविद्यालय को अच्छी ग्रेडिंग मिलने पर एक अलग पहचान बनेगी। इससे सुविधाएं भी बढ़ेगी। इसलिए नैक डेटा अपलोड करने में कोई कमी नही रखनी है। कुलपति ने कहा कि वर्तमान में विश्वविद्यालय को नैक 'बी' ग्रेड प्राप्त है। हम सभी को विश्वविद्यालय की एक अलग छवि बनाने के लिए नैक 'ए' ग्रेंडिंग के लिए प्रयास करना होगा। इसमें पूरी तन्यमयता के साथ लग जाना है। बैठक में कुलपति ने विश्वविद्यालय के इण्टरनल क्वालिटी एसोरेंश सेल (आइक्यूएसी) के समन्यवक डॉ0 पीके द्विवेदी व उनकी टीम को निर्देशित करते हुए कहा कि नियत तिथि पर नैक पोर्टल पर निर्धारित मानदण्डों को पूरा करते हुए अपलोड करना है। इसमें कोई कमी नही होनी चाहिए। इस बैठक में प्रो0 एसएस मिश्र, प्रो0 एसके रायजादा, प्रो0 हिमांशु शेखर सिंह, प्रो0 शैलेन्द्र वर्मा, डॉ0 अभिषेक सिंह, डॉ0 महिमा चैरसिया सहित अन्य प्रभारी मौजूद रहे।

## नेताजी के लिए राष्ट्र सर्वोपरि था : ललित श्रीवास्तव

### नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती धूमधाम से मनाई

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो



**अम्बेडकर नगर।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा अंबेडकर नगर ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती धूमधाम से मनाई । इस अवसर पर महासभा के जिला अध्यक्ष ललित मोहन श्रीवास्तव ने कहा की नेताजी ने आजाद हिंद फौज की गठन कर भारत की स्वतंत्रता प्राप्ति में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी। नेताजी भारत स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी तथा सबसे बड़े नेता थे । तमसा श्रेष्ठ ट्रस्ट के अध्यक्ष केशव श्रीवास्तव ने कहा नेताजी श्रीमद् भगवतगीता से प्रेरित थे इसी कारण स्वतंत्रता ,समानता, तथा राष्ट्रभक्ति के लिए उनके संघर्षों को बुलाया नहीं जा सकता। नेताजी के लिए राष्ट्र सर्वोपरि था। इस अवसर पर अजय श्रीवास्तव, दिनेश श्रीवास्तव, गुरुचरण श्रीवास्तव,राहुल, राजेश, विवेक, सुमित ,अमित श्रीवास्तव सहित चित्रांश उपस्थित रहे।

## जिला जेल कर्मचारी पर्वतारोही राकेश कादियान का नाम लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज

### उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने किया सम्मानित

**नूंह।** नीरज सोनी तावडू दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान। जिला जेल नूंह पर कार्यरत एवरेस्ट विजेता राकेश कादियान ने एक बार फिर जिला नूंह का नाम विश्व स्तर पर रोशन किया है । पर्वतारोही राकेश कादियान को युवाओं में जागरूकता लाने , बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ के नारे को सार्थक करने ओर समाज की सोच बदलने के लिए 2024 में 45 वर्ष की आयु पूर्ण करने व लगातार 21 साल सरकारी सेवा में सेवारत रहते हुए दो दिन के अंदर-अंदर विश्व की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट (8848 मीटर) ओर विश्व की चौथी ऊंची चोटी माउंट ल्होत्से (8516 मीटर) पर सफलता पूर्वक चढ़ाई करके भारतीय तिरंगा फहराने के बाद विश्व का पहला पर्वतारोही बनने पर लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज किया गया है ।



पर्वतारोही राकेश कादियान के इतनी उम्र में जान जोखिम में डालकर ये उपलब्धि हासिल करने पर लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है । राकेश कादियान ने बताया कि अब उसका सपना विश्व के सभी सातों महाद्वीपों के सभी ऊंचे पर्वतों पर भारतीय तिरंगा फहराना है जिसको वह हर हालात में पुरा करने के लिए जी-जान से मेहनत करने में लगा हुआ है ।राकेश कादियान ने बतलाया कि उसको अपने विभाग से किसी प्रकार की मदद नही मिलती , वह अपनी सामान्य डयूटी पूर्ण करने उपरांत अपने अभियान के लिए मेहनत करता रहता है । डयूटी से किसी प्रकार की कोई छूट नही मिलती फिर भी अपने देश का नाम रोशन करने के लिए दिन-रात मेहनत करता रहता है । राकेश कादियान ने 14-15 दिसम्बर को चंडीगढ़ में आयोजित हुई हरियाणा मास्टर एथेलेटिक चैंपियनशिप में भाग लेकर 110 मीटर बाधा दौड़ ओर 400 मीटर बाधा दौड़ में भाग लेकर अपने आयु वर्ग में 2 गोल्ड मेडल जीतकर अपने आगे के सफर के लिए बढ़ने की इच्छा जताई है । राकेश कादियान इससे पहले भी अफ्रीका महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी माउंट किलिमंजारो , भारत देश की चोटी माउंट सतोपंथ , माउंट नून , माउंट कांग-यात्से 1 पर चढ़ाई करके अपने हरियाणा प्रदेश का नाम रोशन कर चुका है । पर्वतारोही राकेश कादियान ने बताया कि वह अप्रैल 2025 में अटारी बॉर्डर से कन्याकुमारी ओर वपास कन्याकुमारी से मुख्यमंत्री हरियाणा आवास चंडीगढ़ तक लगभग 7000 किलोमीटर साइकिल यात्रा की तैयारी में लगा हुआ है ।

## अखिल भारतीय व्हालीबाल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

### महाप्रबंधक की उपस्थिति में खेला गया उद्घाटन मैच

अनूपपुर जिला ब्यूरो विकास कुमार की रिपोर्ट



**डूमरकछार/पौराधार।** नगर परिषद डूमरकछार के पौराधार कालोनी मे अखिल भारतीय व्हालीबाल प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच 22 जनवरी को मुख्य पंडाल खेल ग्राउंड परिसर पौराधार मे संपन्न हुआ,कार्यक्रम का उद्घाटन महाप्रबंधक (हसदेव क्षेत्र) उमेश शर्मा ने किया । कार्यक्रम के प्रारंभ मे अतिथियों एवं वरिष्ठजनो के द्वारा भारत माता के छाया चित्र मे पुष्प सुमन अर्पित कर, दीप प्रज्ज्वलन कर,राष्ट्रगान के उपरांत कार्यक्रम को आगे की गति प्रदान की गयी। कार्यक्रम मे एसईसीएल हसदेव क्षेत्र के महाप्रबंधक उमेश शर्मा के मुख्य आतिथ्य,डॉ.सुनील कुमार चौरसिया अध्यक्ष नगर परिषद डूमरकछार व जिला योजना समिति सदस्य के विशिष्ट आतिथ्य, उपक्षेत्रीय प्रबंधक राजनगर उपक्षेत्र महेंद्र पाल सिंह के अध्यक्षता,सभापति रवि सिंह,जीतेंद्र चौहान,रंजीत कुमार वर्मा,पार्षदगण निर्भय नारायण राव,विजेंद्र देवांगन व अन्य जनप्रतिनिधियों के आतिथ्य तथा मंचासीन अतिथि सुमित कौशिक थाना प्रभारी रामनगर,एसईसीएल हसदेव क्षेत्र के अधिकारी संजय सिंहा, मनोज बिश्नोई, रजनीश पांडे,ए. के.गौतम, सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे ,साथ ही कार्यक्रम में अशोक दुबे,राजेश सिंह,अनिल राव,अजीत सिंह के उपस्थिति मे कार्यक्रम संपन्न हुआ । इस अवसर पर आयोजकर्ता संयुक्त सलाहकार समिति सदस्य (हसदेव क्षेत्र) के सत्यदेव सिंह,अनुप सिंह,भरत भूषण सिंह,भगेला सिंह,जमील खान, शिवपूजन सिंह चौहान, फ्रेंड्स यूनियन क्लब एवं कोल इंडिया के वॉलीबॉल के खिलाड़ी एवं कोयलांचल के निवासी विनोद सिंह रामनारायण यादव,ठाकुर राम,राजकुमार सिंह,आलोक मित्रा,संजय राव,अवधेश सिंह,जगदीश पटेल,अंकित गौतम,आदित्य गुप्ता तथा सहयोग मे लगे परिषद के कर्मचारीगण,नगर की महिलाएं बेटी, समाज सेवियो समेत अन्य कई नागरिगण एवं खेल प्रेमियों सहित मीडिया कर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ फ्रेंड्स यूनियन क्लब एवं स्वामी विवेकानंद विद्यालय राजनगर कालरी के बच्चियों के द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति प्रस्तुत कर किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में खेल प्रेमी और गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की। उद्घाटन मैच में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों को रोमांचित किया। उद्घाटन मैच मे अयोध्या (उ.प्र.) और पंजाब टीम के बीच मुकाबला हुआ । जिसमे 3-2 से पंजाब की टीम ने बाजी मारी ।

# जेलर पर लगा अय्याशी करने का गम्भीर आरोप

केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव




**एटा।** जिला कारागार में जेल में तैनात जेल कर्मी के चार वीडियो सोशल मीडिया वायरल हुए हैं।वायरल वीडियो में जेल दरोगा ने जेलर प्रदीप कश्यप पर उत्पीड़न करने और अय्याशी का शौक पूरा करने के लिए गैर समुदाय की लड़कियां मंगाने का आरोप लगाते हुए आत्महत्या करने की बात कही है।वही वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद एटा में हड़कंप मचा हुआ है। एटा जिला कारागार में तैनात जेल जेल कर्मी राजीव हंस कुमार ने चार वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल की है।जेल हेड वार्डन ने जेलर प्रदीप कश्यप ,चीफ अरविंद और डिप्टी जेलर जहान सिंह पर गंभीर आरोप लगाए हैं।दरोगा ने जेलर पर अय्याशी का शौक पूरा करने के लिए गैर समुदाय की लड़कियां मंगाने और डिमांड पूरी नहीं करने पर उत्पीड़न करने और छुट्टी ना देने सहित तमाम गम्भीर आरोप लगाए हैं।दरोगा ने परेशान होकर रुंधे हुए गले से आत्महत्या करने की बात करते हुए वीडियो अपने फॉलोअर्स के बीच वायरल कर दिया है ।दरोगा का वीडियो वायरल होने के बाद एटा के जिलाधिकारी प्रेमरंजन सिंह ने संज्ञान लेते हुए संयुक्त रूप से जांच बैठाई है ।डी एम ने अपर जिला मजिस्ट्रेट सत्यप्रकाश सिंह अपर उपजिलाधिकारी राजकुमार मौर्य को जांच अधिकारी नामित किया है।वीडियो सामने आने के बाद एटा जेल प्रशासन पर गम्भीर सवाल उठने लगे हैं।

एटा जेल में तैनात जेल वार्डन राजीव हंस के चार वीडियो वायरल हुए हैं वीडियो में वह कह रहे हैं कि आमतौर पर लोग पुलिस वालों से डरते हैं लेकिन पुलिस वाले कितने दुखी रहते हैं यह मैं आपको बता रहा हूं एटा जेल पर तैनात जिला प्रदीप कश्यप है उन्होंने सब की जिंदगी खराब कर रखी है शादी के नाम पर एक नर्स का उत्पीड़न किया कासगंज की एक लड़की को शादी के लिए गुमराह कर रखा पड़े आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले सत्र में 6 महीने छुट्टी नहीं दी गई इस सत्र में भी 5 महीने से छुट्टी नहीं दी गई है वीडियो वायरल करने वाले दिन का वाक्य बताते हुए कहा मैं ड्यूटी करके आ रहा था बगिया के सामने मेरी बेइज्जती की गई जेल के कुछ कर्मचारी अरविंद कुमार और डिप्टी जिला जहां सिंह ने जेलर को मेरे खिलाफ भी भड़का रखा है मैं मरना नहीं चाहता था लेकिन मजबूर हूंमेरा दिमाग काम नहीं कर रहा है दोस्तों मैं आपकी दुनिया से जा रहा हूं रुंधे हुए गले से दरोगा ने कहा कि मैं दुखी हूं परेशान हूं जी नहीं पा रहा हूं इसलिए आत्महत्या करूंगा सुबह ड्यूटी पर भी नहीं जाऊंगा आप लोगों का मुझे बहुत प्यार मिला मजबूर होकर आत्महत्या कर रहा हूं यह भी कह रहा है की जेल अधीक्षक की पहली पोस्टिंग है वह ज्यादा नहीं समझ पाते हैं जेलर के खाने में आ जाते हैं मेरी वहां कोई सुनने वाला नहीं है। मामले पर जेल अधीक्षक अमित चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया मामला संज्ञान में आया है प्रकरण में डी आई जी जेल पी एन पांडेय के स्तर से जांच कराई जा रही है आगरा के जेल अधीक्षक जांच कर रहे हैं

# दबंगों ने गर्भवती महिला को बेरहमी से पीटा ,महिला हुई घायल, मेडिकल कालेज में भर्ती

केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव



**एटा।** जनपद के रिजोर थाना क्षेत्र के छोटी निधौली गांव में मामूली बात पर गांव के ही दबंगों ने गर्भवती महिला को बेरहमी पीट दिया।मारपीट की वजह से महिला की हालत बिगड़ गई।घायल अवस्था में महिला और उसका पति रिजोर कोतवाली पहुंचे जहां पहुंच कर पुलिस से शिकायत की ।पुलिस ने घायल गर्भवती महिला का मेडिकल परीक्षण करवाया है। फिलहाल महिला का एटा स्थित वीरांगना अवंती बाई मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा है। घायल महिला के पति ने जानकारी देते हुए बताया कि निधौली खुर्द गांव रहता हूं गांव के ही भीमा पुत्र जुम्मन ने मेरी पत्नी को मारा तोड़ा है ।जिससे वह घायल हुई है।महिला के पति ने रिजोर थाना पुलिस पर कार्यवाही न करने का आरोप लगाया है।पीड़ित ने बताया कि आरोपी दबंग है पुलिस के पास जाते है तो कार्यवाही नहीं होती मेरी मां भी शिकायत करने गई थी परंतु कोई सुनवाई नहीं हुई।

घायल महिला रुकसाना ने जानकारी देते हुए बताया कि भल्लो और उसके लड़के और पति में सड़क पर गिराकर कर मारा ।पुलिस से शिकायत करने गए तो कोई सुनवाई नहीं हुई फिर डायल 112 को सूचना देकर मौकेपर बुलाया और एंबुलेंस की सहायता से अस्पताल में आए है।आरोपी हम से जलन मानते हैं किसी और लड़ाई हो रही थी मुझे वगैर गलती के मारा है।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध खनन को लेकर एसडीएम बेहट एवं नायब तहसीलदार की बड़ी कार्यवाही



दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान सहारनपुर ब्यूरों चीफ जाती राम

**बेहट-सहारनपुर।** एसडीएम मानवेंद्र सिंह अवैध खनन के खिलाफ कड़ा रुख अपनाए हुए हैं।उसी अभियान के तहत उनके द्वारा कलसिया से पहले पीछा करके 4 ट्रकों को पकड़ लिया जब उनके द्वारा चालक से रवन्ना एवं प्रपत्र मांगे गए तो वह नहीं दिखा पाए।इसके अलावा एसडीएम में बताया कि अवैध खनन के खिलाफ बड़ी कार्यवाही को देखकर 3 ट्रकों को कस्बे के बाहर की तरफ आनंद बाग में छुपा दिया गया जिनको टीम भेजकर पकड़ लिया वह भी कोई प्रपत्र नहीं दिखा पाए सभी 7 को ट्रकों थाना बेहट के सुपुर्द कर दिया गया हैं इस दौरान नायब तहसीलदार भूपेंद्र सिंह,लेखपाल प्रवीण कुमार,योगेश कुमार आदि उपस्थित रहे एसडीएम बेहट मानवेंद सिंह ने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी सूरत में अवैध खनन नहीं होने दिया जायेगा।

### जन्मदिन पर बांटे कंबल! गरीबों और असहायों की सेवा से मिलती है आत्मिक संतुष्टि : आशीष सिंह

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता रामप्रकाश गुप्ता बाराबंकी

**बनीकोडर।** जनपद बाराबंकी के तहसील रामसनेही घाट क्षेत्र के ग्राम पंचायत छंदवल के पूरे अमेठिया निवासी,आयुष सिंह ने अपने जन्मदिन के मौके पर गरीबों व असहायों में कम्बल वितरित किया। इस मौके पर रक्तमित्र,ग्रीन गैंग सामाजिक कार्यकर्ता आशीष सिंह (अध्यक्ष अपना कपड़ा बैंक)ने कहा कि नर सेवा, नारायण सेवा ही मानव का मूल मंत्र होना चाहिए। कहा कि इस मंत्र से न सिर्फ जीवन में समृद्धि आती है बल्कि इससे मानव जीवन का वास्तविक उद्देश्य भी पूरा होता है। भतीजे आयुष सिंह द्वारा अपने जन्मदिन पर गरीबों में कंबल वितरित करने के बाद मानसिक रूप से बेहद संतुष्टि हो रही है। हर व्यक्ति को इसी तरह से गरीबों के लिए आगे आना चाहिए। अपना कपड़ा बैंक लगातार इस ठंड में जरूरतमंद लोगों तक गर्म कपड़े मुहैया करा रहा है। इस मौके पर ठाकुर बृजराज सिंह, अतुल सिंह, भगत, सियारानी, आदर्श, मानबहादुर सिंह, उदयभान, चंद्रकुमार, सुभाष, जगदंबा सिंह, जिलेदार सिंह आदि थे।

### प्रेमी ने प्रेमिका को जहर देकर मार डाला

केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता वीरू गौतम

**पीलीभीत।** एक युवती की जहर देकर हत्या कर दी गई नूरिया थाना क्षेत्र के रोहतानिया गांव की 22 वर्षीय छात्रा के साथ कुलदीप गंगवार का 3 साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था इस दौरान कुलदीप ने युवती के साथ कई बार शारीरिक संबंध भी बनाएं जब युवती ने शादी के लिए दबाव बनाया तो कुलदीप ने न केवल शादी से इनकार कर दिया बल्कि उससे बात करना भी बंदकर दिया 21 जनवरी को पीड़िता कुलदीप के घर शिकायत करने पहुंची जहां ग्राम प्रधान ने पुलिस की मौजूदगी में वीडियो बनाकर युवती को उसके परिजनों के हवाले कर दिया गुरुवार को युवती एक बार फिर मडरिया गांव स्थित कुलदीप के घर शिकायत करने पहुंची परिजनों का आरोप है

# स्वर्ण-मण्डित श्रीमद्भागवतजी शोभयात्रा का आयोजन आज

## विश्राम घाट यमुनापूजन के साथ होगा श्रीमद्भागवतजी का पूजन

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/नीरज चतुर्वेदी



**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर स्वर्ण मण्डित श्रीमद्भागवत जी के स्थापना महोत्सव का शुभारम्भ आज शुक्रवार दोपहर श्रीविश्राम घाट पर श्रीयमुनाजी पूजन एवं श्रीमद्भागवत जी के पूजन के साथ होगा। विशाल शोभायात्रा के साथ स्वर्ण-मण्डित श्रीमद्भागवत जी श्रीकृष्ण जन्मभूमि पधारेगी। यह जानकारी गुरुवार श्रीकृष्ण जन्मस्थान के अतिथि गृह में एस लक्ष्मीनारायणन, जन्मभूमि संस्थान के सचिव कपिल शर्मा एवं सदस्य गोपेश्वर नाथ चतुर्वेदी ने दी है। एस. लक्ष्मीनारायणन ने बताया कि अनेकानेक जन्मों के पुण्य उदय से ही भगवान श्रीकृष्ण की पुण्य पवित्र जन्मभूमि पर ऐसी अद्भुद सेवा करने का अवसर प्राप्त हुआ है जो वास्तव में भगवान श्रीकृष्ण की साक्षात कृपा-प्रसादी है। श्री लक्ष्मीनारायणन ने आगे बताया कि जिस ब्रजभूमि की रज प्राप्त करने के लिए रसिक सन्त लालायित रहते हैं। ब्रह्म आदि देवता भी जिस पवित्र भूमि पर किसी भी स्वरूप में नित्य उपस्थित रहने को लालायित रहते हैं ऐसी परम पवित्र भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि पर स्थापित श्रीमद्भागवत जी निश्चित ही भक्तों को परम सुख प्राप्त करायेंगी। धर्म के क्षेत्र में प्रतिष्ठित गिरि ट्रेडिंग एजेंसी के श्री राम नारायणन जी एवं उनकी बहन श्रीमती शारदा प्रकाश भी आज जन्मभूमि पर पुण्य श्रीमद्भागवत जी की सुन्दर स्थापना के लिए पधारे। श्री राम नारायणन एवं श्रीमती शारदा प्रकाश ने बताया कि ऐसी दिव्य श्रीमदभागवत जी के निर्माण में सहभागिता निश्चित ही जीवन की उपलब्धि है। संस्थान के सचिव कपिल शर्मा एवं सदस्य गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी ने एस लक्ष्मीनारायणन् के इस पुण्य कार्य की प्रशंसा करते हुऐ बताया कि वर्ष 1982 में जन्मस्थान पर प्रमुख मंदिर का नामकरण श्रीमद्भागवत जी के नाम पर करके श्रीभागवत-भवन रखा गया।

# वृंदावन के वीवीआईपी रोड पर 350 कर्मचारियों को एक साथ सफाई करते देख उमड़ा लोगों का हुजूम

## नगर आयुक्त और उप सभापति ने कर्मियों की ड्रेस पहनकर बढ़ाया उत्साह

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान फैसल कुरैशी



**मथुरा।** वृंदावन के वीवीआईपी मार्ग छटीकरा मोड़ से विधापीठ चौराहा तक बुधवार प्रातः 350 सौ से अधिक सफाई कर्मचारियों को एक साथ सफाई करते देखा लोग प्रफुल्लित दिखाई दिए। सफाई कार्य का नेतृत्व नगर निगम के नगर आयुक्त शशांक चौधरी खुद संभाले हुए देखे गए। विश्व पटल पर तेजी से पहचान बना रहे वृंदावन को स्वच्छ शहर बनाने के लिए अब नगर आयुक्त ने खुद ही मोर्चा संभाल लिया है। ब्रज दर्शन के प्रति बढ़ती लालसा से मथुरा वृंदावन आने वालों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। यहाँ आने वालों का आंकड़ा आठ करोड़ को छु गया है। ऐसे में ब्रज की स्वच्छ पहचान बनाने के प्रयास तेज कर दिए है । सांसद हेमा मालिनी खुद मथुरा के लिए ब्रांड एम्बेस्डर बनी हुई है तो वही नवागत जिलाधिकारी सीपी सिंह ने भी मथुरा वृंदावन की स्वच्छता को अपनी मुख्य प्राथमिकता बताया है। इस तरह वृंदावन की विश्व मानचित्र पर उभरती छवि को और निखारने के लिए नगर आयुक्त शशांक चौधरी ने अब खुद ही मोर्चा संभाल लिया है। उन्होंने स्वच्छ्ता संबंधी विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा करने के साथ ही निगरानी बढ़ा दी है।

बुधवार को नगर आयुक्त शशांक चौधरी ने प्रातः काल छटीकरा मार्ग पर पहुंचकर सफाई कार्य कराया। नगर निगम के उपसभापति मुकेश सारस्वत इस दौरान सहयोगी भूमिका मे नजर आए। छटी करा गेट से शुरु हुआ स्वच्छता का यह दौर विद्यापीठ चौराहा तक चला। उन्होंने सफाई व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, सड़क के किनारे जल भराव की समस्या एवं बैंडिंग जोन को व्यवस्थित आदि कार्यों का निरीक्षण भी किया । साथ ही संबधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सम्पूर्ण मार्ग को मॉर्डन रोड बनाए जाने हेतु उच्च स्तरीय कार्यवाही की जाए। किंग्स सिक्यूरिटी कंपनी के कर्मचारियो द्वारा किये गए सफाई कार्य से समूचा मार्ग अपनी अलग ही छटा बिखेरता दिखाई दिया। इस संबंध में नगर आयुक्त शशांक चौधरी ने बताया कि बड़ी संख्या में प्रतिदिन श्रद्धालु वृंदावन में दर्शन करने के लिए आते हैं इसलिए निगम का पूरा फोकस है कि इस वीवीआईपी मार्ग के अलावा सभी प्रमुख मंदिरों के आसपास परिक्रमा मार्ग और समूचे नगर में सफाई कार्य उच्चकोटि का रहना चाहिए इसके लिए कई टीम बना दी गई है। आज के सफाई अभियान में निगम के उप सभापति मुकेश सारस्वत के अलावा अपर नगर आयुक्त सीपी पाठक सहायक नगर आयुक्त अनुज कौशिक अधिशासी अभियंता राम कैलाश जेड एस ओ महेश चंद नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गोपाल गर्ग आदि मौजूद रहे।

# ससुराल पक्ष के लोगों द्वारा कराए गए मेडिकल परीक्षण की जांच कराने के लिए विवाहिता ने लगाई एस एस पी से गुहार

## सांठ गांठ कर फर्जी चिकित्सीय रिपोर्ट बनवाने का ससुराल पक्ष पर लगाया आरोप

केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव



एटा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्याम नारायण सिंह के कार्यालय पहुंच कर विवाहिता ने अपने मायके बालों के साथ पहुंच कर ससुराल पक्ष पर आरोप लगाते हुए शिकायती पत्र सौंपा है।विवाहिता के भाई ने लिखित प्रार्थना पत्र एस एस पी एटा को सौंप कर ससुराल पक्ष द्वारा करवाए गए चिकित्ससीय परीक्षण रिपोर्ट की पैनल द्वारा जांच करवाने के लिए गुहार लगाई है।कप्तान दफ्तर मायके बालों के साथ पहुंची विवाहिता ने बताया कि सोमवार को उसकी ससुराल पक्ष के लोगों ने अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुए मारपीट कर दी थी जिसकी सूचना पर मेरा भाई राजेश और पिता थान सिंह और छोटी कमलेश निवासी ग्राम सिरौरी जिला सहावर मेरी ससुराल गांव समसपुर थाना मारहरा आए हुए थे ।तभी मेरे पति संजू पुत्र गजराज,देवर शिवकुमार,सास हरियारी,देवरानी सरिता सहित आधा दर्जन लोगों ने मारना पीटना शुरू कर दिया मेरे पिता भाई और बहन को भी मारा और कमरे में बंद कर दिया ।डायल 112 के पहुंचने पर जान बची। ससुराल पक्ष के लोगों ने भी मेडिकल परीक्षण करवा लिया है।विवाहिता ने ससुरालियों पर चिकित्सीय रिपोर्ट गलत बनवाने का आरोप लगाते हुए जांच कराए की मांग की है।वही एटा पुलिस कप्तान ने फरियादियों की शिकायत सुनकर हर संभव मदद का भरोसा दिलाया है।

# धेनु धारा फाउंडेशन जल अभाव ग्रस्त गौशालाओं को जल उपलब्ध कराएगा - स्वामी गोपालानंद सरस्वती

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से मुस्तफ़ा अली




**सुसनेर।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव द्वारा मध्य प्रदेश के निराश्रित गोवंश के संरक्षण हेतु सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में भारतीय नूतन संवत 2081 से घोषित गोवंश रक्षा वर्ष के तहत जनपद पंचायत सुसनेर की समीपस्थ ननोरा, श्यामपुरा, सेमली व सालरिया ग्राम पंचायत की सीमा पर मध्यप्रदेश शासन द्वारा स्थापित एवं श्रीगोधाम महातीर्थ पथमेड़ा द्वारा संचालित विश्व के प्रथम श्री कामधेनु गो अभयारण्य मालवा में चल रहें एक वर्षीय वेदलक्षणा गो आराधना महामहोत्सव के 289 वें दिवस पर स्वामी गोपालानंद सरस्वती जी महाराज ने बताया कि ग्वाल शक्ति सेना निष्काम भाव से पूरे देश में गो अधिकारों की रक्षा के लिए युद्ध स्तर पर कार्य करेगी । स्वामीजी ने भारत वर्ष की ऐसी गोशाला जिनमें गोवंश के पेयजल की समस्या है उन गौशालाओं में जल उपलब्ध कराने के लिए धेनु धारा देवी फाउंडेशन की घोषणा की जिसको गोपाल परिवार के गोवत्स किरण कृष्ण गोपाल जी महाराज के मार्गदर्शन में कार्य करेगा । उक्त फाउंडेशन समाज एवं सरकार के सहभाग से गौशालाओं में नल कूप, कुएं,तालाब, एनीकेट आदि निर्माण करवाकर जल अभावग्रस्त गोशालाओ में पेयजल उपलब्ध कराएगा।

# डीएम ने किया जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण, खामियां दूर करने के दिए निर्देश

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/नीरज चतुर्वेदी



**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मरीजों को अच्छी सुविधा देने और खामियों को दूर करने के दिए निर्देश। उन्होंने जिला अस्पताल की विभिन्न सुविधाओं जैसे आपातकालीन वार्ड, एनआरसी सेंटर, बच्चा वार्ड, दवा वितरण केंद्र, सिटी स्कैन, अल्ट्रासाउण्ड, डायलिसिस, एक्स-रे, पैथोलॉजी और ब्लड बैंक का गहनता से निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पुरुष और महिला वार्डों में भर्ती मरीजों से उनके उपचार और स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने मरीजों की समस्याओं को सुनते हुए चिकित्सकों को बेहतर सुविधायें प्रदान करने के निर्देश दिए। अस्पताल में भर्ती मरीजों को उनकी स्थिति के अनुसार उचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने चिकित्सा कर्मियों को निर्देश दिए कि मरीजों का समय-समय पर बीपी, बुखार, शुगर, अन्य संबंधित समस्याओं की जांच करते रहें। दवा वितरण केंद्र पर उन्होंने एक्सपायरी दवाओं का विशेष ध्यान रखते हुए समय रहते वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डिजिटल एक्स-रे और पैथोलॉजी सेवाओं की गुणवत्ता को जांचते हुए, उन्होंने रिपोर्ट की समयबद्धता और दैनिक जांच की संख्या की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने अस्पतालों में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था और समय पर जांच रिपोर्ट और दवाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता बढाने के निर्देश दिए।

मरीजों को अधिक से अधिक लाभ देने के लिए 50 बेड का अलग से एक हॉल सरकार द्वारा बनाया जा रहा है, उसमें अच्छी क्वालिटी की व्यवस्था होगी। जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन भवन में गुणवत्ता से कार्य कराने के निर्देश दिए। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं की भी यहां तबियत बिगड़ जाती है, उनको भी अच्छी सुविधा मिले ऐसी सरकार की मंशा है। जिलाधिकारी ने मरीजों को दिये जाने वाले भोजन की गुणवत्ता को जांच तथा खाने के मैन्यु की जानकारी ली और सीएमएस को निर्देश दिये कि मरीजों को ससमय भोजन एवं दवायें उपलब्ध करायी जायें। उन्होंने सीएमएस को निर्देश दिये कि अस्तपाल की रंगाई पुताई कराई जाये तथा अस्पताल की साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाये। निरीक्षण में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रिकू सिंह राही, डिप्टी कलेक्टर अजीत सिंह, सीएमएस मुकुल बंसल, जिला सूचना अधिकारी प्रशांत कुमार सुचारी, डॉ सिद्धार्थ, डॉ अमन आदि मौजूद रहे।

# गौभक्त शैलेन्द्र पहलवान राष्ट्रीय अध्यक्ष ने गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा देने की मांग की

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान फैसल कुरैशी



**मथुरा ।** गौभक्त शैलेन्द्र पहलवान राष्ट्रीय अध्यक्ष ने गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा देने की मांग की है । राष्ट्रीय गोरक्षक सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष शैलेन्द्र पहलवान ने कहा कि हमारी गौ माता को राष्ट्र माता घोषित किया जाए। नहीं तो जेल भरो आंदोलन और नंगे पैर चलने की कसम खाई थी। एक माँ माह में 6 महीने दूध पिलाती है एक गौ माता हमारी जिंदगी भर भर दूध पिलाती है। योगी जी भी एक गौ रक्षक है। एक पुत्र अपनी मां का दर्द समझता है। गौरक्षक भाई अपनी जान पर खेल कर गौ माता की सेवा करते हैं। अपनी मां की सेवा तो बेटा करता है। इसके मूत्र से दवाइयां बनती हैं और इसके गोबर से औषधि और धूप बत्ती बनती है। प्राचीन काल में गौ माता की सेवा हमारे कृष्ण भगवान ने भी की थी। पिछले दिनों राष्ट्रीय गौरक्षक सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष शैलेन्द्र पहलवान ने घोषणा करते हुए यहाँ तक कह दिया की यदि कि गौ माता को राष्ट्र माता घोषित नहीं किया जाता तो वे अपने प्राण भी त्याग सकते हैं । उन्होंने सरकार से निवेदन करते हुआ कहा है कि हमारी माता को राष्ट्र माता घोषित किया जाए । जिससे गो तस्करी और गौ हत्या पर पूरी तरह विराम लगे, बूचड़ खाना पर भी प्रतिबन्ध लगना चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश आदित्यनाथ योगी को सम्बोधित करते हुए कहा की आप भी एक गौ रक्षक है, गौ माता को अपनी माता से बढ़कर मानते हैं, आपको हमारी मांगों पर गंभीरता से विचार करना होगा ।

# कांग्रेस के कारण नगरीय निकाय में जनता रही विकास से वंचित ,भाजपा करेगी जनता के सपनों को पूरा : टिकेश्वर गबेल

## नगरीय निकायों में विकास का नया अध्याय लिखेगी भाजपा, मूलभूत सुविधाओं से शहरों को चमकाएंगे : टिकेश्वर गबेल

नगरीय निकायों में कांग्रेस के भ्रष्टाचार से जनता हलाकान,भाजपा के आने से जनता का पैसा जनता तक पहुंचेगा-टिकेश्वर गबेल भाजपा सक्ती जिला अध्यक्ष टिकेश्वर गबेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में होने जा रहे नगरीय निकाय व त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव मूलतः उस विश्वास को जनादेश में बदलने के लिए हैं, जो विश्वास हमने अपने पिछले एक वर्ष के कार्यकाल में हासिल किया है। हमने पिछले महीने ही जनादेश परब में विश्वास का एक वर्ष पूर्ण किया है। श्री टिकेश्वर गबेल ने कहा कि हमने नगरीय निकाय और पंचायत दोनों का आमचुनाव एक साथ कराने का निर्णय लिया है ऐसा कर हम यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी के वन नेशन वन एलेक्शन की ओर एक निर्णायक कदम बढ़ा चुके हैं।

जिला अध्यक्ष टिकेश्वर गबेल ने कहा कि इस वर्ष को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार ने अटल निर्माण वर्ष घोषित किया है। यह वर्ष प्रदेश निर्माता अटल जी का जन्म शताब्दी वर्ष भी है। निस्संदेह अटल निर्माण वर्ष में हमारी सरकार अधोसंरचना के क्षेत्र में अधिकाधिक कार्य करेगी और इसका सबसे बड़ा लाभ हमारे नगरीय निकायों को मिलेगा। श्री टिकेश्वर गबेल ने कहा कि भाजपा ने अपने मंत्र हमने बनाया है, हम ही सँवारेंगे के साथ राज्य में विकास का नया अध्याय लिखा है। केंद्र और राज्य, दोनों में भाजपा सरकार ने जो अद्भुत कार्य किए हैं, वह जनता के सामने हैं। हमने बीते एक साल में जो वादे किए, उन्हें पूरा कर यह साबित किया है कि भाजपा केवल बोलती नहीं, बल्कि करके दिखाती है। अब हम इस मंत्र को लेकर नगर पालिका, और जिला परिषद स्तर तक पहुंच रहे है, ताकि हर शहर, हर वार्ड, और हर गली, यहां तक कि हर घर में विकास की यह गूंज सुनाई दे। श्री टिकेश्वर गबेल ने कहा कि हमारा उद्देश्य छत्तीसगढ़ के हर नागरिक को स्वच्छ, सुंदर, और समृद्ध जीवन प्रदान करना है। कांग्रेस के भ्रष्टाचार और कुशासन के विपरीत, भाजपा हर स्तर पर पारदर्शी और जवाबदेह शासन देने के लिए प्रतिबद्ध है।



जिलाध्यक्ष टिकेश्वर गबेल ने कहा कि यह चुनाव सिर्फ नगर निगमों ,नगरपालिका में प्रतिनिधि चुनने का अवसर नहीं है, बल्कि यह छत्तीसगढ़ के शहरों के भविष्य को सँवारने और हर नागरिक के लिए एक स्वच्छ, सुंदर और समृद्ध कल सुनिश्चित करने का मौका है। कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ की जनता को हमेशा निराश किया है। 2018 के विधानसभा चुनाव और 2019 के शहरी निकाय चुनाव में जीत हासिल करने के बाद, कांग्रेस ने जनहित के वादों को पूरा करने के विपरीत भ्रष्टाचार और कुशासन का नया अध्याय लिखा। कांग्रेस के शासनकाल में विकास के कार्य ठप कर दिए गए। टिकेश्वर गबेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में पिछले पाँच वर्ष में शहरी क्षेत्रों में भी कांग्रेस का कब्जा था, और कांग्रेस के कार्यकाल में शहरों की हुई दुर्दशा किसी से छिपी नहीं है। खराब सीवरेज व्यवस्था के कारण शहर गंदगी और जलभराव का शिकार हो गए हैं। मुहल्लों में डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियाँ फैल रही थी। विकास के कार्य ठप पड़े हुए थे, हमने पिछले 13 महीनों में 7,300 करोड़ रुपए से अधिक के कार्यों की स्वीकृति प्रदान कर शहरों के विकास में जान फूँकी है। मिशन अमृत अंतर्गत पांच शहरों में 865 करोड़ की लागत से सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्वीकृत किए गए है। स्वच्छ भारत मिशन 2.0 अंतर्गत अनुपचारित जल प्रबंधन हेतु एक लाख से कम जनसंख्या वाले 160 शहरों में 830 करोड़ की लागत से लगभग 200 सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना और 1000 कि.मी. से अधिक सीवरेज लाइन बिछाई जाएगी।

भाजपा सक्ती जिला अध्यक्ष टिकेश्वर गबेल साव ने कहा कि शहरों में केन्द्र की मिशन अमृत 2.0 योजनांतर्गत 2,130 करोड़ रु. की लागत से 45 शहरों में जलप्रदाय परियोजनाएँ स्वीकृत की गई हैं। शहरों में तालाबों के जीर्णोद्धार हेतु 113 करोड़ तथा उद्यान विकास हेतु 32 करोड़ रुपयों की स्वीकृति प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा प्रदान की गई है। श्री टिकेश्वर गबेल ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में शहरों की सफाई व्यवस्था बद से बदतर हो गई थी, जिसे अब हमें ही सँवारना है। इसके लिए स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत सफाई व्यवस्था और ठोस अपशिष्ट के निष्पादन हेतु भारत सरकार द्वारा नवंबर 2024 में राशि 230 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है।

# भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मनाई गई नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 127 वीं जयंती

**अंशु कुमार, मुरलीगंज मधेपुरा**



23 जनवरी 2025 को मधेपुरा जिला के मुरलीगंज गोल बाजार स्थित गौतम शारदा पुस्तकालय में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा बड़े ही हर्सोल्लास के साथ मनाई गई सुभाष चंद्र बोस की जयंती । मुरलीगंज नगर के भाजपा नगर अध्यक्ष सूरज जायसवाल की अध्यक्षता मे यह कार्यक्रम मनाई गई।भाजपा के सभी पदाधिकारी, एवं कार्यकर्त्ता के साथ साथ शहर के गन्यमान लोग भी उपस्थित रहे। पहले नगर अध्यक्ष ने नेता जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि किया फिर बारी बारी से सभी ने पुष्पांजलि अर्पित कर नेता जी को श्रद्धांजलि दी। सभी उपस्थित भाजपा के सदस्यों ने मिलकर केक काटकर एक दूसरे को मिठाई खिलाया और उनका जन्मदिन मनाया गया, सभा मे नगर महामंत्री राजीव जायसवाल, अनुपम सिंह, नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी बाबा दिनेश मिश्रा, सूरज पंसारी जिला उपाध्यक्ष उपेंद्र आनंद, नगर उपाध्यक्ष कन्हैया जायसवाल, पंकज सिंह, नीरज जायसवाल, शंकर चौधरी, सुनील अग्रवाल, सौरभ चौधरी, टुन्ना सिंह, सुजीत कुमार, प्रमोद वर्मा, चिराग अग्रवाल,संतोष संगम के साथ साथ अनेको लोग मौजूद थे। बता दें कि भारत के स्वतन्त्रता संग्राम के अग्रणी तथा सबसे बड़े नेता सुभाष चन्द्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को हुआ था। द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान, अंग्रेज़ों के खिलाफ लड़ने के लिए, उन्होंने जापान के सहयोग से आज़ाद हिन्द फ़ौज का गठन किया था।उनके द्वारा दिया गया जय हिन्द का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया। तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूंगा का नारा भी उनका था जो उस समय अत्यधिक प्रचलन में आया।भारतवासी उन्हें नेता जी के नाम से सम्बोधित करते है। इस दिवस को पराक्रम दिवस के रूप में भी मनाया जाता है,भारत सरकार द्वारा 2021 में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125 वीं जयन्ती से पहले इस दिवस को पराक्रम दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की गयी थी।अपने सार्वजनिक जीवन में सुभाष चंद्र बोस को कुल 11 बार कारावास हुआ। सबसे पहले उन्हें 16 जुलाई 1921 में छह महीने का कारावास हुआ।

# गंगाघाट नगर पालिका के सहयोग से होल्डिंग माफियाओं ने ढक दिए नगर के सभी संकेतक होर्डिंग बोर्ड भटकते रहते है राहगीर

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान, अश्वनी शेखर(ब्यूरो उन्नाव)**




**शुक्लागंज/गंगाघाट।** नगर क्षेत्र में होल्डिंग माफियाओं ने अधिकतर मार्ग संकेतक बोर्ड ( साइन बोर्ड ) को अवैध होल्डिंगो से पाट दिया है।नगर के अधिकतर संकेतक बोर्डों पर होर्डिंग माफियाओं का ही कब्जा कायम है।जिनका भरपूर सहयोग गंगाघाट नगर पालिका करती आई है।पालिका की आंखों के सामने ही कई होर्डिंग सड़कों डिवाइडरों तथा साइन बोर्डों पर लगी हुई है।जिसके परिणाम स्वरूप दूर दराज के सफर कर रहे राहगीरों को यह मार्ग संकेतक साइन बोर्ड नहीं दिखते और वह अपना मार्ग भटक जाते है। वही दूसरी ओर राजधानी मार्ग के बीच डिवाइडरों पर भी इन होर्डिंग माफियाओं का अवैध कब्जा कायम है राजधानी मार्ग के बीच डिवाइडर पर लगे संकेतक साइन बोर्डों को भी होर्डिंगों से पाट दिया गया है।वही क्षेत्रीय लोगों तथा नगर के लोगों से जानकारी करने पर पता चला कि होर्डिंग लगाने वालों का गंगाघाट नगर पालिका से अच्छे संबंध होने के चलते पालिका इन होर्डिंग माफियाओं को खुली छूट दे रखी है जिसके चलते संपूर्ण नगर को होर्डिंग माफियाओं ने अपनी जेब भरने के चलते होर्डिंगों से पाट दिया जब कि पालिका द्वारा हुए होर्डिंग टेंडर पर साफ साफ यह अंकित किया गया है कि किसी भी सरकारी जगहों पर या राजधानी मार्ग के डिवाइडर के आस पास होर्डिंग लगाना कानूनन अपराध है। उसके बावजूद नगर पालिका की सह पर होर्डिंग माफियाओं ने संपूर्ण नगर को होर्डिंगों से ढक दिया है।

## 24जनवरी को सिद्धौर ब्लॉक में लगेगा रोजगार मेला

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता रामप्रकाश गुप्ता बाराबंकी**

**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** आईटीआई डिप्लोमा होल्डर जिले में जो भी छात्र छात्राएं है बेरोजगार हैं वह सभी 24 जनवरी दिन शुक्रवार को ब्लाक सिद्धौर बाराबंकी मे रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मेले में कई कंपनियाँ भाग लेंगी, जो विभिन्न पदों के लिए नौकरियों और अप्रेंटिसशिप के लिए भर्ती करेंगी। ऐसे में छात्र छात्राएं अपने सभी आवश्यक दस्तावेज़ जैसे कि रिज़्यूम, शैक्षणिक प्रमाणपत्र, पहचान पत्र, और अन्य संबंधित दस्तावेज़ साथ लाएँ। सभी इच्छुक छात्र छात्राएं समय पर पहुँचें। यह अवसर उनके भविष्य को संवारने के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा। बेहतरीन मौका है। उम्मीदवार इस मेले में भाग लेकर अपनी योग्यताओं और अनुभव के अनुसार विभिन्न कंपनियों द्वारा पेश की गई नौकरियों और अप्रेंटिसशिप के अवसरों का लाभ उठा सकते हैं।

# कई समस्याओं को लेकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा

**केसरिया हिन्दुस्तान इसरार व्यूरो पीलीभीत**



**पीलीभीत।** पूरनपुर ।तहसील परिसर में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने वृहस्पतिवार को समस्याओं को लेकर डीएम को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा।पूरनपुर तहसील परिसर में गुरुवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के द्वारा समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी को संबोधित 9 सूत्रीय ज्ञापन तहसीलदार हबीबुर्रहमान को सौंपा। ज्ञापन में बताया कि विरासत के बाद किसान खातेदारों की खतौनी से फार्मर रजिस्ट्री नहीं हो रही है। कृषि विभाग की वेबसाइट शीघ्र दुरुस्त कराई जाए। किसानों की खतौनी लेखपालों के द्वारा गांव में जाकर सही कराई जाएं। आधार कार्ड अपडेट व संशोधन को लेकर गांवों में कैंप लगाए जाए। राशन कार्ड से नाम काटने व जुड़ने में काफी समय लग रहा है। इसको सुधार किया जाए। आसाम रोड क्रॉसिंग से नटबीर बाबा स्थान तक रास्ते का निर्माण कराया जाए। नगर पालिका चौराहा कोतवाली रोड पर लग रहे जाम से लोगों को निजात दिलाई जाए। ग्राम पंचायतों में सफाई कर्मचारियों से सफाई कराई जाए। ग्राम पंचायत सिमरिया ता. महाराजपुर के नाजिम पुत्र अलीहसन ने शिवराम,बृजलाल, मोहम्मदशाह,वसर अली,इरशाद तथा मोहिद से दिनांक एक नवंबर से 20 नवंबर 2024 तक गन्ना छिलाई व ट्राली भराई का काम कराया था। जिसकी मजदूरी 42000 का भुगतान नहीं किया गया। जबकि इस संबंध में श्रम विभाग में भी शिकायत की गई उसके बाद भी मामले को गंभीरता से नहीं लिया गया। मजदूरों की मजदूरी दिलवाई जाए इन्हीं मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन सौंपने वाले शिवराम, मोइन खा,मोहम्मद शाह, हरिप्रसाद दिवाकर, पीतांबर दास,मंगली प्रसाद,इरशाद सहित काफी लोग मौजूद रहे।

# मुजम्मिल हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा दो आरोपिओ को किया गिरफ्तार

**केसरिया हिन्दुस्तान इसरार व्यूरो पीलीभीत**



**पीलीभीत- बीसलपुर।** थाना क्षेत्र के गांव मीरपुर वाहनपुर निवासी मुजम्मिल हत्याकांड का सफल अनावरण करते हुए पुलिस ने अरहान पुत्र महरुद्दीन व गुड्डू पुत्र जाविर निवासी रिछोला सबल थाना बीसलपुर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से वैगनआर कार बरामद करते हुए अभियुक्तों को जेल भेजा वही पूछताछ में आरोपियो ने बताया कि अरहान ने 2020 में मुजम्मिल से 7 हजार रुपए उधार लिए थे। जिन्हें वह वापस नहीं कर पा रहा था। जिसको लेकर मुजम्मिल लगातार पैसा लौटाने का दबाव बना रहा था। इससे तंग आकर मुजम्मिल को ठिकाने लगाने की योजना बना डाली। आरोपियों ने बरेली के इज्जत नगर थाना क्षेत्र के गांव रिठौरा के निकट नहर के किनारे आरोपियों ने उसकी गले की नस काट दी और झाड़ियों में शव को फेक दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए उन्हें जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार शुक्ला, उप निरीक्षक जयपाल सिंह, उपनिरीक्षक उमाशंकर वर्मा, उपनिरीक्षक शरण यादव, कांस्टेबल दीपक कुमार, कांस्टेबल शनि कुमार, कांस्टेबल परशुराम शामिल रहे।

## कम्बल मिलते ही खिले गरीबों के चेहरे

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से राधेश्याम गुप्ता**

**बांदा।** बबेरु विधानसभा में सर्दी का प्रकोप शुरू है और गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों को सर्दी सता रही है। वहीं सरकार ने उनकी सुरक्षा का इंतजाम किया है। बबेरु तहसील प्रशासन की ओर से कंबल खरीद लिये गये हैं। जिनका वितरण जिला पंचायत सदस्य अरुण सिंह पटेल के द्वारा शुरू कराया गया है। बृहस्पतिवार को ग्राम पंचायत पल्हरी, व शिव में निशुल्क कंबल वितरण का कार्यक्रम राजस्व विभाग की ओर से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य अरुण सिंह पटेल ने क्षेत्र के करीब एक सौ पचास से अधिक गरीब एवं असहाय और दिव्यांगों के साथ-साथ जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए। इस दौरान कंबल पाकर गरीबों के चेहरे खुशी के खिल उठे। जिला पंचायत सदस्य अरुण सिंह ने कहा कि सरकार की मंशा है कि सर्दी की वजह से किसी भी गरीब असहाय को परेशानी न हो।

# उद्यान विभाग की मिलीभगत से चला हरे भरे पेडो पर आरा

**केसरिया हिन्दुस्तान इसरार व्यूरो पीलीभीत**



**पीलीभीत-बरखेड़ा।** क्षेत्र में इस समय हरे भरे फलदार वृक्षों की सामत आई हुई है। लकड़ी के ठेकेदार किसानों से हरे भरे फलदार वृक्षों को तथा बागो को खरीद कर वृक्षों का कत्ल करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। उद्यान विभाग भी हरे भरे फलदार वृक्षों पर जबरदस्ती रोग ग्रस्त होने का ठप्पा लगा रहा है। और वन विभाग भी उन्हें काटने के लिए परमिट देने में पीछे नहीं है बरखेड़ा क्षेत्र में ऐसे जाने कितने फलदार हरे भरे आम के बाग थे जीने आर्थिक लाभ के कारण मिटा दिया गया है और यह हरे भरे फलदार वृक्षों को काटने की परंपरा क्षेत्र में तेजी से चल रही है वृक्षों की अंधाधुंध कटाई के कारण पर्यावरण पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव की संभावना तीव्र होती चली जा रही है जहां सरकार करोड़ों रुपए खर्च करके वृक्षों को लगाने का कार्य कर रही है। वहीं सरकार के ही लोग आर्थिक लाभ के लिए हरे-भरे वृक्षों पर बगैर जांच पड़ताल किए उन पर रोगी होने का ठप्पा लगाने पर उतारू हो गए हैं जब इस प्रकरण की जानकारी जिला उद्यान अधिकारी आर डी गंगवार से ली गई तो उनके द्वारा बताया गया कि किसानों को जब फलदार वृक्षों से काम आए होती है तो वह वृक्षों को कटवाने के लिए प्रार्थना पत्र लेकर आते हैं या फिर वृक्षों की उम्र पूरी हो जाने पर उन्हें भी रोगी मानते हुए काटने की अनुमति के लिए वन विभाग परमिट बनवाने के लिए भेजा जाता है परंतु बरखेड़ा क्षेत्र में तो इसके विपरीत हो रहा है नए-नए कम उम्र के हरे भरे फलदार वृक्ष शीशम जामुन आम आदि वृक्षों को रोगी दिखाकर उन पर आर साठगांठ के चलते आरा चलवाया जा रहा है।

# ग्राम पंचायत, फ़लियामुंडा डभरा में श्रीमदभागवत कथा का आयोजन



**केसरिया हिंदुस्तान जांजगीर, ब्यूरो तरुण चौबे**

ग्राम पंचायत फलिया मुंडा में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से ओत-प्रोत पौराणिक कथाओं का श्रवण किया। कथा वाचक आचार्य प्रियकांत चौबे ने गज-ग्राह, वामन अवतार, समुद्र मंथन और कृष्ण जन्मोत्सव की अद्भुत कथाओं से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

**गज-ग्राह की कथा :-**

गजेंद्र नामक हाथी के ग्राह (मगरमच्छ) के चंगुल में फंसने की कथा सुनाते हुए आचार्य जी ने भगवान विष्णु की कृपा और भक्त के प्रति उनकी रक्षा स्नेह का उल्लेख किया। इस कथा ने संकट के समय भगवान पर विश्वास के महत्व को बताया । समुद्र मंथन से प्राप्त 14 रत्नों की कथा ने जीवन में सहयोग और त्याग का महत्व बताया। भगवान शिव द्वारा हलाहल विष के पान को सृष्टि की रक्षा के लिए सर्वोच्च त्याग का प्रतीक बताया गया। व्यास पीठ से आचार्य प्रियकांत चौबे ने सनातन धर्म और संस्कृति पर जोर देते हुए कहा कि यह केवल एक धर्म नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक शैली है। उन्होंने युवाओं को आधुनिकता के साथ अपनी धर्म कर्म से जुड़े रहने और गौ, गंगा तथा गीता के महत्व को समझने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सत्य, अहिंसा, परोपकार और साधना को आत्मसात करना ही धर्म का सच्चा पालन है। साथ ही, सनातन धर्म के सिद्धांतों के माध्यम से विश्व शांति स्थापित करने का संदेश दिया। इसमें श्रद्धालुओं कोभक्ति, विश्वास, और समर्पण के महत्व को समझाया।

# प्रदेश की बीजेपी सरकार द्वारा हजारों निर्माण मजदूरों के पंजीकरण को ब्लॉक करने के खिलाफ निर्माण मजदूर-कारीगरों ने गोहाना रोड़ पुल के नीचे हरियाणा सरकार का पुतला दहन किया

**केसरिया हिंदुस्तान नजीर हुसैन ब्यूरो चीफ जींद हरियाणा**



तुरंत सरकार से इन ब्लॉक किए गए पंजीकरण को बहाल करने की मांग की। पुतला दहन से पहले मजदूर भवन में इन मजदूरों की बैठक की गई और प्रदर्शन करते हुए गोहाना रोड़ पर पहुंचकर पुतला दहन किया जिसका नेतृत्व भवन निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा के राज्य अध्यक्ष कॉमरेड सुखबीर सिंह, सीटू राज्य प्रधान सुरेखा, जिला सचिव कपूर सिंह, कोषाध्यक्ष संदीप जाजवान ने किया। इस मौके पर राज्य अध्यक्ष कॉमरेड सुखबीर सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार का भ्रष्टाचार खुलकर सबके सामने आया है लेकिन भ्रष्टाचार कि सजा निर्माण मजदूरों को अपना पंजीकरण रद्द करवाने के रूप में भुगतनी पड़ी है। उन्होंने कहा कि हमारी यूनियन लंबे समय से बोर्ड से मिलने वाले लाभ व 90 दिन की वेरिफिकेशन में फैले भ्रष्टाचार को उजागर करती रही है। विभाग की ओर से अधिकारियों व भ्रष्टाचार करने वालों पर कार्यवाही करने की बजाए कल्याण बोर्ड से अकेले जींद जिले के 32 हजार मजदूरों का पंजीकरण ब्लॉक कर दिया है। उन्होंने कहा कि एक झटके में 32 हजार निर्माण के मजदूरों को बोर्ड से मिलने वाले लाभ से वंचित कर दिया है, जो सीधे तौर पर मजदूरों के अधिकार पर हमला है। जिसके कतई सहन नहीं किया जाएगा और 28 जनवरी को हरियाणा के श्रम मंत्री के आवास पर अम्बाला में प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि सरकार जातीय और धार्मिक साम्प्रदायिक पैदा करके लोगो के वोट ठगती है और बाद में इसी जनता के खिलाफ काम करती है जो अब साबित हो गया। हरियाणा के विधानसभा के चुनाव मे भाजपा ने स्त्रह्यष और ह्यष के नाम पर वोट लेने के बावजूद भी श्रम कल्याण बोर्ड से मिलने वाले लाभ से एक झटके मे पंजीकरण परमानेंट बंद करने के बाद वँचित कर दिया! आगे उन्होने कहा की इस कार्यवाही के पीछे राज्य सरकार व निर्माण मजदूर कल्याण बोर्ड पिछले 10 सालों से रोजाना मजदूरों के खिलाफ निर्णय कर रहा है पहले 90 दिन की वेरिफिकेशन का अधिकार यूनियनों से छीना गया जिसके पीछे तर्क यह दिया गया कि करप्शन बढ़ रहा है जबकि ये सच नहीं था, उसी समय अपना विरोध दर्ज करवाते हुए यूनियन का कहना था कि अब जिनको वेरिफिकेशन का अधिकार दिया गया है वो भ्रष्टाचार के अड्डे बनेंगे और यूनियन की बात यूनियन की बात सही साबित हुई है।